# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 5 मार्च 2025 बुधवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 282 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1699 : महाराजा जय सिंह ने अंबर का सिंहासन संभाला।
1949 : भारत में झारखंड पार्टी की स्थापना हुई।
1962 : कनाडा में आयकर नियमों में बदलाव किया गया।
1968 : मार्टिन लूथर किंग की हत्या।
1997 : उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच 25 साल में पहली बार शांति वार्ता हुई।
2002 : राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
2010 : भारत के प्रसिद्ध उद्यमियों में से एक जी.पी. बिड़ला का निधन।

# हमारी सरकार रांची से नहीं गांव से चलने वाली सरकार : हेमंत सोरेन

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस पर गिरिडीह में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन झामुमो के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पहुंचे। यहां सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि नीति आयोग ने देश के चार सर्वश्रेष्ठ राज्यों में झारखंड का नाम रखा है जो अपनी आर्थिक व्यवस्था को मजबूत कर रहा है। हमने यहां के गरीब, किसान, आधी आबादी को अपने पैरों पर खड़ा करने का संकल्प लिया है। सीएम हेमंत सोरेन ने लोगों को कहा कि अभी थोड़ा सा महिलाओं के खाते में पैसा जाने से रुका है। हमें पता चला है कि इतना बड़ा पैसा जो हम राज्य की आधी आबादी को दे रहे हैं, तो कुछ चालक, चतुर, लोमड़ी, भेड़िया लोग पीछे के दरवाजे से वह पैसा निकालने का काम कर रहा है। कई लाख लोग पुरुष, महिला के नाम पर पैसा निकालने का काम किया है। यह दुर्भाग्य की बात है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गिरिडीह झामुमो स्थापना दिवस समारोह में कहा कि आज राज्य को अपने पैरों पर खड़ा करने का संकल्प हम सब को लेना है। हम लोगों के लिए काम करे यहां चोर लोग चुरा कर ले जाए तो कैसे चलेगा, कैसे राज्य अपने पैरों पर खड़ा होगा। इसलिए हम अपील करते हैं कि ऐसा काम हम लोग नहीं करें कि राज्य को दलदल से निकालने में हमें युग-युग लग जाए। हमारा यह संकल्प है हम जल्द से जल्द इस राज्य के गरीब-गुरबा लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम करेंगे।

### केंद्र पर हमला, कहा- विकट परिस्थिति में देश

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज बहुत ही विकट परिस्थिति है। देश की राजनीती एक ऐसे मोड़ से गुजर रही है जहां देश के विकास को लेकर केंद्र सरकार को चिंता है न भय है। अभी देश की स्थिति अच्छी नहीं है। महंगाई आसमान छू रही है। सभी चीजों में टैक्स लगा। इतना टैक्स जो कभी जीवन में नहीं लगा। इसी महंगाई से बचने के लिए मंईयां सम्मान के नाम पर सहयोग देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य है लेकिन अब यह राज्य पिछड़ा नहीं रहेगा। इस राज्य को दलदल में धकेल दिया गया था, जिससे निकालने में हमें पांच साल लग गए। पांच साल में हम लोग इतने मजबूती से काम करेंगे की इस राज्य को कभी पीछे मुड़कर देखने का जरूरत नहीं पड़ेगा। सीएम हेमंत ने कहा कि हमारी सरकार रांची से नहीं गांव से चलने वाली सरकार है। यही कारण है अधिकारी गांव में जाकर यहां के लोगों की समस्या को दूर करने का काम कर रहे हैं। मंईयां सम्मान योजना का खाता के लिए, फॉर्म भरने के लिए कैम्प लगवाया गया। आने वाला समय में जाति, आय, निवासी प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए ऑफिस के चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। अधिकारी और कर्मी गांव में जाकर प्रमाण पत्र बनाएंगे। आज सभी बुजुर्ग को पेंशन मिलता है। हर व्यक्ति के लिए काम होगा। काम ऐसा होगा जो जनता को दिखेगा। केंद्र की सरकार जो बोलती है वह करती नहीं है लेकिन हम जो बोलते हैं वही करते हैं।



### नहीं देगा हक तो कोयला का ढेला भी नहीं उठेगा

सीएम हेमंत ने कहा कि भारत सरकार हमेशा से ही हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार करती है। केंद्र ने नाक रगड़ने पर भी आवास नहीं दिया तो हमने अबुआ आवास शुरू किया। आने वाले पांच साल में सब को आवास मिलेगा। सभी काम के लिए पैसा की आवश्यकता होती है। पैसा आने का भी व्यवस्था किया गया है। अभी तो एक ही डंडा चला है, अभी डंडा का असर मिलेगा। भारत सरकार के उपक्रम का जितना भी कोयला खदान चलता है उस उपक्रम से हम लोगों को एक लाख 36 हजार करोड़ मिलेगा। सीएम ने कहा कि जब तक यहां के लोगों का रैयत की मांग पूरी नहीं होगी एक ढेला कोयला नहीं जाएगा।

### भीड़ देखकर झलक गए कल्पना के आंसू

वहीं, कल्पना मुर्मू सोरेन ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह वही मंच है जहां एक साल पहले आपने मुझे रोते हुए देखा था। यह वही मंच हैं जहां सब थे, हमारे बड़े बुजुर्ग थे, सिर्फ एक व्यक्ति नहीं था वह था आपका बेटा हेमंत सोरेन लेकिन आज हेमंत हैं। घर का अभिभावक यदि घर में न हो तो परिवार क्या करता है। परिवार के बड़े लोग अभिभावक का फर्ज निभाते हैं। पिछली बार जनता ने यही साथ निभाया। गांडेय, गिरिडीह, झारखंड की जनता के लिए कल्पना सोरेन ऋणी है। झारखंड में किसी की सरकार रहेगी वह अबुआ की सरकार रहेगी। हमलोगों ने चुनावी समय में जो प्रण लिया था उसे पूरा करने में हेमंत सोरेन जुटे हैं। गिरिडीह - गांडेय के अलावा झारखण्ड पर्यटन के क्षेत्र में नया आयाम देने का काम किया जाएगा। धैर्य रखियेगा हरेक वादा पूरा किया जाएगा। गिरिडीह विधायक सह मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि जनता ने हेमंत सोरेन को 56 सीटों का बहुमत दिया, हेमंत पर यह भरोसा जताया है कि जो काम अधूरे रह गए हैं उसे पूरा करना है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जिस सोना झारखंड की कल्पना की थी वह सोना झारखण्ड धरातल पर उतारने का समय है। मैं आपको भरोसा देना चाहता हूं राजनीतिक साजिश करने वाले कितनी भी ताकत लगा ले लेकिन गिरिडीह के इस ऐतिहासिक झंडा मैदान से यह संदेश स्पष्ट है कि यह राज्य झारखंडियो सोच से चलेगा। सभा को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद ने कहा कि इसी मंच से राजनीतिक जीवन को कल्पना सोरेन जैसा सितारा मिला। हेमंत सोरेन की तरह कल्पना सोरेन को जनता का प्यार मिला। कल जब हेमंत सोरेन की सरकार ने बजट पेश किया तो झारखंडी होने का सबूत भी दिया।

# 10 सेकेंड में कोयले की 12 अवैध खदानें हुई ध्वस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** रामगढ़ के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में लगातार चौथे दिन अवैध कोयला खदानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में कोतरे जंगल में स्थित 12 कोयला अवैध मुहानों के ऊपर ड्रिल मशीन से 84 ड्रिल कर उसमें भारी मात्रा में बारूद भरकर उड़ाया गया। इस विस्फोट के दौरान पूरा क्षेत्र दहल गया। 2625 किलोग्राम ब्लास्टिंग सामग्री के उपयोग से 143 अवैध मुहानों, 11 सुरंगों को बंद किया गया। एक दिन पहले 21 अवैध मुहानों व 2 सुरंगों को बंद किया गया था। यह विस्फोट दो चरणों में किया गया। दोनों विस्फोट में पांच-पांच सेकेंड का समय लगा और सभी खदानें ध्वस्त कर दिया। विस्फोट से पहले अनाउंसमेंट कर लोगों को हटाया गया। इस कार्रवाई के दौरान आस पास के लोगों को अनाउंसमेंट कर हटा दिया गया था, ताकि कोई अप्रिय घटना नहीं घट सके। वहीं, पुलिस लगातार चार दिनों से अवैध खदानों को ध्वस्त करने के लिए कोतरे जंगल में दिन रात रहकर कोयला तस्करों के खिलाफ दबिश बनाए हुए थी।

### कोयला माफियाओं का था राज

जंगल के इन छोटे-छोटे पहाड़ों के नीचे माफिया कोयला खनन कर वर्षों से बेच रहे थे। जिला प्रशासन और पुलिस की इस कड़ी कार्रवाई से

> ■ **कार्रवाई से कोयला माफिया का साम्राज्य समाप्त होता नजर आ रहा**

कोयला माफियाओं का साम्राज्य समाप्त होता नजर आ रहा है। कार्रवाई में वन प्रमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, ओपी प्रभारी दीपक कुमार, सीसीएल सुरक्षा प्रभारी डॉ. बिमल कुमार आदि शामिल थे।

# बैद्यनाथ महोत्सव 6 से 8 मार्च तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** देवघर में आयोजित होने वाले राजकीय बाबा बैद्यनाथ महोत्सव-2025 की तैयारियों को लेकर डीसी विशाल सागर ने मंगलवार को समीक्षा बैठक की। तीन दिवसीय यह महोत्सव 6 से 8 मार्च तक केकेएन स्टेडियम में होगा। डीसी ने सभी विभागों के अधिकारियों को समन्वय से काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने विधि व्यवस्था, सुरक्षा, ट्रैफिक और आम लोगों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। महोत्सव में बैठने की व्यवस्था, भव्य पंडाल, अतिथि आवास, साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था की जाएगी।

# राज्य सरकारें सस्ता इलाज देने में नाकाम : सुप्रीम कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इस रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्यूपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच इस पर सुनवाई की। केंद्र ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं ताकि मरीजों का शोषण न हो। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें। कोर्ट ने केंद्र सरकार को गाइडलाइंस बनाने को कहा, जिससे प्राइवेट अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सके। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी राज्यों को नोटिस भेजा था। उड़ीसा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने जवाब दाखिल किए थे।

# युवक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिक्रमगंज थाना अंतर्गत करियवा बाल के समीप एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना लोगों को तब हुई जब स्थानीय लोग मंगलवार की सुबह करियवा बाल के तरफ घूमने गए। शव को देखते हीं स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। मृत युवक की पहचान बरना गांव निवासी सिंहासन सिंह के 25 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई। उसका शव बरना गांव से करीब 4 किलोमीटर दूर एक पेड़ के नीचे पाया गया। वहीं हत्या की सूचना आसपास के इलाकों में आग की तरफ फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।

# करें योग रहें निरोग : मुटुर पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने बताया कि करें योग रहें निरोग। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र कॉलोनी में विवेकानंद पार्क में वरिष्ठ समाजसेविका रेखा त्रिपाठी ने योग संस्थान का उद्घाटन करने के उपरांत कहा कि लोगों को जीवन में योग अपनाकर स्वस्थ रहने व दीर्घायु रहने का मंत्र दिया। योग भगवान शंकर के समय से ही विद्यमान है। योग व शाकाहारी को अपना कर एक स्वस्थ समाज की रचना कर सकते हैं। उपस्थित सभी ने इसे अपनाने की प्रतिज्ञा ली। मौके पर काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

# लालू प्रसाद को मैंने सीएम बनाया : नीतीश कुमार

## बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भड़के मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में काफी हंगामा हुआ। राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलने के दौरान पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार को जमकर कोसा। अपने पिता लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल 2005 से पहले की उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान उन्होंने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा पर भी निशाना साधा। दोनों डिप्टी सीएम ने भी पटलवार किया। इस दौरान सीएम नीतीश सदन में नहीं थे। तेजस्वी का वक्तव्य खत्म होने के बाद सीएम नीतीश कुमार सदन में आए। राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते वक्त सरकार की उपलब्धियां गिना ही रहे थे कि तेजस्वी ने बीच में टोक दिया। इस बात पर सीएम नीतीश कुमार सदन में ही भड़क गए। कहा कि तुम्हारे पिता को भी हमने ही बनाया था। इसके बाद विपक्ष हंगामा करने लगा। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 के पहले लोग शाम में घर से निकलने से डरते थे। सड़कें नहीं थीं। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। जो काम मैंने किया, आप लोगों ने नहीं। पहले



क्या स्थिति थी। पहले स्वास्थ्य व्यवस्था की कैसी हालत थी। पहले स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन में एक या दो मरीज आते थे। अस्पताल में दवाई की व्यवस्था करवाई। अब देखिए अस्पतालों में औसतन 11 हजार लोग आए। पहले छह मेडिकल कॉलेज था। हम आए तो नए-नए मेडिकल कॉलेज बनवाएं। इसपर तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया तो सीएम नीतीश कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि यह बच्चा है, इसे कुछ पता नहीं है। 2005 के पहले बिहार में कुछ नहीं था। तुम्हारे पिता को हमने ही बनाया है। वह जब आए थे, उस समय यह सब नहीं था। अरे, तुम्हारे जात वाले भी जो हमको जानते थे, वह कहते थे कि काहे के लिए यह सब कर रहे हैं। इसके बाद चार साल के बाद 1994 में हम अलग हो गए। 2005 में हमारी सरकार बनी तो कितना विकास हुआ। महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए कितना काम हुआ यह सब जानते हैं। सीएम नीतीश कुमार बोल ही रहे थे कि विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। सीएम ने कहा कि सरकार सभी जातियों एवं धर्मों के कार्यों के पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। प्रधानमंत्री का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की कामना है कि समाज में सद्भाव और बिहार विकास के पद पर अग्रसर रहे। विपक्ष भाग गया है इन्हें भी हम इसके लिए धन्यवाद देते हैं। यह लोग अंड-बंड बोलता रहता है। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।


एफएसएसएआई fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण Food Safety and Standards Authority of India

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

खाद्य पदार्थ बेचने वालों के लिए अच्छी खबर!

एफएसएसएआई पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ

28 सितंबर 2024 से प्रभावी

कौन हैं पात्र

कोई भी फ़ेरीवाला जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक (आमतौर पर पैदल या चलती गाड़ियों पर) यात्रा करके पैकेज्ड या ताजा तैयार भोजन बेचता है।

मुख्य लाभ

* नये आवेदन और नवीनीकरण के लिए कोई पंजीकरण शुल्क नहीं।
* उपरोक्त पंजीकरण 5 वर्षों के लिए वैध है।

आवेदन कैसे करें

* FoSCOS पोर्टल पर जाएँ [https://foscos.fssai.gov.in]
* हॉकर श्रेणी के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करें (उपयोगकर्ता मैनुअल: https://foscos.fssai.gov.in/user-manual)



अधिक जानकारी के लिए :
FSSAI का आदेश दिनांक 30-09-2024 देखें
हेल्पलाइन पर संपर्क करें :
1800112100, helpdesk foscos@fssai.gov.in

इंतजार नहीं करें

आज ही FSSAI में बिना किसी शुल्क के पंजीकरण कराएं

fssaiindia fssai fssai_safefood fssaiindia fssai_india

CBC 17163/11/0014/2425

# पूर्णिया में 200 हिंदू परिवार अपने ही घरों में कैद, डीएम से समाधान निकालने की गुहार

## रास्ते के विवाद को लेकर दो समुदाय में तनाव की स्थिति



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में रास्ते के विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मामला, बायसी थाना क्षेत्र के शर्मा टोली गांव का है, जहां रास्ता न होने से 200 हिंदू परिवार अपने ही घरों में कैद हो गए हैं। लोग पिछले 4 दशकों से निजी सड़क का इस्तेमाल कर अपने घरों तक आते जाते थे। हालांकि बाद में इस जमीन पर अपना दावा करते हुए एक समुदाय ने रास्ता बंद कर दिया। वहीं इस मामले को लेकर लोगों ने डीएम से रास्ते का समाधान निकालने की गुहार लगाई है।

### पूजा-पाठ करने से भी रोका जाता है

पीड़ितों का कहना है कि उन्हें कच्चे और खराब रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ता है। रास्ता न होने के कारण गांव में किसी की शादी हो पा रही है। साथ ही गांव में किसी की तबीयत अचानक से बिगड़ने पर उन्हें सही समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। इतना ही नहीं विशेष समुदाय पक्ष के लोग उन्हें पूजा-पाठ करने से भी रोकते हैं और धार्मिक अवसरों पर लाउडस्पीकर तक बजाने से रोका जाता है। सोमवार को हिंदू समाज से जुड़े सभी ग्रामीण अपनी समस्याओं के साथ डीएम कुंदन कुमार से मुलाकात करने पहुंचे। आवेदन सौंप रास्ते का विवाद सुलझाने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते की मांग को लेकर उन्होंने एसडीएम कोर्ट में फरियाद लगाई थी। एसडीएम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला भी सुनाया, लेकिन बाद में सिविल कोर्ट में फैसला बदल गया और विशेष समुदाय के पक्ष में फैसला आया। इसके बाद उनलोगों ने जिले के छ्ररूकुंदन कुमार को आवेदन देकर गांव तक जाने के लिए रास्ते की मांग की है।

### 12 डिसमिल जमीन के कारण 100 मीटर लंबा रास्ता बंद

ग्रामीण पुष्पा देवी, सुधा देवी, बिंद लाल शर्मा, सुमन कुमार ने बताया कि वो लोग पिछले चार दशक से भी अधिक वक्त से बायसी के शर्मा टोली गांव में रह रहे हैं। उनके इलाके के चारों तरफ मुस्लिम बस्ती है। उनके गांव तक जाने के लिए एक मात्र रास्ता है। इस पर विशेष समुदाय ने अपना दावा करते हुए रास्ता बंद कर दिया। महज 12 डिसमिल जमीन के कारण 100 मीटर लंबा रास्ता बंद हो गया है। उनका कहना है कि उन लोगों ने जमीन मालिक को रास्ते के लिए एक लाख रुपए भी दिए थे, लेकिन बाद में समाज के बढ़ते दवाब के कारण जमीन मालिक ने पैसा लौटा दिए। अब हालात ऐसे हैं कि गांव तक जाने के लिए चारों तरफ से रास्ता बंद कर दिया गया है। इसके कारण पिछले 6 महीने से उन्हें दूसरे रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। वो अपने ही घर में बंद हैं।

# भागलपुर में बदमाशों ने किसान को मारी गोली, घायल

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में सोमवार देर रात बदमाशों ने किसान मिथलेश कुमार को गोली मार दी। घटना, जिले के घोघा थाना क्षेत्र के कोडवार इलाके की है। मिथलेश खेत में चल रहे पटवन को देखने के लिए देर रात पहुंचा था। इसी दौरान बदमाशों ने उसपर फायरिंग कर दी। वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। फायरिंग की आवाज सुनकर घायल के परिजन मौके पर पहुंचे, इसके बाद घायल को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में तैनात डॉक्टर ने घायल को एक्स-रे करवाने के लिए भेजे, करीब एक दर्जन एक्स-रे कराया गया, लेकिन बुलेट का पता नहीं चल पाया। फिलहाल उनका इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है।

**छानबीन में जुटी पुलिस :** घायल मिथलेश ने बताया कि खेत में चल रहे पटवन को देखने के लिए गया था, अचानक से मेरे ऊपर गोली चलाई। जिसके बाद हम गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। तभी मेरे फुआ का बेटा आया। और उठाकर मायागंज अस्पताल पहुंचाया है।

उन्होंने आगे बताया कि किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। गोली मेरे पर क्यों चलाया मुझे पता नहीं। घायल के फुफेरे भाई ने बताया कि गोली की आवाज सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे इसके बाद मिथलेश अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ा हुआ था। उनको किसी तरह अन्य स्वजनों के साथ मिलकर मायागंज अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक-ट्रक की टक्कर में एक की मौत, दूसरा घायल

#### रोहतास में मैच देखकर घर लौट रहे थे दोनों, इलाज के दौरान गई जान

**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** रोहतास के काराकाट थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम बिक्रमगंज-डेहरी स्टेट हाइवे पर एक बाइक असंतुलित होकर ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान देवेंद्र चौधरी के इकलौते बेटे अंकित कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान और उनके ममेरे भाई शुभम राज के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मंगलवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम स्थित सदर अस्पताल भेज दिया।

**घर लौटने के दौरान हुआ हादसा :** परिजनों ने बताया कि दोनों युवक मैच देखने गए थे। वापस लौटते समय यह हादसा हुआ। अंकित ने इसी साल बीएससी की पढ़ाई पूरी की थी और एसएससी की तैयारी कर रहा था। शुभम राज बिक्रमगंज निवासी जितेंद्र चौधरी का बेटा है। उसे गंभीर चोटें आई हैं और उसका इलाज जारी है।

### बाढ़ में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल, सड़कों पर फैली गंदगी

#### सैलरी बढ़ाने की मांग, कहा- मजबूरन आंदोलन कर रहे हैं, कोई सुनने वाला नहीं



**पटना, एजेंसी।** बाढ़ नगर परिषद के 250 सफाई कर्मचारी वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। सोमवार से ही शहर में साफ-सफाई का काम ठप पड़ा है। सड़कों पर कचरा फैला हुआ है। गंदगी से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कर्मचारियों का कहना है कि पहले सफाई का बजट 19 लाख रुपए था। तब भी उनका वेतन कम था। अब बजट बढ़कर 45 लाख रुपए हो गया है। इसके बाद भी वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। कोई सुनने वाला नहीं है। मजबूरन आंदोलन करना पड़ रहा है। डस्टबिन और अन्य सामानों की खरीद में बड़ी मात्रा में कमीशन लिया जा रहा है। नाली सफाई, सामान्य सफाई और डोर-टू-डोर सफाई के नाम पर तीन अलग-अलग चरणों में लाखों रुपए निकाले जाते हैं। सफाई एजेंसी के रंजन कुमार ने बताया कि 250 सफाई कर्मचारियों को बिहार सरकार के मानकों के अनुसार वेतन दिया जाता है। 40 लाख रुपए प्रति माह के खर्च में वेतन के अलावा वाहनों का मेंटेनेंस, पेट्रोल और अन्य खर्च भी शामिल है। वहीं, कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार रजक ने कर्मचारियों को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लिखित रूप में लेंगे।

# होली पर बिहार के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला

**पटना, एजेंसी।** रंगों का त्योहार होली इस साल 14 मार्च को मनाई जाएगी. इस पर्व पर बिहार से बाहर रहने वाले लोग घर आते हैं. हालांकि ट्रेन में भीड़ के कारण टिकट नहीं मिल पाते हैं, जिस वजह से लोग घर नहीं आ पाते हैं. ऐसे में रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. पटना, दानापुर, छपरा और दरभंगा समेत कई स्टेशनों के लिए ट्रेन चलाई जाएंगी.

### होली पर बिहार के लिए स्पेशल ट्रेन

रेलवे की ओर से उधना-पटना के बीच होली स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी, जबकि वलसाड-दानापुर के बीच भी होली स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी चल रही है. इसके अलावे आनंद विहार से दरभंगा-रक्सौल से बरौनी-गोरखपुर से रांची के बीच भी होली स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी. रेलवे की ओर से उधना-पटना सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन 7 मार्च से 27 जून तक किया जाएगा.

### पटना-पुरी स्पेशल ट्रेन

होली को देखते हुए पटना-पुरी स्पेशल ट्रेन की अवधि विस्तार भी जून तक कर दी गई है. यह ट्रेन 8 मार्च से 28 जून तक चलाई जाएगी. पुरी से पटना वाले आने वाले यात्रियों के लिए यह ट्रेन प्रत्येक शनिवार को चलाई जाएगी. वहीं वलसाड-दानापुर के बीच भी स्पेशल ट्रेन का परिचालन 30 जून तक होगा. यह ट्रेन प्रत्येक सोमवार को वलसाड से और प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से चलाई जाएगी.

### छपरा-आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेन

छपरा से आनंद विहार के बीच भी बुधवार से स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी. आनंद विहार टर्मिनल से छपरा के लिए इस होली स्पेशल ट्रेन (संख्या 05114) का परिचालन प्रत्येक गुरुवार को होगा. इस ट्रेन में सामान्य श्रेणी के 6 कोच के अलावा 22 कोच होंगे. फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाई जाने से होली में यात्रियों को काफी सुविधा होगी. वैसे अभी पूर्व मध्य रेलवे और अन्य ट्रेनों की भी घोषणा करने वाली है. बहुत जल्द दिल्ली-मुंबई-कोलकाता से भी बिहार आने वाले होली स्पेशल ट्रेन की घोषणा की जाएगी. सीपीआरओ, पूर्व मध्य रेलवे सरस्वती चंद्र का कहना है कि बहुत जल्द ही आनंद विहार दरभंगा आनंद विहार से दानापुर नई दिल्ली से पटना के बीच भी होली स्पेशल ट्रेन की घोषणा की जाएगी. फिलहाल आनंद विहार से छपरा के लिए एक होली स्पेशल ट्रेन कल से चलाई जाएगी.



### उधना-पटना के बीच चलेगी ट्रेन

वहीं, इस ट्रेन की वापसी 8 मार्च से 28 जून तक करने का निर्णय लिया गया है. यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन पटना से प्रत्येक शनिवार और एक दिन उधना से शुक्रवार को परिचालित की जाएगी. पटना से यह ट्रेन प्रत्येक शनिवार को एक बज कर 5 मिनट पर रवाना होगी. वहीं उधना से शुक्रवार को सुबह 8:35 पर रवाना होगी. इस ट्रेन का ठहराव दीनदयाल उपाध्याय, आरा, बक्सर और पटना में दिया गया है.



### 150 साल पुरानी राधा-कृष्ण की मूर्ति और मुकुट गायब, जांच में जुटी पुलिस

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार के पोठिया थाना क्षेत्र के लालचंद्र गांव स्थित ठाकुरबाड़ी से 150 वर्ष पुरानी राधा-कृष्ण की अष्टधातु की मूर्ति चोरी हो गई है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी श्याम तिवारी ने बताया कि रात में जब वे जागे तो मंदिर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो राधा-कृष्ण की मूर्ति और चांदी का मुकुट गायब था। जिसके बाद उन्होंने तुरंत मंदिर कमेटी और पुलिस को सूचित किया। स्थानीय पंचायत समिति सदस्य और सेवादार अमरेंद्र माधव के अनुसार, यह बेशकीमती मूर्ति उनके पूर्वजों द्वारा स्थापित की गई थी। मूर्ति की वास्तविक कीमत का अनुमान लगाना मुश्किल है। घटना की सूचना मिलते ही पोठिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। अपर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार दल-बल के साथ जांच कर रहे हैं। उन्होंने जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। मौके पर भारी संख्या में भीर जुट गई है।

# लापरवाह थानेदार समेत तीन पुलिस अधिकारियों पर गिरी गाज, एसपी ने किया निलंबित

**बक्सर, एजेंसी।** बिहार के बक्सर में पुलिस कप्तान ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी समेत तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है. जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. एसपी ने इस कार्रवाई के जरिये यह स्पष्ट कर दिया है कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जिसके बाद अन्य पदाधिकारी भी सहम गए हैं. देर रात तक ग्रामीण सड़कों पर भी पुलिस पेट्रोलिंग करती नजर आ रही है.

### थानेदार समेत तीन पर गिरी गाज

बक्सर पुलिस की सोशल मीडिया हैंडल से यह जानकारी उपलब्ध कराई गई है कि डुमरांव अनुमंडल अंतर्गत तिलक राय के हाता ओपी के थाना प्रभारी लाल बाबू सिंह, यातायात थाने में तैनात पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार और सहायक अवर निरीक्षक नरेश कुमार चौधरी को कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया है. एसपी की इस कार्रवाई के बाद सिपाही से लेकर एसडीपीओ तक सतर्क हो गए हैं.

### लापरवाही बरतने के आरोप में एक्शन

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कर दिया है कि लापरवाही बरतने वाले किसी भी पुलिसकर्मी को बख्शा नहीं जाएगा. पिछले दिनों क्राइम



मीटिंग के दौरान ही उपस्थित पुलिस कर्मियों को एसपी ने सख्त निर्देश देते हुए स्पष्ट कर दिया था कि नागरिक सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले चाहे कोई भी अधिकारी हो, उनके ऊपर सख्त कार्रवाई होगी. जिसका असर सोमवार को देखने को मिला और तीन पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है.

### नए अंदाज में एसपी से लेकर थानेदार

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने जिले में शांति-व्यवस्था को कायम रखने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं. सतर्क बक्सर पुलिस, आठो पहर, शाम दोपहर समेत कई स्तर पर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. जिसका सकारात्मक परिणम भी आने लगा है. 24 म7 डायल 112 की टीम से लेकर, थानेदार, एसडीपीओ और खुद एसपी भी सड़कों पर देर रात दिखाई दे रहे हैं. जिसके कारण जिले में क्राइम कंट्रोल करने में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है.

# शादी के लिए एक घंटा की रिहाई, फिर दूल्हा गया जेल, जिसके अपहरण में लगी हथकड़ी उसी के साथ लिए सात फेरे

**सिवान, एजेंसी।** बिहार के सिवान में अनोखी शादी की चर्चा खूब हो रही है. दरअसल, यह शादी एक आम लड़की और कैदी में हुई. मामला जिले के गोरिया कोठी थाना क्षेत्र से जुड़ा बताया जा रहा है. इस शादी में पुलिस और वकील गवाह बने.

### प्रेम प्रसंग का मामला

बताया जा रहा है कि गोरिया कोठी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक लड़का का लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था. दोनों एक दूसरे को काफी पसंद करते थे, लेकिन दोनों के माता-पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे. दोनों ने भाग कर शादी करने का फैसला किया.

### प्रेमिका के अपहरण में जेल

एक साल पहले दोनों आपसी बातचीत के बाद कुछ दिन के लिए कहीं चले गए थे. भागने की तैयारी में थे तभी लड़की के परिजनों ने लड़का पर अपहरण का केस कर दिया. पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

### एक घंटा के लिए रिहाई

बताया जा रहा है कि यह मामला करीब 1 साल से न्यायालय में चला रहा है. दोनों पक्ष की सुनवाई



हुई और काफी बहस के बाद सोमवार को माननीय कोर्ट के द्वारा युवक को शादी के लिए एक घंटा के लिए जेल से रिहा किया गया.

### जमानत के लिए करेंगे अपील

इस पल के गवाह वकील और पुलिसकर्मी बने. यह शादी काफी चर्चा का विषय भी बना हुआ है. अनोखी शादी को लेकर न्यायालय का भी लोग खूब तारीफ कर रहे हैं. दूसरी तरफ वकील भी इसी शादी के आधार पर जमानत दिलाने की कोशिश करेंगे ताकि नव विवाहित जोड़ा अपनी नई जिंदगी शुरू कर सके. अधिवक्ता प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि लड़के और लड़की ने कोर्ट में आवेदन देते हुए अपील की थी कि हम दोनों अपनी शादी को हिंदू रीति रिवाजों के तहत स्थापित करना चाहते हैं. कोर्ट ने आदेश दिया कि एक घंटे के अंदर दोनों मंदिर में शादी करें और कोर्ट को सूचित करें. कोर्ट के आदेश पर शादी करायी गयी है.

### शादी के बाद जेल

जैसे ही न्यायालय ने यह आदेश दिया, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरोपी को न्यायालय परिसर में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में लाया गया. पहले से प्रेमिका मौजूद थी. दोनों की हिंदू रीति रिवाज से शादी हुई और फिर दूल्हा को जेल भेज दिया गया.

# पटना एयरपोर्ट से 43 जोड़ी फ्लाइट भड़ेंगी उड़ान

**पटना, एजेंसी।** बिहार में पटना एयरपोर्ट से अन्य शहर जाने को लेकर नया फ्लाइट शेड्यूल जारी कर दिया गया है. पहले पटना एयरपोर्ट से 39 जोड़ी फ्लाइट का परिचालन किया जा रहा था, उसको बढ़कर 43 जोड़ी किया गया है. पटना एयरपोर्ट से देवघर जाने वाले फ्लाइट को इंडिगो ने बंद करने का निर्णय लिया है. यात्रियों की संख्या कम होने के कारण ऐसा किया गया है, जबकि नए शेड्यूल में भुवनेशर दिल्ली कोलकाता और बेंगलूर के लिए एक-एक नई फ्लाइट दू गई है.

### होली से पहले यात्रियों को तोहफा

मौसम सही होने के कारण अब पटना एयरपोर्ट से फ्लाइट का परिचालन सुबह 7:10 से लेकर रात 11:25 तक होगा. इससे पहले फ्लाइट का परिचालन सुबह 9 बजे से रात में 9:20 तक ही होता था. होली नजदीक आते



ही एयरलाइंस कंपनी ने दिल्ली के लिए एक जोड़ी फ्लाइट को बढ़ाया है. पहले पटना दिल्ली के बीच 12 जोड़ी फ्लाइट उड़ान भरा करती थी, जिसे अब 13 जोड़ी कर दिया गया है.

### क्या है आखिरी फ्लाइट का टाइम?

वहीं मुंबई के लिए पहले की तरह 4, हैदराबाद के लिए 5, बेंगलुरु के लिए 6 से बढ़कर अब 7 जोड़ी फ्लाइट हो गए हैं. वहीं कोलकाता के लिए 3 से बढ़कर 4 जोड़ी फ्लाइट हो गए हैं पूरे कर के लिए रोजाना दो फ्लाइट हो गया है पटना एयरपोर्ट पर पहला विमान कोलकाता से सुबह 7:10 पर लैंड करेगा, जबकि आखिरी फ्लाइट पटना से बेंगलुरु जाएगी. जो रात में 11:00 बज कर 25 मिनट पर टेक ऑफ करेगी.

### कई नई फ्लाइट की हुई शुरूआत

बता दें कि दिल्ली के लिए पटना एयरपोर्ट से पहले फ्लाइट सुबह में 8:30 पर होगी जो 10:00 करीब दिल्ली पहुंचाएगी. नई फ्लाइट की अगर बात करें तो कोलकाता पटना के लिए इंडिगो ने नई फ्लाइट सेवा शुरू की है. वहीं चंडीगढ़ पटना और भुवनेश्वर के लिए इंडिगो ने एक फ्लाइट शुरू की है. स्पाइस जेट ने दिल्ली-पटना के लिए एक जोड़ी फ्लाइट को बढ़ाया है, इंडिगो ने भी पटना-बेंगलुरु की एक फ्लाइट को शुरू किया है.

### होली पर बिहार आने वाले यात्रियों के लिए राहत

वहीं होली को देखते हुए विमान कंपनियों ने पटना एयरपोर्ट से चार जोड़ी नए फ्लाइट की शुरुआत की है. जिसमें भुवनेश्वर, दिल्ली, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए एक-एक जोड़ी विमान को कल से परिचालित किया जाएगा. यानी पटना एयरपोर्ट पर जो शेड्यूल जारी किया है. वह 5 मार्च से लागू हो जाएगा. निश्चित तौर पर होली पर्व में बिहार आने वाले यात्रियों के लिए यह राहत की खबर है.

### अररिया की प्रज्ञा मेहंदी से बना रहीं बिहार का नक्शा, 18 मीटर लंबा होगा अनूठा मानचित्र



**अररिया, एजेंसी।** अररिया की एक युवा कलाकार प्रज्ञा ठाकुर ने बिहार के सांस्कृतिक धरोहर को एक अनूठे तरीके से प्रस्तुत करने का बीड़ा उठाया है। वह 18 मीटर लंबा बिहार का मानचित्र बना रही हैं, जिसमें राज्य के सभी 38 जिलों की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया जाएगा। कुर्साकाटा बाजार की रहने वाली प्रज्ञा अपने इस मानचित्र में स्थानीय साहित्यकार फणीश्वर नाथ रेणु और प्रसिद्ध काली मंदिर जैसी विरासतों को प्रमुखता से दिखा रही हैं। उन्होंने बताया कि पेंटिंग का शौक उन्हें अपने भाई से मिला, जो वर्तमान में सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं।

**मेहंदी से बनाती है पेंटिंग :** इस विशेष मानचित्र की खास बात यह है कि इसमें रंग भरने के लिए मेहंदी का प्रयोग किया जाएगा। प्रज्ञा के अनुसार इस कार्य में लगभग 8-10 किलो मेहंदी की आवश्यकता होगी। उनका लक्ष्य है कि बिहार दिवस से पहले इस कलाकृति को पूरा करके जिला प्रशासन की प्रदर्शनी में प्रस्तुत करें। प्रज्ञा की कलात्मक महत्वाकांक्षाएं यहीं नहीं रुकतीं। वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनकी एक प्रतिमा भेंट करना चाहती थीं। हालांकि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बदलाव के कारण यह संभव नहीं हो पाया।

# पलामू में व्यावसायिक खेती को मिलेगा बढ़ावा : उप विकास आयुक्त

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू में व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने मंगलवार को अपने कार्यालय में कृषि विभाग व अन्य संबद्ध विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पलामू में विभिन्न प्रकार की हो रही व्यावसायिक खेती की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मल्टीपल फॉर्मिंग के लिए किसानों को प्रेरित करने का निर्देश दिया। कहा कि कृषि व अन्य संबद्ध विभागों के समन्वय व सामूहिक प्रयास से पलामू कृषि के क्षेत्र में बेहतर कर सकेगा। उन्होंने वन-डिस्ट्रिक्ट वन-प्रोडक्ट की तर्ज पर वन-ब्लॉक वन-प्रोडक्ट को विकसित करने के लिए बेहतर कदम उठाने की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। कहा कि किसानों को पारंपरिक खेती से ज्यादा मुनाफा व्यवसायिक खेती में है। इसलिए उन्हें जागरूक व प्रेरित करते हुए आवश्यक सुविधा प्रदान किए जाने की आवश्कता है। उप विकास आयुक्त ने कलस्टर स्तर पर खेती को बढ़ावा दिये जाने का सुझाव दिया। कहा कि कलस्टर स्तर पर खेती को बढ़ावा मिलने से किसानों को आसानी से बाजार उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही कृषि उत्पादन का बेहतर मुनाफा मिल सकेगा। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी आदि कृषि विभाग से संबद्ध अन्य विभागों के पदाधिकारियों को अपने स्तर से संबद्ध किसानों का डेटा-बेस तैयार करने व किसानों का रजिस्ट्रेशन कराने निर्देश दिया। साथ ही सरकार की योजनाओं से अच्छादित करने की बात कही। कहा कि कौन-कौन से किसान किस खेती से जुड़े हैं, उनका डेटा-बेस तैयार होने से व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने में सहुलियत होगी। उप विकास आयुक्त ने पलामू के किसानों द्वारा स्ट्रॉबेरी, अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, संतरा, आम, मौसंमी आदि की खेती किये जाने की जानकारी प्राप्त करते हुए उनके मुनाफ़े का आकलन करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चियांकी के वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, जेएसएलपीएस के डीपीएम, एलडीएम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अखिल झारखण्ड छात्र संघ ने नव नियुक्त कुलपति दिनेश कुमार सिंह का किया स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार सिंह के कुलपति के तौर पर प्रभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को अखिल झारखण्ड छात्र संघ (आजसू) के प्रतिनिधिमंडल ने छात्र नेता अभिषेक राज के नेतृत्व में मुलाकात की साथ ही उन्हें गुलदस्ता, अंगवस्त्र व किताब देकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कुलपति ने सभी को धन्यवाद दिया। कहा कि नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए संकल्पबद्ध हैं। विश्वविद्यालय भवन को शैक्षणिक कार्य के लिए सुसज्जित करना पहला लक्ष्य है। छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से अपनी बातें रखी। कहा कि उम्मीद है कि अब जल्द से जल्द छात्र संघ का चुनाव नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय में कराये जायेंगे। कुलपति ने इस विषय में कहा कि वे अपने निजी सहायक से इस विषय में वार्ता कर जानने का प्रयास किया था कि छात्र संघ चुनाव आखिर क्यों 2016 के बाद नहीं हो सका है। कहा कि जल्द इसमें सकारात्मक पहल देखने को मिलेगी। अभिषेक राज ने कहा कि नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के छात्रों को नवनियुक्त कुलपति से काफी उम्मीदे हैं। आशा करते है कि उन उम्मीदों पर सकारात्मक पहल होगी। मौके पर सचिन सिंह, स्वास्तिक सिन्हा, नितेश दुबे, निखिल प्रकाश, छात्र उपस्थित थे।

# प्रशांत किशोर की उद्घोष सभा कल, जनसुराज पार्टी के नेताओं ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के साहनी मार्केट में मंगलवार को जन सुराज पार्टी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष डॉ केबी सिंह ने किया। वही, संचालन कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के भावी उम्मीदवार डॉ मंतोष कुमार साहनी ने किया। बैठक में जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर की प्रखंड के बाकरपुर मध्य विद्यालय के खेल मैदान में 06 मार्च को होनेवाली उद्घोष सभा की तैयारी की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जन सुराज पार्टी के प्रदेश महासचिव सह पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, जिला प्रभारी राघवेंद्र पाठक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। समीक्षा बैठक में उद्घोष सभा की सफलता के लिए उपस्थित नेताओं से विचार विमर्श कर जवाबदेही तय की गई। मौके पर विधानसभा प्रभारी प्रभात कुमार सिंह, प्रखंड प्रभारी डॉ फिरोज आलम, मो. इदरीश मियां, जय किशन दास, अभिनव कुमार सिंह , दिनेश यादव, विनय कुमार साहनी, डॉ विवेक रंजन, विनोद कुमार कुशवाहा, बबीता सिंह, विनोद राम, पवन यादव, चांदनी देवी, अनमोल उपाध्याय, सुधांशु कुमार, पउदय पासवान, दुन बहादुर सिंह, लखिन्द्र महतो, सौरभ कुमार बाजपेयी, कन्हैया कुमार, मो. सनाउल्लाह, दिवाकर कुमार, कृष्णा सहनी, कुलमणि मिश्रा, युवा नेता चुन्नीलाल कुमार, निखिल कुमार सिंह, अजीत मिश्रा, अरविंद कुशवाहा, ध्रुवनारायण सिंह, रामेश्वर यादव, भवन बैठा, रंजीत सहनी, नवल यादव, हरिशंकर सिंह, नितेश कुमार, डी एन सिंह सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

# बजट में विकास की ठोस योजना नहीं : अविनाश वर्मा

## कहा-अबुआ नहीं बल्कि यह है बबुआ बजट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान की अबुआ सरकार के द्वारा पेश किए गए अबुआ बजट में सिर्फ मईंया सम्मान योजना के अतिरिक्त कोई ऐसी योजना, प्रस्ताव या वादे नहीं है, जिसे अबुआ बजट कहा जा सके। अविनाश वर्मा ने वित्त मंत्री द्वारा सदन में 1,45,400 करोड़ रुपए के बजट पर कहा कि यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में 17000 करोड़ अधिक होने के बावजूद कोई ऐसी ठोस बात, छूट या कोई राहत नहीं दी गई है जो झारखंड की जनता के हित में हो। उन्होंने मईंया सम्मान योजना में 13363 करोड़ की राशि के साथ 200 यूनिट मुफ्त बिजली के लिए 5005 करोड़ 9 लाख रुपए के प्रस्ताव को लोक लुभावन माना। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार पिछले वर्ष की राशि का मात्र 60 से 65 प्रतिशत ही कुल योजना का खर्च कर पाई है। फिर नए बजट में राशि बढ़ाने के क्या फायदे।

वर्मा ने कहा कि गत वर्ष संपन्न हुए चुनाव में झामुमो, कांग्रेस व राजद के साथ सरकार में शामिल सभी दलों ने अपने-अपने घोषणाओं में कई आकर्षक घोषणाएं की थी। इसमें कांग्रेस पार्टी ने मुख्य रूप से 450 रूपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था। झामुमो सरकार की घोषणा पत्र में शिक्षित बेरोजगारों को 7000 से 5000 रुपए देने के साथ ही कई वायदे किए गए थे। मगर हेमंत सरकार द्वारा पेश किए गए इस बजट में अभी तक कोई भी ऐसी ठोस व राज्ययोनुमूखी कार्य झारखंड के लोगों को नहीं मिल पाया है। जिसके वे हकदार थे। ऐसे में यह बजट भी औपचारिकता के अतिरिक्त और कुछ नहीं। जबकि गठबंधन में शामिल सभी दलों की घोषणाओं का यह बजट एक प्रतिबिंब होना चाहिए था। जहां उन सबों ने झारखंड की जनता के साथ जो वादे किए थे उसका समावेश होना चाहिए था। हम कहा जा सकता हैं कि यह झारखंड सरकार द्वारा अबुआ बजट नहीं बल्कि बबुआ बजट है। इसे परिपक्व होने में वक्त लगेगा। अविनाश वर्मा ने कहा कि हम पलामू वासियों के लिए इस बजट में संतोष करने वाली बात सिर्फ इतनी है कि झारखंड सरकार के वित्त व संसदीय कार्य मंत्री के नाते बजट पेश करने वाले मंत्री राधा कृष्ण किशोर पलामू निवासी हैं जो हम सभी पलामू वासियों के लिए गौरव का विषय है।

# होली को लेकर टुण्डी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

## टुण्डी के लोग शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली को मनाएं: विशाल कुमार पाण्डेय



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**टुण्डी (धनबाद)।** टुण्डी थाना परिसर में होली को लेकर विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर आज़ मंगलवार को टुण्डी प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल कुमार पाण्डेय एवं अंचलाधिकारी की संयुक्त उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थित सदस्यों के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी ने होली जैसे पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील टुण्डी के लोगों से किया तथा संबोधित करते हुए कहा कि इस पर्व पर किसी की भी सम्मान में ढेस नहीं पहुंचाई जाएं ताकि विधि व्यवस्था संधारण में किसी भी तरह की खलल हो। वहीं अंचलाधिकारी जितेंद्र प्रसाद ने कहा कि टुण्डी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली को शांति पूर्वक मनाई जाएं आगे उन्होंने चेतावनी लहजे में खासकर उन शराबियों एवं हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जाएगी जो पर्व पर माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। वहीं टुण्डी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर उमाशंकर ने कहा कि किसी भी शर्त पर कानून को हाथ में लेने वालों पर पुलिस सख्ती से निपटेगी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल कुमार पाण्डेय, अंचलाधिकारी जितेंद्र प्रसाद, थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर उमाशंकर के अलावा सभी अवर निरीक्षक साथ ही शांति समिति के सदस्यों में सर्वश्री संजीव कुमार मिश्रा,लोलिन बास्की, बाबा मनीर मस्तान, अब्दुल रशीद अंसारी, अनवर अंसारी, संतूलाल किस्कू,अकरम हुसैन, तिलक मंडल समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# अबुआ राज के समग्र विकास में सूबे में पेश हुआ समावेशी बजट : अविनाश देव





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

मेदिनीनगर (पलामू)। झारखंड राज्य के नए वित्तीय वर्ष का बजट पेश हुआ। सबके चेहरे खुशी से पलाश के फूल की तरह खिल उठे। सच में अबुआ राज का बजट सबको होली का तोहफा लेकर आया है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कही। वे बेहतरीन प्रस्तुत बजट से उत्साहित विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा में जाकर अबुआ राज के मुखिया हेमंत सोरेन व वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एक लाख चौवालीस हज़ार चार सौ करोड़ के बजट में सबसे अधिक राशि आधी आबादी को देकर महिलाओं का सर्वाधिक सम्मान किया गया है। खेती, किसान, नौजवान, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार, खेल, पर्यटन, पेंशन, सबका ध्यान रखा गया है। इस बजट में कोई अपने को कमतर नहीं आंक सकता। इतने बेहतर बजट के लिए हेमंत सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को आभार जताया। उन्होंने वित्त मंत्री से आग्रह किया कि पलामू निवासी होने के नाते इस प्रमंडल में दो विश्वविद्यालय, तीनों जिलों में स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज, कृषि व वनोपज आधारित कारखाने व सिंचाई के समुचित प्रबंध किए जाएं ताकि पलामू प्रमंडल का पलायन रुके व रोज़गार के द्वार खुल सके।

# समाजशास्त्र विभाग में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा राम भवन राम यमुना प्रसाद होटल एवं रिसोर्ट, मोतिहारी में 'सिद्धांत और प्रैक्सिसः समाजशास्त्र को पुनः प्राप्त करना और पुनः बनाना' विषयक द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विवि के कलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव मुख्य संरक्षक और प्रो. सुनील महावर, अधिष्ठाता, सामाजिक कार्य विभाग' संरक्षक थे। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. सुजीत कुमार चौधरी 'विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग' व सह-संयोजक डॉ. स्वेता ' सहायक आचार्य, समाजशास्त्र विभाग और आयोजक सचिव श्री मृत्युंजय कुमार यादवेन्दु व डॉ. संजय कुमार 'सहायक आचार्य, समाजशास्त्र विभाग' थे। विशेष भाषण प्रो. मनोज कुमार जेना 'अध्यक्ष, सीएसएसएस, जेएनयू' ने प्रस्तुत किया। प्रो. जेना ने समाजशास्त्र के इतिहास और उसके वैचारिक विकास की चर्चा करते हुए बताया कि इस अनुशासन में सहयोग, संघर्ष, अनुकूलन व उनके आपसी संबंधों का अध्ययन किया जाता है। समाजशास्त्र में तथ्यों, मूल्यों और विचारधाराओं के आपसी संबंधों को समझने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला, जो समाजशास्त्र के समकालीन संदर्भ का हिस्सा हैं। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता को स्वीकार करते हुए कहा कि हमें सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से समाज की स्थिति को समझने की आवश्यकता है। प्रो. जेना के अनुसार, समाजशास्त्र में विभिन्न परतों को समझने के लिए यह जरूरी है कि हम ज्ञान को किस तरह से वैध मानते हैं, यह सवाल उठाया जाए। इस संदर्भ में, उन्होंने संरचनावाद व उत्तर - संरचनावाद जैसी महत्वपूर्ण विचारधाराओं का उल्लेख किया। यह भी कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी विकास, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीनों के प्रभाव से समाज में बड़ा बदलाव आ रहा है। उन्होंने बताया कि आजकल मशीनों के नियंत्रण के कारण हम लगातार निगरानी में हैं, जो समाजशास्त्र के अध्ययन को एक नया दृष्टिकोण प्रदान करता है। इससे यह सवाल उठता है कि कैसे तकनीकी प्रणालियां हमारे जीवन को प्रभावित कर रही हैं और किस तरह से यह हमारे आर्थिक और सामाजिक जीवन को पुनः आकार दे रही हैं। समाजशास्त्र में 'नए विचारों' और 'नए यथार्थ' को अपनाने की आवश्यकता को महसूस करते हुए, प्रो. जेना ने यह भी कहा कि समाजशास्त्र के अध्ययन को वर्तमान तकनीकी और सामाजिक परिवर्तनों के संदर्भ में पुनः आविष्कृत किया जाना चाहिए।

# कोविड़ -19 के दौरान की गई सामग्रियों की आपूर्ति के बिल भुगतान का मामला विधानसभा में गूंजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**टुण्डी (धनबाद)।** कोविड़ -19 के दौरान स्वास्थ्य विभाग धनबाद में विभिन्न संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों द्वारा निर्धारित दरों पर किए गए सामाग्री जैसे ऑक्सीजन सिलेंडर, दवा, परिवहन, सफाईकर्मी, जेनरेटर, भोजन आपूर्ति एवं पेशेंट किट का भुगतान अभी तक लंबित का मामला विधानसभा में गूंजा। झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह सतारूढ़ दल के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आपूर्तिकर्ता को अविलंब बिल भुगतान की मांग विधानसभा सत्र के शून्यकाल में उठाया और कहा कि सरकार को इस बिल भुगतान पर अविलंब संज्ञान लेना चाहिए ताकि भविष्य में इन संस्थानों के आपूर्तिकर्ता से सहयोग की उपेक्षा कर सके। साथ ही सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल मैथन में शौचालय निर्माण कार्य को अविलंब मुर्त रूप देने की मांग किया गया ताकि पर्यटकों को असुविधाओं का सामना करना न पड़े।


**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ मंडल अभियंता/3/हावड़ा]। ई-निविदा संख्या: 356_2024-25, दिनांक: 28.02.2025। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/नबद्वीप धाम के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/नबद्वीप धाम के खंड में बाघनापाड़ा, समुद्रगढ़, बालागढ़, सोमरा बाज़ार आदि पर टाइल बिछाकर प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाकर प्लेटफॉर्म का सुधार तथा गेट लॉज के चारों तरफ ग्रिल तैयार करने के प्रावधान सहित समपार फाटक लॉज की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,83,26,984.73। **बयाना राशि:** ₹ 2,41,600। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 06 (छः) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 21.03.2025 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा के सम्बन्ध में जमा बयाना राशि [ईएमडी] तथा निविदा दस्तावेज की कीमत [टीडीसी] का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये ही स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए जमा बयाना राशि के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-642/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने नकारा

## झारखंड को नई दिशा देने वाला बजट है: गणेश रवि







**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** अनुसूचित जाति परामर्शदात्री समिति बनने से झारखंड में सामाजिक बदलाव में आमूल चूल परिवर्तन आएगा। झारखंड में रह रहे सदियों से वंचित समुदायों के लिए झारखंड सरकार ने बजट में प्रावधान किया है। बजट से राहुल गांधी जी के सपने को सकार करने का पहल किया है। जिसकी जितनी संख्या उसका उतना भागीदारी जमीन पर उतरने के लिए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर जी ने कड़ी मशक्कत की है। आने वाले दिन में इसका सुखद परिणाम झारखंड के दलित समुदायों को मिलेगा। उक्त बाते दलित अधिकार मोर्चा के प्रदेश संयोजक गणेश रवि ने कही। श्री रवि ने कहा कि वित्त मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर जी जमीनी स्तर के नेता हैं। अपने अनुभव से बजट प्रस्तुत कर पूरे झारखंड को मान सम्मान और अधिकार के साथ एक नया रोड मैप खड़ा करने का कार्य किए हैं। बजट को जन जन को ध्यान रखकर प्रस्तुत किया गया है। यह बजट झारखंड को नई दिशा देगी। यह बजट सामाजिक न्याय का बजट है।

## अबुआ बजट झारखंड के विकास का प्रतिबिम्ब : हृदयानंद मिश्र

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर के द्वारा बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झारखंड प्रदेश कंग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र, एडवोकेट ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट झारखंड के चतुर्दिक विकास में एक नया प्रतिमान स्थापित करेगा चूंकि इस अबुआ बजट से समाज के हर वर्ग का समुचित विकास अंतर्निहित है। भैया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना एवं 200 यूनिट बिजली बिल माफ निर्वात गति से जारी रहेगा। श्री मिश्र ने कहा कि झारखंड के वित्त मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर जी ने 145400 करोड़ का बजट पेश किया है जो पिछले वर्ष से 17000 करोड़ ज्यादा है फल स्वरुप जनहित से जुड़े कई विभाग में राशि की वृद्धि हुई है जिससे झारखंड के जनमानस का चतुर्दिक विकास अवश्यंभावी है।

## दिशाहीन व विकास विरोधी है बजट : अमित तिवारी

मेदिनीनगर (पलामू। झारखंड सरकार का 2025 का बजट विकास विरोधी व दिशाहीन है। बजट में समाज के सभी वर्गों का ध्यान नहीं रखा गया है। हेमंत सरकार ने इस बजट को पेश करके दिखा दिया कि नौजवान, छात्र व विकास के प्रति कोई पहल नहीं की गई है। किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। झारखंड प्रदेश के लोगों की अपेक्षाएं इस बजट से ज्यादा थी। लेकिन झारखंड वासियों को सिर्फ ठगा गया। आम जनता से चुनाव के समय किया गया सारा वायदा झूठा साबित हुआ। 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था जो बजट में नहीं है। महिलाओं के स्वालंबन, रोजगार व विकास के लिए इस बजट में कोई चर्चा तक नहीं हुई। युवाओं के रोजगार के प्रति इस सरकार में कुछ भी ठोस पहल नहीं किया गया। समाज के सभी वर्गों को इस बजट के माध्यम से ठगा गया।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2024-25-30, दिनांक: 28.02.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस रखने वाले तथा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम सम्माननीय निविदादाताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा केस संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2024-25-30। कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के खाना-प्रधानखूँटा खंड में 2x25 केवी ओएचई सिस्टम के कार्यान्वयन से सम्बंधित ओएचई परिसम्पत्तियों के बाकी बचे कार्य का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹4,57,39,619.89। **बयाना राशि:** ₹ 3,78,700। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 02.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। **कार्य हेतु प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 45 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-361/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


CMYK

# पटना में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने की शहरी विकास परियोजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को बिहार की राजधानी पटना का दौरा कर नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), अमृत योजना, मेट्रो परियोजना और पीएम ई-बस सेवा सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। पटना स्थित राजकीय अतिथिशाला में आयोजित इस समीक्षा बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने मंत्री मनोहर लाल को विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान विभागीय मंत्री जिवेश कुमार, बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष पराशर, अपर सचिव वर्षा सिंह और विजय कुमार मीणा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**पीएमएवाई 2.0 के तहत बिहार को 50 हजार आवास**

मंत्री श्री लाल ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत बिहार को 50 हजार नए आवास निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। अगले पांच वर्षों में राज्य की आवश्यकताओं के अनुसार और वेरिफिकेशन प्रक्रिया के पश्चात अतिरिक्त मकानों का भी आवंटन किया जाएगा।

**पटना मेट्रो का पहला चरण अगस्त में होगा पूरा**

पटना मेट्रो परियोजना की समीक्षा करते हुए मंत्री ने बताया कि शहर के नागरिकों को जल्द ही मेट्रो सेवा की सुविधा मिलने लगेगी। पहले चरण में आईएसबीटी से मलाही पकड़ी तक 6.2 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन अगस्त 2025 तक शुरू होने की संभावना है।

**500 नई बसें और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 269.44 करोड़ रुपये जारी**

शहरी परिवहन को सुगम बनाने के लिए केंद्र सरकार ने राज्य के विभिन्न शहरों के लिए 500 बसों का आवंटन किया है। वहीं, स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन और प्रयोग हो चुके जल के पुनः उपयोग के लिए भारत सरकार ने 269.44 करोड़ रुपये जारी किए हैं। बैठक में मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र सरकार बिहार के शहरी विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए राज्य सरकार को हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

## स्क्रैप गोदाम से बदमाशों ने की नकदी समेत सवा लाख रुपये के सामान की चोरी

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** पटना-गया हाइवे पर मसौढ़ी थाना के तरपुरा के पास एक स्क्रैप गोदाम से बीते सोमवार की रात बदमाशों ने सोलह हजार नकदी व एक लाख रूपये का सामान लेकर फरार हो गये। इस संबंध में स्क्रैप गोदाम के मालिक जितु कुमार ने मंगलवार को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी है। इधर पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। घटना के विषय में बताया जाता है कि जितु कुमार का स्क्रैप की दुकान नगर के गंगाचक मलिकाना में स्थित है और उनका गोदाम एन एच-22 स्थित तरपुरा के पास है। जितु कुमार ने बताया कि रात में गोदाम बंद कर स्टाप घर चले गये थे। रात में गोदाम के पीछे से कुछ बदमाश गोदाम में घुस आये और गल्ला में रखा सोलह हजार नकद के अलावे बैट्री इनवर्टर के साथ कीमती जक व अन्य सामान को लेकर फरार हो गये।

## हथियार तस्कर कृष्णा राय गिरफ्तार

**दो लोकल मेड कारबाइन, देशी कट्टा सहित तीन हथियार बरामद**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारीशरीफ।** फुलवारीशरीफ के भूसौला दानापुर के पास पुलिस ने एक पुराना हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो लोकल मेड कारबाइन एवं एक देसी कट्टा भी बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और थाना ले गई। इसके पास से बरामद हुआ हथियार नक्सलियों के पास रहने वाला लोकल मेड कार्बाइन और देसी कट्टा है। सिटी एसपी पश्चिमी आर एस शरथ ने फुलवारीशरीफ थाना में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कृष्णा राय भूसौला दानापुर में सोमवार को हथियार का सप्लाई करने के लिए वहां पहुंचे हुए हैं। पकड़ा गया कृष्णा राय पिता दशरथ राय नौबतपुर का रहने वाला है। इसके खिलाफ कई आपराधिक मामले पहले से चल रहे हैं। इसका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। ऐसा सुनने में आया है कि वर्ष 1981 में एक हत्या के मामले में यह मनेर थाना से फरार था इसके अलावा इसके खिलाफ और कौन-कौन मामले हैं यह सब पता लगाया जा रहा है। कृष्णा पहले भी कई बार जेल जा चुका है। कृष्ण राय पर नौबतपुर थाने में दो हत्या और एक लूट का मामला दर्ज है। मनेर में हत्या मामले में भी पुलिस कृष्णा राय के नाम की जांच शुरू कर दी है। पुलिस गिरफ्तार कृष्णा राय से यह पता लगाने में जुटी है कि फुलवारीशरीफ के भूसौला दानापुर में वह हथियार का सप्लाई किसे करने आया था।

## देशी-विदेशी शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** होली पर्व आते ही शराब माफिया इन दिनों अपने क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं और लगातार झारखंड से ट्रेनों के जरिए विदेश शराब अन्यत्र डिलीवरी करने में लगे हुए हैं। वहीं कई मुसहरी से देसी शराब भी पालीथिन में भरकर डिलीवरी कर रहे हैं। ऐसे में एक्साइज पुलिस को भनक लगते ही लगातार गुप्त सूचना के आधार पर सत्यापन कर छापेमारी कर रही जहां मंगलवार को झारखंड से ट्रेनों के जरिए शराब लाने की सूचना पाकर पोठही रेलवे स्टेशन के पास छापेमारी की जहां पर पोठही रेलवे स्टेशन के नजदीक बैग में रखे 66 बोतल विदेशी शराब के साथ एक युवक की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार युवक का नाम दीपक कुमार उम्र 20 वर्ष पिता अशोक चौधरी पोठही का रहने वाला है। विभिन्न कंपनियों के 66 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई है। इसके अलावा पुनपुन बांध के समीप बेहरावां चकिया से ई रिक्शा और स्कूटी से बोरी में बंद कर पॉलिथीन में भरा हुआ देसी शराब को ले जा रहे दो युवकों को दबोचा गया है जिसमें जैकी कुमार पिता सरयू मांझी 60 लीटर स्कूटी सहित और रामकुमार पिता रामनाथ साव युवक से 150 लीटर ई रिक्शा सहित जो पटना का रहने वाला है। गिरफ्तार किया गया है। देसी शराब बेहरावां चकिया से पटना ले जाने की तैयारी में था। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि होली पर्व को लेकर इन दिनों एक्साइज पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## सौ दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन जागरुकता भागीदारी अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा घोषित 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन-जागरुकता भागीदारी अभियान के तहत सेन्ट्रल सुपर स्पेयिलिटी हॉस्पिटल, पूमरे, पटना में डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में जन जागरुकता के तहत ओ.पी.डी. परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में टी.बी. बीमारी के इलाज एवं बचाव के संबंध में जागरुक रहने एवं अन्य जानकारियां उपस्थित सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को दी गई। इस अवसर पर डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक द्वारा स्वास्थ्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे टी.बी. से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं उन्मूलन कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। इस पांचवें संस्करण में डा. अरविंद कुमार ओझा, डा. संध्या किरण, डा. संजय कुमार गुप्ता एवं डा. कौशल कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक, सी.एस.एस.एच, पटना के द्वारा विस्तृत रुप से टी.बी. के बारे में बताया गया। इस सेमिनार में बहुत बड़ी संख्या में मरीज तथा उनके परिजन, पारामेडिकल कर्मचारी एवं इस अस्पताल के अन्य चिकित्सक भी शामिल हुए। मरीजों द्वारा टी.बी. बीमारी के बचाव एवं इलाज से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का जबाव उपस्थित चिकित्सकों द्वारा सेमिनार में दिया गया।

## विकसित भारत युवा संसद महोत्सव, पटना में होगा जिला स्तरीय आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 के तहत पटना नोडल जिला में जिला स्तरीय आयोजन होने जा रहा है। इस महोत्सव का आयोजन मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी विश्वविद्यालय, पटना में मार्च में होगा जिसमें पटना, नालंदा और अरवल जिलों के युवा भाग लेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर होगी। चयनित प्रतिभागियों को नई दिल्ली में संसद भवन में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलेगा जहां वे नीति-निर्माताओं और राष्ट्रीय नेताओं से संवाद करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक एवं एनएसएस समन्वयक डॉ. निखिल आनंद गिरि ने बताया कि 18-25 वर्ष के युवा 9 मार्च 2025 तक 'माई भारत पोर्टल' पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया के तहत, युवाओं को 'विकसित भारत का आपके लिए क्या अर्थ है?' विषय पर 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा। वीडियो स्क्रीनिंग के बाद अधिकतम 150 प्रतिभागियों को जिला स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का अवसर मिलेगा। वे 'वन नेशन, वन इलेक्शनः विकसित भारत के मार्ग की ओर' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। प्रतिभागिता हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि 9 मार्च 2025 है जबकि आयु सीमा 18 से 25 वर्ष (24 फरवरी 2025 को गणना अनुसार होगी। चयन प्रक्रिया के तहत माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण एवं 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना अनिवार्य है। चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। शीर्ष 10 प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा। यह आयोजन 'विकसित भारत @ 2047' विजन के अनुरूप है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रस्तुत किया था। इसका उद्देश्य युवाओं को नीति-निर्माण और नेतृत्व की दिशा में प्रेरित करना है। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध वीडियो देख सकते हैं या मेल पर संपर्क कर सकते हैं।

## होली में हुड़दंगियों की खैर नहीं, 500 लीटर देसी शराब नष्ट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** होली में इस बार हुडंदंगियों की खैर नहीं होगी क्योंकि जैसे-जैसे होली पर्व नजदीक आ रही है वैसे-वैसे विभिन्न थाना स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है। ऐसे में ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस लगातार विभिन्न मुसहरी में छापेमारी कर रही है। मंगलवार को पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी और केवड़ा थाने में संतोष कुमार के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर छापेमारी की गई जहां पर पुनपुन में श्रीपालपुर में छापेमारी के दौरान 500 लीटर अर्द्ध निर्मित महुआ देसी शराब को नष्ट किया गया है जबकि केवड़ा में दो दर्जन से अधिक भट्ठियों धवस्त करने की कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार एक ऑपरेशन के तहत चलाए जाएंगे। खासकर होली पर्व को देखते हुए जगह-जगह पर सभी पुलिस पदाधिकारी के द्वारा देसी शराब की भट्ठियों में छापेमारी की जा रही है ताकि होली पर्व शांति से संपन्न हो सके।

## एनटीपीसी ने 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह में 'सुरक्षा प्रथम' प्रतिबद्धता को किया सुदृढ़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एनटीपीसी लिमिटेड, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी ने पटना स्थित अपने पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को उत्साहपूर्वक मनाकर सुरक्षित और संरक्षित कार्य वातावरण बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों ने सुरक्षा को प्राथमिकता देने के कंपनी के निरंतर प्रयासों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जतायी। इस अवसर पर पूर्वी क्षेत्र-1 के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सुदीप नाग ने सभी उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा-शपथ दिलाया एवं सभी से अपने दैनिक कार्य संस्कृति में सुरक्षा जागरूकता को अपनाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में श्री नाग ने उन्नत सुरक्षा उपायों और सक्रिय रिपोर्टिंग प्रणाली को अपनाने के महत्व पर जोर दिया, ताकि दुर्घटनाओं और निकट-चूक की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा एनटीपीसी को हमेशा अपनी सुदृढ़ सुरक्षा परंपरा पर गर्व रहा है। हम मजबूत आईटी-सक्षम रिपोर्टिंग तंत्र के माध्यम से पारदर्शिता और निकट-चूक की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं। मैं आप सभी से अपेक्षा करता हूं कि आप एक दुर्घटना मुक्त कार्यस्थल के लिए अपनी जिम्मेदारी को और भी सक्रियता से निभाएं। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) दीपक रंजन देहुरी और महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) मैथ्यू ई. कोवूर, विश्वनाथ चंदन सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों और सहयोगियों की उत्साही भागीदारी देखी गई जिसने सुरक्षा के प्रति कंपनी की सामूहिक प्रतिबद्धता को और भी मजबूत किया। एनटीपीसी के प्रचालन उत्कृष्टता की अपनी निरंतर यात्रा में सुरक्षा हमेशा से एक प्रेरक भावना का एक मुख्य स्तंभ रहा है। कंपनी सुरक्षित और उत्पादक कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्तरीय सुरक्षा मानकों और नवोन्मेषी तकनीकों को लागू करने में निरंतर प्रयासरत है।

## होली गीतों के साथ हुई स्वच्छता की बात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नगर निगम स्वच्छता जागरूकता तथा स्वच्छता सर्वेक्षण टीम द्वारा बोरिंग रोड के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास वाले क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें होली गीतों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता गीत गाते हुए पटना के सभी लोगों को और विशेष कर महिलाओं को प्रेरित किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अवश्य भाग लें ताकि पटना की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हो। कार्यक्रम में डॉ बिंदा सिंह, डॉ पूनम चौधरी, श्वेता सुरभि, डॉ शचि गुंजन, अरुणिमा, स्मिता पाराशर, आरती रति, उषा सिंह, पल्लवी विश्वास, नीलम, अंजना और कंचन सहित अनेक महिलाओं ने भाग लिया और स्वच्छता के संकल्प को दोहराया। प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉक्टर बिंदा सिंह ने कहा कि स्वच्छ मन के लिए स्वच्छ तन का होना जरूरी है।

## स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर खिलाई गई बच्चों को कृमिनाशक गोली, एक लाख बच्चों का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत मसौढ़ी में मंगलवार से संस्कृत मध्य विद्यालय में बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिला कर इसकी शुरुआत की और बताया कि पेट में कीड़े होने से बच्चे अनिमिया का शिकार हो जाते हैं जिससे बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता है जिससे बच्चों में सदैव थकावट रहती है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज ने बताया कि मसौढ़ी में एक लाख 58 हजार बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल यानि पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों और पंजीकृत स्कूलों, ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों और घुमन्तू लोगों को दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी कारण आज जो बच्चे दवा नहीं खा पाए हैं उनको आगामी 7 फरवरी को मॉपअप राउंड में खिलाई जाएगी। शिक्षक, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को यह दवा अपने सामने ही खिलाने के निर्देश हैं। 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा पीसकर पिलानी है जबकि 3 वर्ष से ऊपर के बच्चों को यह दवा चबाकर खानी है एवं किसी भी बच्चे को दवा उनके अभिभावकों को नहीं देंगी। अपने सामने दवा खिलानी होगी।

## 400 बछड़ों को गौ ज्ञान फाउंडेशन ने किया रेस्क्यू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ स्थित बुढ़वा महादेव स्थान जहां महाशिवरात्रि पर्व को लेकर चल रहे मेले में मन्नत मांगने के बाद छोड़े गए गाय, भैंस के बछड़ों के लिए गौ ज्ञान फाउंडेशन संजीवनी बन गया है। दरअसल पर्व त्यौहार के मौके पर पूजा पाठ के बाद मन्नत मांगने के लिए गाय के बछड़े और भैंस के बछड़े को कान काटकर छोड़ देने की सदियों काल से परंपरा रही है। ऐसे में वह बछड़े लावारिस पशु की तरह इधर-उधर भटकते रहते हैं। कभी बीमार होकर मर जाते हैं या फिर पशु तस्करों के हाथ लग जाते हैं। ऐसे में इन सबों पर रोक लगाने के लिए गौ ज्ञान फाउंडेशन संस्था आगे आई और इन लावारिस पशुओं के लिए संजीवनी बन गई है। गौ ज्ञान फाउंडेशन के सचिव योगेंद्र सरोहा दिल्ली, ने बताया कि पिछले 10 सालों से यह फाउंडेशन काम कर रहा है जो चंदन ध्यान गौशाला बांका में सभी छोड़े हुए गाय के बछड़ों को आश्रय दिया जाता है।

## इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय मुजफ्फरपुर एवं शाखा कार्यालय कहलगांव द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय मुजफ्फरपुर द्वारा मेसर्स एचबी रिटेल में तथा शाखा कार्यालय कहलगांव द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को इएसआइसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा एवं नकद हितलाभ को लेकर जागरुक किया गया। बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज प्राप्त कर पाने की माध्यमों व किसी दुर्घटना के कारण, बीमारी या मातृत्व अवकाश पर रहने की स्थिति में वेतन नुकसान के कारण इएसआइसी द्वारा दी जाने वाली नकद हितलाभ के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबन्धक एवं अन्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान वैसे संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों उन पर लागू हो जाती है और इसके अंतर्गत उन कर्मचारियों को परिवार के आश्रित सदस्यों के साथ पूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा नकद हितलाभ प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

## धनरूआ उप प्रमुख अविश्वास प्रस्ताव में आया नया मोड़

**अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले 21 मार्च को प्रमुख कार्यालय में करें हस्ताक्षर**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के उप प्रमुख प्रेम कुमार पर अविश्वास प्रस्ताव मामले में एक नया मोड़ आया है। दरअसल प्रखंड प्रमुख बबीता देवी ने प्रखंड पदाधिकारी एवं अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले सभी पंचायत समितियों को 21 मार्च को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने की बात कही है। दिए गए पत्र के आलोक में प्रखंड प्रमुख बबीता कुमारी ने कहा है कि उपप्रमुख के ऊपर अविश्वास प्रस्ताव हेतु विशेष बैठक बुलाने के लिए अनुरोध किया गया है जबकि कुछ पंचायत समितियों के द्वारा दी गई अविश्वास प्रस्ताव का विरोध पत्र भी मुझे समर्पित किया गया है। इस आवेदन से यह प्रतीत हो रहा है कि कुछ पंचायत समितियों को बहला-फुसला कर हस्ताक्षर कराया गया है। अनुरोध है कि अगर उप प्रमुख के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहते हैं तो प्रमुख एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष 21 मार्च 2025 को प्रमुख कार्यालय में उपस्थित होकर समाने अपने-अपने हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करें।

## पटना में जैन भगवान मल्लीनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के मीठापुर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान मल्लीनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक बड़े ही उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि भगवान मल्लीनाथ स्वामी जैन धर्म के 19वें तीर्थंकर हैं और उनका जन्म इक्ष्वाकु वंश में हुआ था। उन्होंने अपने जीवनकाल में जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन किया और लोगों को जैन धर्म के मूल्यों के बारे में जागरूक किया। भगवान मल्लीनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक उनके जीवन के अंतिम चरण को दर्शाता है जब उन्होंने अपने शरीर को त्याग दिया और मोक्ष प्राप्त किया। यह तिथि जैन समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जहां वे भगवान मल्लीनाथ स्वामी की महिमा का गुणगान करते हैं और उनके जीवन और संदेश को याद करते हैं। इस अवसर पर पटना के सभी दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक, पूजा किया गया तथा निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान किए गए। जैन समुदाय के लोगों ने भगवान मल्लीनाथ स्वामी की महिमा का गुणगान किया और उनकी कृपा और आशीर्वाद की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। एम पी जैन ने बताया कि भगवान मल्लीनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक हमें उनके जीवन और संदेश को याद दिलाता है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और उनकी शिक्षाओं को फैलाना चाहिए। मौके पर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि भगवान मल्लीनाथ का गर्भ, जन्म, तप एवं केवलज्ञान स्थली पौराणिक मिथिलापुरी जी है।

## जेल परिसर में पेड़ कटाई मामले पर एसडीएम ने लिया संज्ञान, अंचलाधिकारी से कराई जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिना परमिशन लिए हुए मसौढ़ी जेल के बाहरी परिसर में पेड़ों की कटाई मामले में अनुमंडल प्रशासन ने संज्ञान लिया जहां अनुमंडल पदाधिकारी ने मंगलवार को अंचलाधिकारी को पेड़ कटाई मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे जहां अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने जेल परिसर में पेड़ों की हुई कटाई की जांच कर उन्होंने बताया कि दो सूखे हुए पेड़ और एक हरे पेड़ की कटाई की गई है जिसकी जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी को दी गई है। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने बताया कि बिना परमिशन लिए पेड़ कटाई मामले में जेल सुपरीटेंडेंट से कारण पृच्छा की गई है और वन विभाग को इस पर पूरे मामले की गहन जांच करते हुए कार्रवाई करने को कहा गया है। बहरहाल यह तो जांच का विषय है कि किसके आदेश पर पेड़ों की कटाई की गई है, लेकिन सरकार की पायलट प्रोजेक्ट योजना के तहत वृक्ष बचाओ अभियान चलाया जा रहा है वही सरकारी पदाधिकारी भी नियमों को ताक पर रखकर पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। हालांकि सूत्रों से मिली खबर के अनुसार पेड़ कटाई होने के बाद साक्ष्य को छुपाने का भी प्रयास किया गया है।

संपादकीय

# असमंजस में जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बीच वाशिंगटन के ओवल हाउस में हुई तल्ख मुलाकात के बाद कई सवाल उठ रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि जेलेंस्की का रवैया सही नहीं था तो दूसरी तरफ खुद अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति को माफिया कूटनीति का नाम दिया जा रहा है, जिसका मकसद माफियाओं की तरह अड़ीबाजी करके दूसरे देशों के खनिज संसाधनों पर जबरिया कब्जा करना है। जेलेंस्की और ट्रंप की बहुप्रतीक्षित मुलाकात पर सारी दुनिया की नजरें लगी थीं। उम्मीद थी कि पूर्वी यूरोप में तीन साल से जारी रूस यूक्रेन युद्ध थमेगा और शांति का कोई रास्ता निकलेगा। लेकिन बातचीत का जो वीडियो सामने आया है और दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच जिस तल्खी से बात हुई है, उससे इस युद्ध ग्रस्त क्षेत्र में जल्द शांति की संभावना कम ही लगती है। हालांकि यह बातचीत विफल होने पर सबसे यादा खुश रूस ही है। क्योंकि वह खनिज संसाधन सम्पन्न यूक्रेन के उत्तरी हिस्से पर पहले ही कब्जा कर चुका है। वैसे भी सैन्य तथा आर्थिक क्षमता के हिसाब से यूक्रेन की ताकत सीमित है, जबकि रूस अभी भी कुछ साल और लड़ सकता है। जाहिर है कि बगैर अमेरिका की मदद के यूक्रेन यादा दिनों तक युद्ध जारी नहीं रख सकता और उसे युद्ध से बाहर निकलने या फिर शांति की स्थिति में स्थायी सुरक्षा की गारंटी चाहिए। क्योंकि भविष्य में रूस बाकी यूक्रेन को निगलने की कोशिश नहीं करेगा, इसकी गारंटी कोई भी नहीं दे सकता। केवल उस स्थिति को छोड़कर कि यूक्रेन पूरी तरह अमेरिका के आगे सरेंडर हो जाए या फिर रूस की दादागिरी को स्वीकार कर ले। दरअसल रूस यूक्रेन युद्ध इक्कीसवीं सदी का सबसे यादा लंबा चलने वाला युद्ध है। इतना ही नहीं, यह आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ लड़ा जाने वाला युद्ध भी है। जिसमें लड़ाई की परंपरागत परिभाषा को भी बदल दिया है। अब तक अमेरिका रूस की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ यूक्रेन की मदद करता रहा है। लेकिन ट्रंप ने इसे सौदेबाजी का रूप दे दिया है और वो रूस से प्रतिद्वंद्विता की जगह उसे दोस्त बनाकर अपना हित साधना चाहते हैं। ट्रंप की इस रीति नीति से समूचा यूरोप भी चिंता में है। उसकी चिंता यह है कि यदि रूस को यूक्रेन में नहीं रोका गया तो बाकी पश्चिमी देश में भी युद्ध और विनाश के लपेटे में आ जाएंगे। वैसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पश्चिमी देश बहुत हद अमेरिका पर निर्भर हो गए हैं। फिर चाहे पैसे की बात हो या हथियारों की या फिर तकनीकी कौशल की। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद इन देशों के उपनिवेश स्वतंत्र होने के बाद वो पैसा भी बंद हो गया, जो उन्होंने तीन सदियों तक लूट के अपने देशों को अमीर बनाया था। अगर पश्चिमी देशों को अमेरिका की सैनिक व आर्थिक मदद रूक गई तो वो अकेले अपनी दम पर खुद की और यूक्रेन की रक्षा कितनी कर पाएंगे,कहना मुश्किल है। उधर जेलेंस्की के सामने अपने देशवासियों को जवाब देने और अपनी कुर्सी बचाने की चुनौती भी है। कोई भी इकतरफा समझौता यूक्रेन को विनाश और अपमान की तरफ धकेलेगा। यदि यूक्रेन हथियार नहीं डालता है तो यूरोप के देश तमाम आश्वासनों के बावजूद कब तक यूक्रेन के साथ खड़े रहेंगे, कहना मुश्किल है। क्योंकि वो खुद अमेरिका और परोक्ष रूप से रूस के दबाव में हैं। यह भी सही है कि ट्रंप जिस तरह माफिया स्टाइल में इस मामले को सुलझाना चाहते है, वह शैली समूची दुनिया के लिए नई है। ऐसे में ट्रंप अपने उद्देश्य में कितना सफल होंगे और खुद अमेरिकी उन्हें कहां तक झेलेंगे, यह देखने की बात है।

# भारतीयों का अमेरिका से निर्वासन विवाद

**20 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ लेने के बाद अमेरिका से अवैध घुसपैठियों को निकाले जाने की खबरें भारत और दुनिया में प्रमुखता से छप रही हैं। यह स्वाभाविक है कि श्री डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को निकालने की अपनी नीति का शुरू से ही खुला ऐलान किया और इसे कभी भी छिपाया नहीं है। यह उनकी वैचारिक ईमानदारी भी है कि उन्होंने कुछ मतों के नुकसान की चिंता न करते हुये चुनाव अभियान के बीच अपनी बात को साहसपूर्वक कहा है। यद्यपि अमेरिका से भारत और अन्य देशों से अवैधानिक प्रवासियों को निकालने के कार्य उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों के कार्यकाल के दौरान भी होते रहे हैं। जो बाइडेन के 4 वर्षीय कार्यकाल के दौरान भी लगभग 16 हजार भारतीय अमेरिका से वापिस भारत भेजे गये थे। परंतु इसकी चर्चा देश व दुनिया के मीडिया में कम हुई। क्योंकि एक तो जो बाइडेन ने इसे अपना नीतिगत मुद्दा नहीं बनाया और न ही कभी ऐसे सार्वजनिक बयान दिये है, वह बगैर बोले निकालते रहे। दूसरा इसलिये भी कि भारत के प्रतिपक्ष के नेताओं का विरोध नीतियों से कम व्यक्ति से यादा होता है। हर बात को वे व्यक्ति के साथ जोड़कर देखते हैं, उनका विरोध न नीतिगत होता है और न निष्पक्ष। और न ही राष्ट्रीय और नैतिक आधार पर होता।**

**रघु ठाकुर**

चूंकि वे भारत में श्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका में ट्रंप के व्यक्तिगत खिलाफ है अतरू उनका लक्ष्य केवल व्यक्ति होता है। भारत में वैश्वीकरण की औपचारिक शुरुआत केंद्र में कांग्रेस के ही कार्यकाल में ही हुई थी। परंतु उसके मूल अपराधी स्व. नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह थे और उसी वैश्वीकरण की नीति को आगे बढ़ाने वाले स्व. अटल बिहारी वाजपेयी उनके लिये श्रद्धा के पात्र हैं, परंतु उसी नीति को आगे ले जाने वाले श्री नरेन्द्र मोदी उनकी नजरों में आर्थिक अपराधों हालांकि उनकी भेदभावपूर्ण प्रतिक्रिया से शायद इसलिये देश प्रभावित नहीं होता।

अब दुनिया में आबादी इतनी बढ़ चुकी है कि कोई भी देश अपने देश में बाहर की आबादी को रहने-सहने को तैयार नहीं है। केंद्र सरकार और उनकी पार्टी तो बांग्लादेशी रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ को कई दशकों से राजनैतिक मुद्दा बनाये है, हालाँकि वह इन मुद्दों पर वोट तो लेती है, पर करती कुछ नहीं है।डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद जब अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश किये गये भारतीयों को निकाला जाना शुरू हुआ तो हमारे देश के मीडिया ने और प्रतिपक्षी दलों ने इसे आलोचना का मुद्दा बनाया। संसद में भारी हंगामा हुआ, बहिष्कार हुआ तथा घुसपैठियों को हथकड़ी और जंजीर डालकर अमेरिकी विमान से भारत में पंजाब प्रांत में लाकर अमेरिकी सेना अधिकारियों द्वारा छोड़ने की इस आधार पर आलोचना हुई कि यह राष्ट्रीय अपमान है। यह बात सही है कि, भारत सरकार को दूरदृष्टि की नीति से पहले ही आवश्यक कदम उठाने थे, तथा बेहतर होता कि भारत के सत्ताधीश पहले ही भारतीय विमान भेजकर भारतीय घुसपैठियों को वापिस ले आते तथा उन्हें भारत में दंडित करते। पर दूसरा भी पक्ष है कि ये अवैध घुसपैठिये अमेरिकी कानून के अनुसार अपराधी हैं, उन्हें देश से निकालने के उनके



अमेरिका अपने नियम कायदे हैं। अपने सुरक्षागत नियमों के पालन के आधार पर ही श्री लालकृष्ण आडवाणी जो पूर्व गृहमंत्री थे और स्व. जार्ज फर्नांडीज विदेश मंत्री के जूते मौजे उतरवाकर जांच की थी। शायद यह परंपरा पहले भी रही हो।

अधिकांश भारतीय जो अमेरिका में घुसपैठ होकर गये हैं, वे कनाडा और मैक्सिको की सीमा से घुसपैठ किये गये हैं। मैक्सिको की सीमा पर जाने के लिये कनाडा बीच का स्टेशन जैसा है। देश में कई ऐसी एजेंसियां सक्रिय हैं जो न केवल फर्जी पासपोर्ट बनाने में संलग्न हैं। कई ट्रेवलिंग एजेंसियां भी हैं जो भारत में लोगों से भारी पैसा लेकर अवैध प्रवासी या मानव तस्करी के प्रति आश्वस्त करती हैं और उन्हें कनाडा, मैक्सिको भेज देती हैं। इनके बारे में देश के सत्ता या प्रतिपक्ष ने कभी कोई शिकायत नहीं की, अब जब अमेरिका से डिपोर्ट होकर भारत भेजा गया है तब डिपोर्ट किये लोग इन ट्रेवलिंग एजेंटों के खिलाफशिकायत दर्ज करा रहे हैं। इन एजेंटों के खिलाफभारतीय दण्ड संहिता धारा 313 के तहत कार्यवाही होनी चाहिये। जो लोग इन एजेंटों को भारी पैसा देकर पासपोर्ट बनवाकर गये थे इनके खिलाफभी कार्यवाही होनी चाहिये।

ट्रंप ने तो अमेरिका संशोधित आदेश पर हस्ताक्षर कर दिये थे जिसके अनुसार गैर अमेरिकी नागरिकों के अमेरिका में बचों को जन्म देने पर उन बचों को अमेरिकी नागरिकता नहीं दी जायेगी यह प्रावधान था, हालाँकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इसे अभी रोक दिया है, पर यह तय है कि ट्रंप शासन इन घुसपैठियों को चाहे वे भारत के हों या बाहरी अब अमेरिका से बाहर निकालेगा। अमेरिकी प्रशासन ने यह भी बदलाव किया है कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद भी अमेरिका में नहीं जा सकेंगे। हालाँकि 26 फरवरी का एक और आदेश श्री ट्रंप ने जारी किया है, जिससे 44 करोड़ रुपये देने वालों को, तत्काल वीजा दिया जायेगा। श्री ट्रंप का कहना है कि अमेरिका योग्य व रोजगार देने वाले को भी नागरिकता देगा। बहरहाल ये विषय भी चर्चा व बहस के हैं।

यह प्रवासी अमेरिका के अलावा कनाडा, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन आदि इन 20 देशों में भी नहीं जा सकेंगे जो अमेरिका की वीजा नीति (वीसा नीति) का पालन करते हैं। भारत से अवैध रूप से गये इन प्रवासियों के विरुद्ध भारत में भी पासपोर्ट अधिनियम 1967, आयकर अधिनियम 1967, सीमा शुल्क अधिनियम 1962, एमीग्रेसन अधिनियम 1983 के तहत कार्यवाही हो सकती है, यह अलग बात है कि वोट के लालच में केंद्र और राय सरकारें यह कार्रवाई करें, या न करें। अमेरिकी कार्रवाई का असर यूरोप के देशों पर भी हुआ है और यूरोप के देश भी अवैध घुसपैठ के खिलाफसक्रिय हुये हैं। ब्रिटेन और जर्मनी ने भी बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासियों को पकड़कर निकालना शुरू किया है और अभी यूरोप के देशों में होने वाले चुनावों में भी अवैध घुसपैठियों को निकालने का मुद्दा एक प्रमुख और निर्णायक मुद्दा बन रहा है। ब्रिटिश गृहमंत्री कूपर ने तो घोषणा कर दी है कि अब हम नियमों का सख्ती से पालन करेंगे। जर्मनी के प्रतिपक्ष के नेता फेडरिच मार्टिन ने तो कहा है कि जर्मनी में 20 लाख से यादा अवैध प्रवासी हैं, उन्हें वह सत्ता में आने पर निकालेंगे। भारत को अब यह मान लेना चाहिये कि जो भारतीय अवैध प्रवासी के रूप में देश के बाहर किसी भी देश में गये हैं वे अंतरराष्ट्रीय कानून के दृष्टिकोण से कानूनी अपराधी हैं। और उन्हें कभी न कभी वापिस आना होगा।भारत को स्वतः भी अपनी सीमाओं, संस्कृति और अर्थव्यवस्था को बचाने भारत में आये अवैध घुसपैठियों को निकालना होगा। जो अवैध प्रवासी अमेरिका में गये हैं वे भारतीय और अमेरिकी कानून के हिसाब से अपराधी तो हैं ही बल्कि डंकी रूट से गये हुये ये लोग अमेरिका में बने रहने के लिये जो तर्क दे रहे हैं वे राष्ट्र के सम्मान को गिराने वाले हैं। कुछ आवेदन दे रहे हैं कि वे भाजपा या कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं और इस कारण से भारत में उनकी जान को खतरा है। कुछ कह रहे हैं कि अंतरधर्मी प्रेम शादी के कारण उनकी जान को खतरा है, कुछ लोग अपने परिवार पर भारत में हुये हमले की कहानी गढ़कर अमेरिका में बने रहना चाहते हैं और कुछ लोग भारत के अपने गांव में सामाजिक, धार्मिक दंगों का बहाना बनाकर अमेरिका में शरण चाह रहे हैं, यहां तक कि कुछलोगों ने तो अमेरिका में रहने के लिये दिये गये आवेदनों में यह भी लिखा है कि कोरोना काल में उनका सब कुछ बर्बाद हो गया है, उन पर भारी कर्ज है, भारत सरकार ने मदद नहीं की वे वापिस जायेंगे तो साहूकार उनकी जान ले लेंगे आदि-आदि। क्या ऐसे लोग अमेरिका में बसने के लिये अपनी मातृभूमि को बदनाम करने को लाचार हैं और किसी दया के पात्र हैं। क्या ये राष्ट्रविरोधी नहीं हैं? ऐसे लोगों की हिमायत करना भी राष्ट्रीय सोच नहीं है। भारत को इन लोगों को देश वापिस लाकर इनके विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई करनी चाहिये। भारत में आये हुये जो घुसपैठिये हैं उन्हें सख्ती के साथ वापिस भेजना चाहिये। यह भारत सरकार और समूची भारतीय राजनीति का राष्ट्रीय दायित्व है और अमेरिका तथा यूरोप में हो रही कार्रवाई भारत के लिये अवसर भी है। श्री नरेन्द्र मोदी जी तो आपदा में अवसर खोजने के विशेषज्ञ हैं। देखें वे, इस आपदा में अवसर खोजते हैं या नहीं?

अध्यात्म

## लगन और मेहनत ही जीत की कुंजी

सफल होने के लिए लगन और मेहनत ही जीत की कुंजी है। अर्जुन एक बड़ा ही तेज बालक था। वह किसी भी कौशल को बड़ी आसानी से सीख लेता था। अभी वह नवीं कक्षा में पढ़ रहा था। परंतु, अपनी उम्र के हिसाब से बड़ा ही चंचल था। जो भी पढ़ता वह झट से समझ लेता। गणित हो या विज्ञान, उसे समझने में समय नहीं लगता। परंतु, वह अपनी पढ़ाई को समय ही नहीं देता था। थोड़ी देर पढ़ने बैठता, फिर तुरंत उसे कोई और चीज याद आ जाती। फिर वह पढ़ाई छोड़कर कभी टीवी देखने चले जाता तो कभी अपने पिता के फोन पर गेम खेलने लगता। कुछ नही तो कंप्यूटर पर गेम खेलने लगता। उसकी माता उससे कहती, बेटा खेलना ही है तो जाकर मैदान में कोई खेल खेलो। कम से कम तुम्हारा स्वास्थ्य तो अछा रहेगा। पढ़ते तो हो नही, कम से कम सेहत पर तो ध्यान दो। जब भी उसके माता-पिता उसे कुछ समझाने के लिए कहते तो वह चिढ़ जाता। उसके इस व्यवहार से उसके माता-पिता बहुत दुखी रहने लगे। नवीं कक्षा की अर्धवार्षिक परीक्षा हुई। अर्जुन को केवल 45त्न अंक प्राप्त हुए। पिता ने उसे समझने की कोशिश की ओर वह किसी को सुनने को तैयार नही था। उसे यही लगता कि यह सब मुझे गलत समझते है। वह अपनी गलतियों को देख नही पा रहा था और माता पिता और शिक्षकों को गलत समझने लगा। यह केवल अर्जुन की बात नही है। इस उम्र में कई बचों के साथ ऐसा होता है। परंतु, यह व्यवहार और सोच उन बचों के लिए हानिकारक है। कुछ दिन बाद, दुर्गा पूजा की छुट्टियां हुई। अर्जुन अपनी माता के साथ अपने नाना नानी के घर चला गया। वहां जब अर्जुन के नाना ने अर्जुन की माता से पूछा, अर्जुन की पढ़ाई कैसी चल रही है? तब उसकी माता ने अफसोस जताते हुए कहा, पिताजी! मैं तो इसके जीवन जीने के तरीके से ही परेशान हूं। ना पढ़ता हैऔर ना खेलकूद ही करता है। दिन भर केवल कंप्यूटर, फोन या टीवी पर लगा रहता है। अर्धवार्षिक परीक्षा में केवल 45त्न अंक आए हैं। अगले वर्ष दसवीं की परीक्षा है। जाने क्या करेगा? अर्जुन यह सब बातें सुनकर, वहां से चला गया। अगले दिन जब अर्जुन सोकर उठता है, तब उसके नाना जी बगीचे में माली से बात कर रहे होते हैं। वे माली को बता रहे होते हैं की, किस पौधे को किधर लगाना है? क्या करना है? अर्जुन नाना जी सुंदर बंगवानी से बहुत प्रभावित था। वह अपने नाना जी के पास पहुंचता है और पूछता है, नाना जी! आप क्या कर रहे हैं? नाना उसे बताते हैं कि, बचे! नए फूलों के पौधे लगा रहा हूं। अर्जुन कहता है, खेती या फुलवारी की सबसे अछी बात यही है की, पौधा लगा दो। बीज लगा दो। फिर कुछ दिन के बाद फूल-फल निकल आते हैं। नानाजी हंसते हुए अर्जुन से कहते हैं, क्या तुम स्कूल में नाम लिखवा लेने से और किताबें खरीद लेने से परीक्षा में पास हो जाते हो? या परीक्षा में बैठ जाने भर से क्या तुम्हें अछे अंक मिल जाते हैं, नहीं ना? अर्जुन विस्मय में आकर कहता है, नहीं तो! नाना जी हंसते हुए कहते हैं, बेटा! बिल्कुल इसी तरीके से इतनी आसानी से फल फूल नहीं आते। जैसे तुम रोज पढ़ते हो। हर पाठ को पढ़कर उसे याद करते हो। तब जाकर परीक्षा में अछे अंक आते हैं।उसी प्रकार बागवानी हो या खेती हो, इसमें भी केवल बीज या पौधे को लगा देने से फल फूल नहीं आते। प्रतिदिन पानी देना पड़ता है। धूप छांव से बचाना पड़ता है। खरपतवार घास इत्यादि उखाड़ने होते हैं। कीटों से इनकी रक्षा करनी होती है। बिल्कुल वैसे जैसे तुम्हारे माता पिता हर समस्या तुम्हारी रक्षा करते हैं। तुम्हे बीमार होने से बचाते हैं। गलत रास्ते पर चलने से रोकते है। पौधे जब पूर्ण रूप से विकसित हो जाते, तब सही समय पर फसल काटना होता है।

# 'राष्ट्र-प्रथम' है मोदी की विदेश नीति



**डॉ संजय मयूख**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का आह्वान अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत के भूमिका के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश नीति में क्रांति लाने के साथ-साथ उसे ऊर्जावान भी बनाया है, उन्होंने विदेश नीति के माध्यम से ना सिर्फ भारत के राष्ट्रीय गौरव को विश्व में स्थापित किया है बल्कि भारत को वैश्विक राजनीति के केंद्र में स्थापित किया है।

इसी दिशा में प्रधानमंत्री मोदी का फ्रांस तथा अमेरिका का दौरा कई मायनों में अहम् रहा, प्रधानमंत्री मोदी की नागरिक केन्द्रित कूटनीति में राष्ट्र-प्रथम की नीति प्रत्यक्ष रूप से परिलक्षित होती है। फ्रांस यात्रा के दौरान वैश्विक एआई सम्मलेन में प्रधानमंत्री मोदी ने सह-अध्यक्षता की तथा राष्ट्रपति मैक्रों एवं प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिकोणीय विकास के इरादे की संयुक्त घोषणा के साथ इंडो-पैसिफिक में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र के देशों के आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए आपसी सहयोग स्थापित करना है। भारत तथा फ्रांस ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (एसएमआर) और उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टरों (एएमआर) के संयुक्त विकास के माध्यम से परमाणु सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया, और सुरक्षित, खुले और सुरक्षित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति बनाई।

दोनों नेताओं ने सुरक्षित, संरक्षित और भरोसेमंद एआई सिस्टम के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए 2030 के सतत विकास एजेंडा को आगे बढ़ाने पर सहमती जताई, एआई क्षमता निर्माण पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना जिससे विशेषकर ग्लोबल साउथ के देशों को लाभ हो । भारत और फ्रांस द्वारा व्यापक संयुक्त बयान में भारत में स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के निर्माण में सहयोग में प्रगति की सराहना की तथा डीआरडीओ द्वारा विकसित एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) को पी75-स्कॉर्पीन पनडुब्बियों में एकीकृत करने और भविष्य की पी75-एएस पनडुब्बियों में एकीकृत लड़ाकू प्रणाली (आईसीएस) के संभावित एकीकरण के संबंध में किए गए विश्लेषणों की भी सराहना की।

कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा ने एआई, परमाणु ऊर्जा और वैश्विक स्थिरता पर महत्वपूर्ण समझौतों के साथ भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत किया। फ्रांस का मार्सिले शहर भारतीय इतिहास में महतवपूर्ण स्थान रखता है स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान वीर सावरकर का सम्बन्ध इस शहर से रहा है, यहाँ भारत का एक नया वाणिय दूतावास खुलना भारत और फ्रांस के बीच सिर्फ व्यापारिक रिश्ते ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक सम्बन्ध को भी प्रतिबिंबित करेगा।

अपने यात्रा के दुसरे पड़ाव में प्रधानमंत्री मोदी राष्टपति ट्रम्प से अमेरिका में मिले जहाँ अपनी द्विपक्षीय वार्ता के दौरान,



दोनों नेताओं ने एक स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता दोहराई, उन्होंने आसियान की केंद्रीयता, अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन और नौवहन की स्वतंत्रता के लिए अपने समर्थन पर जोर दिया, तथा क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए अपने साझा दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी बैठक के दौरान अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने की योजना पर बल देते हुए कहा कि दोनों देश नए दौर में नए सामरिक एवं व्यापारिक रिश्ते बनायेंगे । रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौ?द्योगिकी सहित सामरिक और सुरक्षा से जुड़े अहम् मुद्दों पर अमेरिका आज खुलकर भारत के साथ दिख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्टपति ट्रम्प के वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का ही परिणाम रहा कि 26/11 के मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वूर राणा को अमेरिका भारत को सौप रहा है इससे यह भी परिलक्षित होता है कि राष्टपति ट्रम्प अमेरिकी जमीन को भारत के खिलाफ इस्तेमाल नही होने देंगे यह सभी भारत विरोधी शक्तियों के लिए कडा सन्देश है।

वाशिंगटन में प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार में 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य रखा है। दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए मिलकर काम करेंगे। राष्टपति ट्रंप के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जहां अमेरिकी ट्रंप के ÷म्र्ब्न÷ नारे को मान्यता देता हैं, वहीं भारत ÷विकसित भारत 2047÷ को प्राप्त करने पर केंद्रित है। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल और गैस व्यापार को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

पिछ्ले दस वर्षों में वैश्विक राजनीति में भारत की बढती साख को देखते हुए राष्टपति ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए उन्हें महान नेता की संज्ञा भी दी और कहा कि, ÷वह भारत में बहुत अछा काम कर रहे हैं और उनके (पीएम मोदी) और मेरे बीच बहुत अछी दोस्ती है और हम अपने देशों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाना जारी रखेंगे।÷

भारत के दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस और अमेरिका यात्रा अत्यंत सफल रही जिसमे देश की उर्जा सुरक्षा, सामरिक रक्षा सहयोग, द्व के माध्यम से ज्ञान तथा विज्ञान के क्षेत्र में नई पीढ़ी के लिए नए अवसर, व्यापार को विस्तार देना तथा वैश्विक शांति के लिए मिलकर कार्य करना महत्वपूर्ण रहा।

**( लेखक सचेतक (भाजपा), बिहार विधान परिषद् एवं राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी, भारतीय जनता पार्टी हैं )**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आज का दिन आपके लिए उत्साह पूर्ण रहने वाला है। मित्रों के साथ भी आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**वृषभ**

आपका कोई प्रॉपर्टी से संबंधित मामला सुलझ सकता है। यदि कोई बात परेशान कर रही थी, तो आप उसको लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के लिए रहेगा। कोई बहुमूल्य वस्तु प्राप्त हो सकती है। आप अनावश्यक कामों पर अत्यधिक खर्च करेंगे।

**कर्क**

परिवार में आपको सोच समझ कर कोई बात कहनी होगी। आपका मन इधर-उधर के कामों में खूब लगेगा। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**

आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अछा रहने वाला है। आपको आपके कामों से अछी सफलता होगा हासिल होगी।

**कन्या**

जिम्मेदारियों को आसानी से पूरा करेंगे। परिवार के किसी सदस्य से यदि खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

**तुला**

आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। तकनीकी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कोई अछी सफलता हासिल हो सकती है। वैवाहिक जीवन में प्रेम बना रहेगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए उधार के लेनदेन से बचने के लिए रहेगा। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है।

**धनु**

आपको किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचना होगा। शुभ कार्यों पर आप अछा खासा धन खर्च करेंगे। किसी रुकी हुए डील के मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। माता-पिता का आपको पूरा साथ मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको अपने बिजनेस के कामों को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपकी कोई रुकी हुई डील फाइनल होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### केवीके के तकनीकी मार्गदर्शन में उन्नत टमाटर उत्पादन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृषि विज्ञान केंद्र मधोपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ सौरभ दुबे ने किसानों के खेतों का दौरा कर तकनीकी मार्गदर्शन में उगाए गए टमाटर फसल का अवलोकन किया। फसल वर्तमान में बेहतर स्वास्थ्य एवं भारी उत्पादन की अवस्था में है।जिससे किसानों को अच्छे लाभ की संभावना है।टमाटर की खेती में संकर प्रजातियों का चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, ड्रिप सिंचाई एवं जैविक कीटनाशकों का उपयोग किया गया, जिससे रोगों एवं कीटों पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया।वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. सिंह ने किसानों को समय-समय पर फसल की निगरानी करने एवं उचित पोषण प्रबंधन अपनाने की सलाह दी, जिससे उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि हो सके। केवीके, मधोपुर किसानों को उन्नत तकनीकों से जोड़कर उनके आय में वृद्धि के लिए निरंतर कार्यरत है।

### दाखिल-खारिज वाद की पुनः होगी सुनवाई

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दाखिल-खारिज वाद के वैसे मामले जिनको बिना किसी ठोस कारण से अस्वीकृत कर दिया गया है, उनके निष्पादन के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने नया दिशा-निदेश जारी किया है और इस तरह के मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देशित किया है. साथ ही सचिव ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि अंचल अधिकारियों द्वारा दाखिल-खारिज के जिन मामलों में मेरिट के आधार पर निरस्त नहीं किया गया है, वैसे मामले की अपील में हीं सुनवाई के दौरान भूमि सुधार उप समाहर्ता ने पहली ही तारीख को अंचल अधिकारी को पुनः सुनवाई का आदेश पारित करने का निर्देश भी दिया है.इसके साथ ही उनको कहा गया है कि अपील वाद को निष्पादित किया जाएगा. विभाग का मानना है कि कई छोटे-मोटे कारणों की वजह अंचल अधिकारियों द्वारा दाखिल-खारिज मामलों को अस्वीकृत कर दिया जाता है .आवेदन पत्र के साथ सुसंगत दस्तावेज लगाने, संलग्न दस्तावेजों के अपठनीय है. आवेदन भरने के समय गणितीय लिपिकीय भूल हो जाने, ऑनलाइन जमा जहां से स्कवाया या घटाया जाना है. जैसे कारणों से बड़ी संख्या में आवेदन अस्वीकृत होते हैं. ऐसे मामलों में 30 दिनों के भीतर डीसीएलआर के न्यायालय अपील का प्रावधान है. विभाग की समीक्षा में यह बात भी सामने आई कि भूमि सुधार समाहताओं द्वारा ऐसे मामले में बिना पर विचार किए लंबे समय तक लंबित रखा जाता है यह उचित नहीं है.

### पत्रकार को मातृशोक

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंचायत के वार्ड नम्बर 7 निवासी दैनिक अखबार के पत्रकार अनिल शर्मा की 75 वर्षीय मां कमला देवी का मंगलवार दोपहर निधन हो गया।जोलंबे समय से बीमार चल रही थीं ।उनके निधन कीखबर मिलते ही शोक संवेदनाओं का तांता लग गया तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों का आना-जाना शुरू हो गया।बड़ी संख्या में लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**मैनाटांढ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा पुलिस ने शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि 165 लीटर शराब के साथ पिराडी के बाला साहनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### सार्वजनिक शौचालय बंद किये जाने से परेशानी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के कचहरी रोड में बनाये गए डीलक्स शौचालय के अचानक बंद हो जाने से कचहरी में आए महिला पुरुषों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।वही इस संदर्भ में नगर परिषद के अधिकारियो को फोन करने पर वे अपना पल्ला झाड़ते नजर आए। कचहरी में आई खासकर महिलाओं को दूसरे के घर का सहारा लेना पड़ा। पुरुष भी इधर उधर भटकते नजर आए।दरअसल में मंगलवार को सार्वजनिक शौचालय को संचालक द्वारा अचानक बंद कर दिया गया।शौचालय में ताला मार दिया गया। इससे शौचालय जाने वाले लोग परेशान हो उठे।लोगो का कहना था कि आमजनों की सहूलियत को लेकर उक्त शौचालय का निर्माण कराया गया था।शौचालय प्रतिदिन खोला जाता है। लेकिन मंगलवार की सुबह से उसमें ताला जड़ दिया गया। इससे सभी परेशान हो उठे। मुहल्ले के राजकुमार, दिनेश कुमार, राजेश महतो, रामायण राम, विनय कुमार, राहुल कुमार आदि ने बताया कि नप द्वारा आमजनों के सहूलियत का ख्याल नही रखा जाता है। खासकर कचहरी रोड जैसे व्यस्त मार्ग में तो शौचालय के बंद होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि यह नगर परिषद की लापरवाही है। इधर नगर कार्यपालक पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार सिन्हा से शौचालय बंद होने को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि शौचालय बंद रहने से कौन सी आफत आ गयी है। इसे तूल मत दीजिए। एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि यह गंभीर मामला है। जांच कराई जा रही है।

### शहर में आज-कल भी बंद रहेगी बिजली

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के कई मुहल्लों में बुधवार व गुरुवार को भी बिजली बंद रहेगी। इस दौरान लोगों को परेशानियां हो सकती है। इस संबंध में शहरी सहायक विद्युत अभियंता शिव शंकर सिंह ने बताया कि नए फीडर निर्माण व मेंटनेंस कार्य को लेकर हॉस्पिटल फीडर में पांच व छह मार्च की सुबह सात बजे से 11 बजे तक बिजली बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान 11 केभी बड़हरिया व 11 केभी मैरवा फीडर में बिजली बंद रहेगी। उन्होंने बिजली कटौती के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था कर लेने की अपील की है।

### फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार

**सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को स्थानीय थाना ने कार्रवाई करते हुए शराब मामले में फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान गंगपुर सिसवन गांव निवासी झुना मलाह के रूप में हुआ है। गिरफ्तार आरोपी पर आगे की कार्रवाई करने के लिए मंगलवार को सिवान न्यायालय भेज दिया गया। इस संबंध में सिसवन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने जानकारी दी।

### मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी मंगलवार से अपने विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं जिसके चलते अंचल में राजस्व का कई कार्य बाधित हो गया है। बताते चले कि राजस्व कर्मचारियों द्वारा पूर्व से ही सरकार से कई अपने मांगे की जा रही थी मांग पूरी न होने के चलते मंगलवार से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं।

### निरस्त हुई कई ट्रेनें, कई के मार्ग बदले

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे प्रशासन द्वारा आधारभूत संरचना में विस्तार के क्रम में वाराणसी मण्डल के गोरखपुर कैंट-भटनी रेल खण्ड पर बैतालपुर-देवरिया सदर स्टेशन के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग के कमीशनिंग एवं नान-इण्टरलॉक कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण कई गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, निरस्तीकरण एवं पुनर्निर्धारण व नियंत्रण किया गया है.

# अंचल कार्यालय कर्रा का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

## नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा द्वारा आज अंचल कार्यालय कर्रा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति, उनके कार्यों की प्रगति, भूमि जमाबंदी, दाखिल खारिज, सर्टिफिकेट से जुड़े मामलों के निष्पादन एवं अंचल से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा अंचल में लंबित मामलों का त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवाएँ प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उपायुक्त ने हल्कावार समीक्षा करते हुए लंबित दाखिल खारिज के मामले, जाति, आवासीय एवं आय सर्टिफिकेट से संबंधित मामले एवं अन्य मामलों का निष्पादन निर्धारित समय पर करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी दाखिल खारिज या सर्टिफिकेट से सम्बंधित आवेदन को बिना किसी कारण



लंबित न रखे, प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय पर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। यदि आवेदकों के पर्याप्त दस्तावेज नही है, तो आवश्यक रूप से रिमार्क्स (कारण) लिखते हुए निर्णय लें। किसी भी परिस्थिति में बिना कारण बताए मामलों को रिजेक्ट न करें। आम जनता को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए कार्यालय व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर उपायुक्त ने जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करें। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री दीपेश कुमारी, अपर समाहर्ता श्री परमेश्वर मुण्डा, डीसीएलआर श्री अरविंद ओझा, अंचल अधिकारी श्रीमती वंदना भारती एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना से संबंधित बैठक सम्पन्न

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत सब्सिडी पर ट्रैक्टर समेत अन्य खेती के उपकरण मुहैया कराने के उद्देश्य से आज समाहरणालय खूँटी के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना से संबंधित बैठक किया गया। बैठक में समिति द्वारा उक्त योजना के लिए प्राप्त लाभुकों की सूची पर चर्चा कर सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इस योजना के लिए खूँटी जिला को विभाग की ओर से 30 लाभुकों का लक्ष्य प्राप्त था, जिसके आलोक में खूँटी जिला में शत प्रतिशत लाभुकों का चयन कर अनुमोदित किया गया है, जिन्हें सब्सिडी दर पर ट्रैक्टर समेत अन्य खेती के उपकरण मुहैया कराई जाएगी। उपायुक्त ने बैंको



को चयनित लाभुकों को ऋण देने में सहयोग करने को कहा। जिससे वह उक्त योजना का लाभ ले सके। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# किसान ग्रीष्मकालीन नेनुआ की करें बुवाई

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में सब्जी उत्पादक किसानों की संख्या अच्छी खासी है. सब्जियां सिर्फ हमारे आहार का स्वाद ही नहीं बढ़ाती बल्कि है सब्जियों से विभिन्न प्रकार के विटामिन, खनिज व फाइटोकेमिकल्स भी प्राप्त होते हैं. इससे शरीर को रोगों से बचाव के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त होती है. हाल के दिनों में नेनुआ (तोरई) की खेती भी महाराजगंज ग्रामीण क्षेत्रों में की जाती है जिसकी रोपाई का समय मार्च महीना अनुरूप है. इस संबंध में बीएओ कुंदन कुमार ने बताया कद्दू वर्गीय सब्जियों में तोरई (नेनुआ) महत्वपूर्ण सब्जी है. जिसे बड़े खेतों के अलावा छोटी गृह वाटिका में भी आसानी से लगाया जा सकता है. गर्मियों में नेनुआ की मांग बहुत होती है. इसलिए किसानों के लिए इसकी खेती करना बहुत लाभप्रद है. इसकी बुआई मार्च महीने में करनी चाहिए. नेनुआ फसल की अच्छी उपज के लिए सड़ी गोबर की खाद खेत की मिट्टी में मिलानी चाहिए. इसके अलावा नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश भी आवश्यकतानुसार डालनी चाहिए। नेनुआ की पूसा चिकनी, पूसा स्नेहा, पूसा सुप्रिया, काशी दिव्या, कल्याणपुर चिकनी आदि को उन्नत किस्मों में शामिल किया गया है. बुआई की विधि -नेनुआ की बुआई के लिए नाली विधि ज्यादा उपयुक्त मानी जाती है. खेत की तैयारी के बाद सबसे पहले लगभग ढाई से तीन मीटर की दूरी पर पैंतालीस सेंटीमीटर चौड़ी और 30 से 40 सेंटीमीटर गहरी नालियां बनाकर तैयार कर लेना चाहिए.

### एक फेरे में चलेगी आजमगढ़-डिब्रूगढ़ त्यौहार विशेष गाड़ी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु 05080 आजमगढ़-डिब्रूगढ़ त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन आजमगढ़ से 05 मार्च को 01 फेरे के लिये किया जायेगा.05080 आजमगढ़-डिब्रूगढ़ त्यौहार विशेष गाड़ी 05 मार्च को आजमगढ़ से 15.00 बजे प्रस्थान कर मऊ जं. से 16.35 बजे, बेलथरा रोड से 17.12 बजे, भटनी से 18.00 बजे, सीवान से 19.10 बजे, छपरा से 20.30 बजे, सोनपुर जं. से 21.40 बजे, हाजीपुर से 21.55 बजे, मुजफ्फरपुर से 22.50 बजे, समस्तीपुर से 23.57 बजे, दूसरे दिन बरौनी से 01.05 बजे, खगड़िया से 02.07 बजे, नौगछिया से 03.10 बजे, कटिहार से 05.50 बजे, इस गाड़ी में एस.एल.आर.डी. के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 तथा शयनयान श्रेणी के 14 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे.

# पांच अग्निपीड़ितों को दिया गया सहायता राशि का चेक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के पुरैनिया हरसरी पंचायत के मुखिया अजित कुमार दुबे उर्फ बाला दुबे के पहल पर पंचायत में अलग-अलग आगलगी की घटना में पांच अग्निपीड़ितों के बीच मंगलवार को अंचल प्रशासन द्वारा अनुदान अनुग्रह राशि का चेक दिया गया। इसमें बिजबनिया गांव निवासी अनिल कुमार चौबे,पुरैनिया निवासी बृजेश साह को 12-12 हजार रुपये का चेक दिया गया है। वही हरसरी गांव निवासी राजू पासवान, विनय तिवारी, धर्मेन्द्र पासवान को 9800 रुपये का चेक अंचल प्रशासन ने दिया है। मुखिया श्री दुबे बे बताया कि वर्ष 2022 में आगलगी की घटना घटी थी जिसमे पांच लोगों का घर व घर मे रखा सामान जल गया था। लेकिन उन्हें अंचल प्रशासन के तरफ से सहायता राशि नही मिल पाई थी। मुखिया ने बताया कि पांच में से तीन लोगों को अंचल प्रशासन द्वारा सहायता राशि का चेक दिया है। दो अग्निपीड़ितों को जल्द ही चेक देने को लेकर अंचलाधिकारी द्वारा आश्वाशन दिया गया है। वही वर्ष 2025 के जनवरी एवं फरवरी माह में घटित आगलगी की घटना में अनिल कुमार चौबे एवं बृजेश साह को सहायता राशि का चेक दिया गया है। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि हरसरी पुरैनिया के पांच अग्निपीड़ितों को अनुदान अनुग्रह राशि का चेक दिया गया है। अग्निपीड़ितों में तीन मामला वर्ष 2022 का है उन्हें 9800 एवं दो मामला वर्ष 2025 का उन्हें 12-12 हजार का चेक पंचायत के मुखिया के उपस्थित में दिया गया है। सीओ श्री शेखर ने बताया कि अग्निपीड़ितों में राजू पासवान के अनुपस्थिति रहने पर उनकी पत्नी शांति देवी को चेक दिया गया है।



### कार्यपालक पदाधिकारी सजग रहकर कार्य करवाएं : जिला पदाधिकारी

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी सिवान की अध्यक्षता में जिला के सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारीगण के साथ उनके द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। जिला पदाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि सभी नगर निकाय क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था निश्चित रूप से दुरुस्त रहनी चाहिए। पानी के निकासी हेतु दीर्घकालिक योजना बनाने की आवश्यकता है। वही नगर निकाय क्षेत्रों में सड़कों पर अतिक्रमण को हटाने हेतु नियमित रूप से अभियान चलाने का भी निर्देश जिला पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। इसके साथ ही स्ट्रीट वेंडर जोन के निर्माण के साथ-साथ स्ट्रीट वेंडर को उनके लिए कार्यान्वित किये जा रहे योजनाओं की जानकारी भी उनको देने का निर्देश जिला पदाधिकारी के द्वारा दिया गया।

# फैक्ट्री की सुरक्षा को लेकर बनेगी निगरानी टीम

## इथेनॉल प्लांट के अंदर मोबाइल ले जाने पर लगेगी रोक : चन्द्रमोहन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मगध सुगर इनर्जी लिमिटेड की ईकाई न्यू स्वदेशी सुगर मिल्स में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन कार्यपालक अध्यक्ष चन्द्रमोहन, कार्यपालक उपाध्यक्ष राजीव कुमार त्यागी प्रोडक्शन हेड विवेक दीक्षित इंजीनियरिंग हेड जितेन्द्र शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में कार्यपालक अध्यक्ष ने कहा कि सुरक्षा को लेकर जबतक हम सजग नही होंगे तब तक न अपनी सुरक्षा हो सकती है और न ही फैक्ट्री की। उन्होने अधिकारियो व कर्मियो को जवाबदेही तय करने की बात कही। कहा कि फैक्ट्री के अंदर बगास यार्ड, ड्रायर हाउस, डिस्टिलरी, इथेनॉल स्टोरेज एरिया आदि ऐसे स्थान हैं जहां आग से अधिक खतरा फैलने और सुरक्षा को खतरा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर फैक्ट्री की सेफ्टी को लेकर निगरानी टीम का गठन किया जाएगा सभी सीनियर अधिकारी टीम में शामिल होंगे। उन्होने डिस्टिलरी और इथेनॉल प्लांट के पास जितनी सुखी घास है उसे साफ करने, इथेनॉल प्लांट के अंदर मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध की भी बात कही।वही कार्यपालक उपाध्यक्ष राजीव त्यागी ने बताया कि सुरक्षा सप्ताह 4 मार्च से 10 मार्च तक चलेगा।

### होली सौहार्द और आपसी प्रेम का संदेश देता है : मनोज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामाजिक सौहार्द और प्रेम का प्रतीक रंगोत्सव के अवसर पर इनरवा के सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गिरि के निजी आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह का शुभारंभ परम्परागत फाग गीतों को गाकर किया गया। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गिरि ने कहा कि होली सिर्फ त्यौहार ही नहीं है अपितु पाप पर पुण्य की विजय और अधर्म पर धर्म की विजय का भी त्यौहार है। ये सामाजिक सौहार्द और आपसी प्रेम का संदेश देता है। इस अवसर पर इनरवा के उप मुखिया आनंद मिश्रा पैक्स अध्यक्ष बुनीलाल शाह, दीपेंद्र पटेल रवि गिरी मनु शाह,अनारूल मियां माजिद मियां मनु कुशवाहा,कन्हैया शाह,अर्जुन महतो आदि मौजूद रहे।

# आवास योजना में गति देने के लिए समीक्षात्मक बैठक

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया प्रखंड सभागार में सोमवार के दिन बीडीओ संजीव कुमार की अध्यक्षता में आवास प्लस पर समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक मे निर्देश दिया गया कि आवास सर्वेयर विकास मित्र के साथ एससी एसटी परिवारों का सर्वे करेंगे। तथा सभी योग्य एससी एसटी परिवारों का नाम आवास प्लस में एंट्री कराना सुनिश्चित करेंगे। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। नाम जोड़ने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। पंचायतवार समीक्षा में बीडीओ ने निर्देश दिया कि आवास सर्वेयर सुबह 10 बजे से दोपहर के 2 बजे तक एससी एसटी टोलों में सर्वे करेंगे। इसके बाद अन्य टोलों में जाकर सर्वे करेंगे। बैठक में विकास मित्रों ने मनरेगा कार्यालय द्वारा जॉब कार्ड बनाने में काफी विलंब लगने की बात बताई। साठी, बगही बसवरिया, गोनौली डुमरा और सिहपुर सतवरिया के विकास मित्र ने बताया कि जॉब कार्ड का आवेदन जमा करने के एक सप्ताह बाद भी अब तक जॉब कार्ड नहीं बना है। इस संबंध में बीडीओ ने मनरेगा पीओ को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विकास कुमार, विकास मित्र प्रखंड समन्वयक श्याम सुंदर राम, मठिया विकास मित्र रमेश राम, सिंहपुर सतवरिया विकास मित्र उमेश राम, बगही बसवरिया विकास मित्र संध्या कुमारी सहित सभी विकास मित्र उपस्थित रहे।




# बिहार विधान सभा चुनाव के लिए प्रयासों का दौर शुरू

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार में आगामी विधानसभा को लेकर अभी से प्रत्याशियों ने अपना प्रयास शुरू दिया है . इसी कड़ी में पुराने कांग्रेसी यशवंत कुमार चमन भी बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अलावरू को बीके देकर चुनावी चर्चा की .यशवंत कुमार चमन उपाध्यक्ष बिहार प्रदेश कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ एवं अधिवक्ता पटना उच्च न्यायालय में आपने प्रैक्टिस भी करते हैं . अधिवक्ता चमन ने बुके और अंगवस्त्र देकर प्रदेश अध्यक्ष को सम्मानित किया. श्रीकृष्णा अलावरू ने श्री चमन से बिहार में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए संगठनात्मक और राजनीतिक उपायो पर विचार विमर्श किया. कांग्रेस के आधार वोट के वापसी के लिए क्या प्रयास हो इस पर चर्चा भी किया.साथ ही सीवान जिला के सभी विधान सभा और खासतौर पर महाराजगंज विधान सभा के लिए भी भावी उम्मीदवार के वारे में चर्चा किया.श्री अलावरू ने श्री चमन को आश्वस्त किया कि स्थानीय स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी स्थानीय कार्यकर्ताओ को आगे बढ़ाएगी बाहरी उम्मीदवार थोपे नहीं जाएंगे. विदित हो कि यशवंत कुमार चमन भी बिहार विधान सभा 2020 के चुनाव मे प्रमुख दावेदारो में शामिल थे.छात्र जीवन से ही वे कांग्रेस से जुड़े रहे है.



### होली पर्व को लेकर लखनऊ -छपरा के बीच 12 फेरों में चलेगी वंदे भारत विशेष ट्रेन

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 02270/02269 लखनऊ -छपरा-लखनऊ वंदे भारत त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन 05 से 17 मार्च तक सोमवार, बुधवार, बृहस्पतिवार,शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को 12 फेरों के लिये किया जायेगा.02270 लखनऊ -छपरा वंदे भारत त्यौहार विशेष गाड़ी 05 से 17 मार्च तक सोमवार,बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को लखनऊ से14.15 बजे प्रस्थान कर सुल्तानपुर से 16.07 बजे, वाराणसी जं. से 18.25 बजे, गाजीपुर सिटी से 19.35 बजे, बलिया से 20.25 बजे तथा सुरेमनपुर से 20.57 बजे छूटकर छपरा 21.30 बजे पहुंचेगी.वापसी यात्रा में, 02269 छपरा-लखनऊ वंदे भारत त्यौहार विशेष गाड़ी 05 से 17 मार्च तक सोमवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को छपरा से 23.00 बजे प्रस्थान कर सुरेमनपुर से 23.37 बजे, दूसरे दिन बलिया से 00.07 बजे, गाजीपुर सिटी से 01.01बजे, वाराणसी जं. से 02.35 बजे तथा सुल्तानपुर से 04.50 छूटकर लखनऊ 06.30 बजे पहुंचेगी.इस गाड़ी में वंदे भारत के कुल 08 कोच लगाये जायेंगे.

# खूंटी जिले में पहली बार नीट परीक्षा का होगा आयोजन

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खूँटी जिले में पहली बार निट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आज समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जानकारी दी कि खूँटी जिले में लगभग 140 परीक्षार्थी निट परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन 4 मई 2025 को किया जाएगा, जिसके लिए उर्स लाइन कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय, खूंटी को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है।



बैठक में परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने एवं परीक्षा को कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने एवं समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, डीआईओ समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मंडल कारा में मेडिकल कैंप में 108 बंदियों की हुई जांच, दो बंदी टीबी से संक्रमित

## एक्सरे जांच के दौरान 49 बंदियों का रिपोर्ट आया असामान्य

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सौ दिन के सघन टीबी कार्यक्रम के तहत टीबी के मिसिंग रोगियों को खोजने, टीबी से होने वाली टीबी मरीजों की मृत्यु दर को कम करने और टीबी से नये व्यक्तियों को संक्रमित न होने देने के प्रयासों में तेजी लाने के प्रयास किए जा रहें हैं. इसी क्रम में मंगलवार को दूसरे दिन मंडल कारा में मेडिकल कैंप लगाकर बंदियों की जांच की गई. स्वास्थ्य शिविर में हाथ से संचालित होने वाली पोर्टेबल एक्सरे मशीन से 108 बंदियों का एक्सरे जांच किया गया. एक्सरे जांच में 49 बंदियों के रिपोर्ट असामान्य एवं 57 बंदियों के रिपोर्ट नॉर्मल आए.एक्सरे जांच में 2 बंदी टीबी से संक्रमित मिला.40 बंदियों के बलगम जांच के लिए स्पूटम के सैंपल लिए गए.एक्सरे जांच में निगेटिव आने वाले 40 बंदियों की सीवाई टीबी जांच किया गया.जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि केन्द्रीय यक्ष्मा प्रभाग, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 7 दिसम्बर से जिलान्तर्गत टीबी के मिसिंग रोगियों को खोजने, टीबी से होने वाली टीबी मरीजों की मृत्यु दर को कम करने और टीबी से नये व्यक्तियों को संक्रमित न होने देने के प्रयासों में तेजी लाने के उद्देश्य से 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का शुभारंभ जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार किया गया किया गया है जो विश्व यक्ष्मा दिवस 24 मार्च 2025 तक चलेगा. इस अभियान के तहत मंडल कारा सीवान के कैदियों की भी स्क्रीनिंग हैंड हेल्ड पोर्टेबल एक्सरे द्वारा किया जा रहा है. सभी कैदियों की स्क्रीनिंग हैंड हेल्ड पोर्टेबल एक्सरे हो रही है.एक्सरे में निगेटिव आने वाले कैदियों को सीवाई टीबी इंजेक्शन के माध्यम से टीबी इनफेक्शन की जांच की जा रही है एवं सीवाई टीबी में पॉजिटिव आने वाले कैदियों को टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट की दवा शुरू की जाएगी.जांच के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार,मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद, एक्सरे टेक्नीशियन विकाश कुमार मिश्रा,एटीएस रामसागर राम,एसटीएलएस ओमप्रकाश प्रसाद,टीबी एचबी सुमन प्रसाद,एलटी राजीव कुमार एवं एएनएम बलमदीना तिर्की उपस्थित थी.




### नेशनल हाइवे पर गड्ढों की वजह से आए दिन होते हैं हादसे

**कुडू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनएच 143ए कुडू-लोहरदगा मुख्य मार्ग में इंदिरा गांधी चौक के नजदीक साप्ताहिक बाजार के मुख्य गेट के सामने पूरे सड़क पर बना जानलेवा गड्ढे इन दिनों राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इसकी वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। इन गड्ढो में हर समय नाली का गंदा पानी भरा रहता है। इसके दुर्गन्ध से आस-पास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। किसी भी चौपहिया वाहन के इस रोड से गुजरने पर गंदा पानी का छिड़काव आम लोगों पर होते रहता है। गड्ढे के कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ज्ञात हो कि कुडू-लोहरदगा रोड निर्माण योजना के तहत कुडू में बन रहे रोड और नाली निर्माण कार्य भी इंदिरा गांधी चौक से लगभग एक सौ फीट पहले तक करके लंबे समय से संवेदक बंद कर दिया है।

# संत निरंकारी मंडल की ओर से सत्संग का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को योगापट्टी प्रखंड के कोहड़ा भवानीपुर के प्रांगण में संत निरंकारी मंडल हैदराबाद के जोनल इंचार्ज वहन मोहनी आहूजा के पावन अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन किया गया। उन्होंने अपने विचारों में बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के अमर संदेश को लेकर आपके नगरी में आना हुआ है । मनुष्य जीवन को इसलिए ऊंचा माना गया है कि इस जन्म में इंसान आत्मज्ञान , ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति कर सकता है बड़े भाग्य से मनुष्य का जन्म मिला है और हम कौन हैं कहां से आए हैं और फिर कहां जाना है । जीवन की मूल उद्देश्य परमात्मा की प्राप्ति ही है। परमात्मा के साथ हर पल जुड़कर जीना चाहिए आत्मज्ञान होने के बाद ही आपसी भाईचारा उच्च नीच काला गोरा अमीर गरीब का भेदभाव हमेशा के लिए मिट जाता है और विश्व बंधुत्व की स्थापना ही संत निरंकारी मिशन का परम लक्ष्य है । इस संत समागम में जिले के कोने-कोने से आए सभी भाई बहनों को संयोजक बेतिया भगवती प्रसाद जी ने आभार प्रकट किया उन्होंने निरंकारी विचारों को रखते हुए बताया कि भक्ति का उपदेश परमात्मा के साथ प्रेम पूर्वक नाता जोड़ना है आत्मा को मूल स्वरूप परमात्मा को जानकर जीवन का विस्तार असीम सच्चाई की ओर बढ़ाने की शिक्षा निरंकारी मिशन देता है ।



## गौतम अडानी का कर्ज अपने सिर लेगा दुनिया का सबसे ताकतवर इंसान!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकरॉक और सबसे सफल हेज फंड्स में से एक सिटाडेल ने गौतम अडानी के कर्ज को खरीदने के लिए बातचीत शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक यह बातचीत 750 मिलियन डॉलर के कर्ज को खरीदने के लिए है जिसे अडानी ग्रुप रिफाइनेंस करना चाहता है। अमेरिका में रिश्वत और धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रहे अडानी के लिए यह डील एक बड़ी उपलब्धि हो सकती है। ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक को दुनिया का सबसे ताकतवर इंसान माना जाता है। इसकी वजह ब्लैकरॉक .10 ट्रिलियन से ज्यादा एसेट मैनेज करती है। भारत में ब्लैकरॉक ने टाटा मोटर्स और रिलायंस जियो की फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ साझेदारी की है।



2022 में अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट ने मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड से 750 मिलियन डॉलर के सीनियर सिक्योर्ड प्राइवेट प्लेसमेंट नोट्स खरीदे थे। एमआइएएल, अडानी की एक कंपनी है, जो मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा को ऑपरेट करती है। एमआइएएल का ज्यादातर हिस्सा अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड के पास है, जो अडानी एंटरप्राइजेज की पूरी तरह से स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

**अडानी का एयरपोर्ट बिजनस–** इस सात साल के कर्ज की शर्तें और कीमत अप्रैल–मई 2025 के बाद सख्त हो जाएंगी। सूत्रों के मुताबिक अडानी ग्रुप इस कर्ज को रिफाइनेंस करना चाहता है। इसके अलावा अडानी ग्रुप कई हवाई अड्डों के अपग्रेडेशन और एक्सटेंशन के लिए एएएचएल में 750 मिलियन डॉलर और जुटाना चाहता है।

## अमेरिका की टैरिफ वॉर पर ड्रैगन का पलटवार

**बीजिंग एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से छेड़े गए टैरिफ वार पर चीन ने पलटवार किया। चीन ने मंगलवार को चिकन, पोर्क (सुअर का मांस), सोया और बीफ (गोमांस) सहित प्रमुख अमेरिकी कृषि उत्पादों के आयात पर 15 फीसदी तक का अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा घोषित शुल्क 10 मार्च से प्रभावी होंगे। शुल्क अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप



की ओर से चीनी उत्पादों के आयात पर शुल्क बढ़ाकर 20 फीसदी करने के आदेश के बाद लागू किए गए हैं। ये शुल्क मंगलवार से प्रभावी हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि अमेरिका में उगाए गए चिकन, गेहूं, मक्का और कपास के आयात पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगेगा। ज्वार, सोयाबीन, सूअर का मांस, बीफ, समुद्री भोजन, फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों पर शुल्क 10 प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। इससे पहले ट्रंप ने फरवरी में चीन से आयात पर 10 फीसदी शुल्क लगाया था। उन्होंने सोमवार को फिर से जोर दिया कि मंगलवार को यह दर दोगुनी होकर 20 प्रतिशत हो जाएगी।



# रक्षा मंत्रालय से मिला 239 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के शेयर आज मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर 2 प्रतिशत तक चढ़कर 9138.85 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी डील है। दरअसल, कंपनी ने मंगलवार, 4 मार्च को कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड ने रक्षा मंत्रालय से 239 करोड़ के कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए हैं। डील के तहत, सोलर डिफेंस और एयरोस्पेस एक साल के भीतर मल्टी-मोड हैंड ग्रेनेड डिस्ट्रिब्यूट करेगा।

### क्या है डिटेल

यह डील देश की सुरक्षा क्षमताओं में योगदान देने वाले महत्वपूर्ण डिफेंस प्रोडक्ट्स की सप्लाई पर फोकस है। सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड हाई क्वालिटी वाले डिफेंस प्रोडक्ट्स के निर्माण और आपूर्ति में सक्रिय है। बता दें कि इससे पहले 28 फरवरी को, सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया ने ऐलान किया था कि कंपनी ने अपनी सहायक कंपनी के साथ डिफेंस प्रोडक्ट्स की सप्लाई के लिए 2,150 करोड़ के ऑर्डर हासिल किए हैं। एक अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा दिए गए ये ऑर्डर अगले छह सालों में पूरे होने की उम्मीद है। हालांकि, कंपनी के प्रबंधन ने यह भी कहा कि घरेलू बाजार में मंदी के कारण वह एफवाय25 के लिए पहले निर्धारित 30 प्रतिशत रेवेन्यू बढ़ोतरी टारगेट को पूरा नहीं कर पाएगी।

## टाटा की कंपनी का आ रहा मोस्ट अवेटेड आईपीओ, इस साल का होगा सबसे बड़ा इश्यू!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी का एक और आईपीओ इस साल निवेश के लिए लॉन्च हो सकता है। टाटा समूह के मोस्ट अवेटेड आईपीओ चर्चा में हैं। बहुत जल्द निवेशक बहुत जल्द पैसे लगा सकेंगे। हम बात कर रहे हैं– टाटा कैपिटल के आईपीओ की। खबर है कि टाटा समूह अपनी फाइनेंस सर्विस यूनिट के लिए 11 अरब डॉलर की वैल्यूएशन रख सकता है। यह इस साल भारत की सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है।

### क्या है डिटेल

सीएनबीसी टीवी 18 की रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा समूह अपनी वित्तीय सेवा यूनिट के लिए 11 अरब डॉलर के मूल्यांकन की मांग कर रहा है, जो इस साल भारत की सबसे बड़ी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश हो सकती है। टाटा कैपिटल लिमिटेड का आईपीओ 2 अरब डॉलर तक जुटा सकता है। हालांकि, टाटा के प्रतिनिधियों ने इस पर कुछ कहने से इनकार कर दिया है। बता दें कि टाटा कैपिटल के बोर्ड ने पिछले हफ्ते मौजूदा शेयरधारकों द्वारा इक्विटी की बिक्री के प्रस्ताव के साथ–साथ 230 मिलियन शेयरों की लिस्टिंग को मंजूरी दी थी। इसने 15.04 बिलियन रुपये (172 मिलियन डॉलर) के राइट्स इश्यू की भी घोषणा की।

**कंपनी का कारोबार–** बता दें कि टाटा कैपिटल एक गैर–बैंक वित्तीय संस्थान है। ये तथाकथित बैंक आम तौर पर उन ग्राहकों को कर्ज जैसी सेवाएं प्रदान करते हैं जिनकी पारंपरिक बैंकिंग तक सीमित या कोई पहुंच नहीं है। मुंबई स्थित टाटा कैपिटल की वेबसाइट के अनुसार, पूरे भारत में 900 से अधिक शाखाएं हैं।

# अस्थिरता के बावजूद देश में नौ महीने में आया 27 फीसदी अधिक एफडीआई

## अक्तूबर-दिसंबर में 5.6 फीसदी घटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने (अप्रैल-दिसंबर) में सालाना आधार पर 27 फीसदी बढ़कर 40.67 अरब डॉलर पहुंच गया। 2023-24 की समान अवधि में देश में 32 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर) में सिर्फ 10.9 अरब डॉलर का एफडीआई आया। यह 2023-24 की समान अवधि के 11.55 अरब डॉलर की तुलना में 5.6 फीसदी कम है।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के मुताबिक, 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एफडीआई करीब 43 फीसदी बढ़कर 13.6 अरब डॉलर रहा था। वहीं, अप्रैल-जून तिमाही में 47.8 फीसदी की वृद्धि रही थी और 16.17 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। कुल एफडीआई प्रवाह अप्रैल-दिसंबर में 21.3 फीसदी बढ़कर




62.48 अरब डॉलर पहुंच गया। इसमें शेयर बाजार में निवेश, पुनर्निवेशित आय व अन्य पूंजी शामिल है।

### इन क्षेत्रों में वृद्धि

सेवाओं, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर-हार्डवेयर, व्यापार, दूरसंचार, वाहन और रसायन क्षेत्रों में अप्रैल-दिसंबर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ा है। सेवा क्षेत्र में एफडीआई बढ़कर 7.22 अरब डॉलर और गैर-परंपरागत ऊर्जा क्षेत्र में 3.5 अरब डॉलर रहा।

### महाराष्ट्र सबसे आगे

पहले नौ महीने में महाराष्ट्र में सबसे अधिक 16.65 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया। गुजरात 5.56 अरब डॉलर के साथ दूसरे और कर्नाटक 4.5 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

- **भारतीय स्टार्टअप कंपनियों ने फरवरी में जुटाई 1.65 अरब डॉलर की फंडिंग–** भारतीय स्टार्टअप कंपनियों ने फरवरी, 2025 में 1.65 अरब डॉलर (करीब14,418 करोड़ रुपये) की फंडिंग जुटाई है।यह आंकड़ा जनवरी के 1.38 अरब डॉलर से 19.5 फीसदी अधिक है।यह फंडिंग 8.32 करोड़ डॉलर के औसत मूल्यांकन पर मिली है।ट्रैक्सन के मुताबिक, नई फंडिंग के साथ 2024–25 (अप्रैल–फरवरी) में 2,200 दौर में कुल वित्तपोषण 25.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। पिछले महीने जुटाई गईकुल राशि फरवरी, 2024 2.06 अरब डॉलर के आंकड़े से कम है। स्टार्टअप राजधानी बंगलूरु में उद्यमियों ने 35.3 करोड़ डॉलर की फंडिंग हासिल की है। औसतन एक दौर में 20 लाख डॉलर जुटाएगए। मुंबई के स्टार्टअप ने 10.2 करोड़ डॉलर वित्तपोषण हासिल किया। फिनटेक कंपनी ऑक्सीजो परंपरागत कर्ज मद में एक अरब डॉलर की फंडिंग जुटाकर इस मामले में सबसे आगे रही है।

## नीति आयोग की नई रिपोर्ट: देश में तेजी से कर्ज ले रहीं महिलाएं

# व्यावसायिक ऋण में 14 फीसदी बढ़ी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में महिलाएं कारोबारी और अन्य जरूरतों के लिए तेजी से कर्ज ले रही हैं। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित उत्तरी-मध्य राज्यों में पिछले पांच वर्षों में सक्रिय महिला उधारकर्ताओं की संख्या सालाना 22 फीसदी की चक्रवृद्धि दर से बढ़ी है। नीति आयोग की ओर से सोमवार को लॉन्च उधारकर्ताओं से बिल्डरों तक – भारत की वित्तीय विकास की कहानी में महिलाओं की भूमिका रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 से 2024 तक व्यावसायिक ऋण में महिलाओं की हिस्सेदारी 14 फीसदी और गोल्ड लोन में 6 फीसदी बढ़ी है। दिसंबर, 2024 तक कुल व्यावसायिक उधारकर्ताओं में महिलाओं की हिस्सेदारी 35 फीसदी पहुंच गई। इनमें छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों की महिलाओं का हिस्सा 60 फीसदी रहा।

### क्रेडिट स्कोर पर नजर रखने में छोटे शहरों की महिलाएं आगे

नीति आयोग के महिला उद्यमिता मंच (डब्ल्यूईपी), ट्रांस यूनियन सिबिल और माइक्रोसेव कंसल्टिंग की रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाएं अपने क्रेडिट स्कोर पर सक्रिय नजर रख रही हैं। खास बात है कि छोटे शहरों की महिलाएं मेट्रो शहरों की तुलना में अपने क्रेडिट की खुद सक्रिय निगरानी कर रही हैं। ऐसी महिलाओं की संख्या छोटे शहरों में 48 फीसदी और मेट्रो क्षेत्रों में 30 फीसदी बढ़ी है।



दिसंबर, 2024 तक 2.7 करोड़ महिलाएं अपने क्रेडिट की निगरानी कर रही थीं, जो सालाना आधार पर 42 फीसदी अधिक है। यह महिलाओं में बढ़ती वित्तीय जागरूकता का संकेत है। 2024 में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में अपने क्रेडिट स्कोर की सक्रिय निगरानी रखने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़कर 49 फीसदी पहुंच गई।

### महिला उद्यमिता बढ़ाने से 17 करोड़ मिलेंगे रोजगार

नीति आयोग के प्रमुख आर्थिक सलाहकार और डब्ल्यूईपी के मिशन निदेशक अन्ना रॉय ने कहा, महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करना देश में कार्यबल में आने वाली महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने का तरीका है।

यह समान आर्थिक विकास को गति देने के लिए एक व्यवहार्य रणनीति के रूप में भी काम करता है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने से 15 से 17 करोड़ लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं और श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ सकती है।

### चुनौती...समान वित्तीय पहुंच के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा, सरकार मानती है कि फंडिंग तक पहुंच महिला उद्यमिता के लिए बुनियादी जरूरत है। महिला उद्यमिता मंच एक समावेशी तंत्र बनाने की दिशा में काम कर रहा है, जो वित्तीय साक्षरता, कर्ज तक पहुंच, सलाह और बाजार संबंधों को बढ़ावा देता है। हालांकि, खराब बैंकिंग अनुभव, कर्ज मिलने में बाधाएं और गारंटर के साथ समस्याएं जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। समान वित्तीय पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है।

# फिर महंगा हुआ सोना, भाव 1,300 रुपये चढ़ गए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर में व्यापार युद्ध या ट्रेड वार की चिंता के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर बढ़ रहे हैं। जिससे सोने की मांग बढ़ी है। तभी तो सोना और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। सोना फिजिकल डिलीवरी जहां दो दिन में ही 1,300 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हो गया है। वहीं चांदी भी कीमत भी प्रति किलो 1,650 रुपये बढ़ी है।

पिछले दो दिनों में ही सोने के भाव में प्रति 10 ग्राम 1,300 रुपये की तेजी आई है। दिल्ली में 22 कैरेट सोने का भाव 57,408 प्रति 8 ग्राम और 24 कैरेट सोने का भाव 61,240 प्रति 8 ग्राम है। हालांकि, आज स्ट्ङ्ग पर अप्रैल डिलीवरी सोने का भाव सुबह 10:30 बजे 85,513 प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। यह पिछले दिन के भाव से 0.15 प्रतिशत या 129 कम था।

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतें बढ़त के साथ बंद हुई थीं। सोने का अप्रैल वायदा भाव 1.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,384 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।



वहीं, चांदी का मई वायदा भाव 1.83 प्रतिशत की बढ़त के साथ 96,055 प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ।

**क्यों बढ़ रही हैं कीमतें–** पृथ्वी फिनमार्ट कमोडिटी रिसर्च के मनोज कुमार जैन ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के बीच सप्ताहांत में हुई तनावपूर्ण बैठक और बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी ने सुरक्षित निवेश की मांग के चलते अच्छी बढ़त दर्ज की। डॉलर इंडेक्स में लगभग 1.0 प्रतिशत की गिरावट आई जिससे सोने और चांदी की कीमतों को बल मिला। आज स डॉलर इंडेक्स, छ्ङ्ङ्घ्व, 106.58 के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा था, जिसमें 0.17 या 0.15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### भारत में मांग कम

हालांकि, ऊंची कीमतों के कारण भारत और चीन में सोने-चांदी की मांग कम हुई है, जो इन धातुओं की कीमतों में तेजी को सीमित कर सकती है। बाजार अमेरिकी राष्ट्रपति के भाषण पर भी नजर रखेगा, जिससे धातु बाजारों की दिशा तय होगी। जैन का मानना है कि डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव और अमेरिकी व्यापार युद्ध के बीच इस हफ्ते सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

# सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों में 5 प्रतिशत की उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड को लेकर अच्छी खबर आई है। कंपनी के शेयरों में मंगलवार को तेज उछाल देखने को मिला है। इस उछाल के पीछे की वजह सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड को मिला काम है। कंपनी को यह काम जिंदल ग्रीन विंड लिमिटेड को मिला है। वर्क ऑर्डर डीटेल्स के अनुसार कंपनी को 204.75 मेगावाट का काम मिला है। बता दें, जिंदल ग्रीन विंड लिमिटेड, जिंदल रिन्यूएबल्स की सब्सिडियरी कंपनी है। बीएसई में सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर 48.90 रुपये के लेवल पर खुला था। इसके बाद 5 प्रतिशत की उछाल के बाद दिन में कंपनी के शेयर 51.48 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। मौजूदा समय में कंपनी के शेयर 51 रुपये के रेंज में ट्रेड कर रहे हैं।

**उड़ीसा और छत्तीसगढ़ में मिले थे दो बड़े ऑर्डर–** इससे पहले मिले दो बड़े भी कंपनी को जिंदल ग्रुप से ही मिले थे। कंपनी को यह काम छत्तीसगढ़ और उड़ीसा में मिला था। यह काम कुल 702.45 मेगावाट का मिला है। कंपनी के पास अब कुल 5.9 गीगावाट का काम हो गया है।

**शेयर बाजार में संघर्ष कर रहा था स्टॉक–** बीते 6 महीने के दौरान सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में बहुत हलचल सी मची हुई है। 2025 में कंपनी के शेयरों का भाव 21 प्रतिशत से अधिक गिरा है। वहीं, 6 महीने के दौरान




सुजलॉन एनर्जी के शेयरों की कीमतों में 31 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, इस हलचल के बाद भी कंपनी के शेयरों की कीमतों में एक साल के दौरान 19 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। वहीं, सेंसेक्स इंडेक्स इस दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 1.28 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है।

# आवास योजना में चल रहा था रिश्वतखोरी का खेल

## दस हजार घूस लेते रंगे हाथ पकड़ाया मुखिया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद एसीबी टीम की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम लगातार रंग ला रही है। ताजा कार्रवाई में बोकारो जिले के चंद्रपुरा स्थित पिपलो पंचायत के मुखिया कार्तिक महतो को पीएम आवास योजना के लाभुक से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, मुखिया लाभुक से योजना के जियो-टैगिंग के बदले 20,000 रुपये की मांग कर रहा था।

शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने जांच की और पहली किस्त के रूप में 10,000 रुपये लेते ही उसे उसके घर से रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

इस मामले में एसीबी के एएसपी बिनोद कुमार ने बताया कि आरोपी मुखिया को धनबाद एसीबी कार्यालय लाकर पूछताछ की जा रही है।

झारखंड में बढ़ते भ्रष्टाचार को लेकर एसीबी सक्रिय हो चुकी है। राज्य भर में रिश्वतखोर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ सख्त मुहिम चलाई जा रही है। धनबाद अउइ की इस कार्रवाई की चर्चा हर ओर हो रही है, जिससे रिश्वतखोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

## अपराध की बढ़ती घटनाओं को ले उच्च स्तरीय बैठक

**रांची।** राज्य में महिलाओं और बच्चियों के साथ लगातार हो रही दुष्कर्म के मामलों पर पुलिस गंभीरता से विचार कर रही है। झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता बढ़ती अपराधिक घटनाओं की समीक्षा करेंगे। जानकारी के अनुसार यह बैठक 6 मार्च को होनी है। झारखंड महिलाएं और बच्चियों के साथ लगातार दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं, जिसको लेकर अब पुलिस महकमा भी सख्त होता नजर आ रहा है। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने आगामी 6 मार्च को एक समीक्षा बैठक बुलाई है।

## जमशेदपुर में मेडिकल हब बनाने की तैयारी

**पूर्वी सिंहभूम।** बजट का अवलोकन करें तो ऐसा लगता है कि सरकार इस क्षेत्र को शिक्षा व मेडिकल हब बनाने की तैयारी कर ली गई है, जिसकी मांग वर्षों से उठती रहती है। हाल के दिनों में इस मांग को सत्ता व विपक्ष के कई विधायकों ने भी उठाया है। बजट में ऐसा माना जा रहा था कि आदित्यपुर के उद्यमियों की बात मानी जाएगी। कुछ मांगों को माना भी गया है।

वहीं शिक्षा एवं स्वास्थ्य में जमशेदपुर को हब बनाने की पूरी तैयारी सरकार की ओर से कर ली गई है। इसके लिए बजटीय प्रावधान किया गया है। आने वाले दिनों में इसके परिणाम सामने आएंगे। वित्तमंत्री राधा कृष्णा किशोर के अनुसार स्टेट रिसर्च सेंटर व इनोवेशन हब बनाने की योजना है। संभवतः इनोवेशन हब में जमशेदपुर शामिल हो सकता है।

पूर्वी सिंहभूम जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, उद्योग, खेल में जमशेदपुर एवं आदित्यपुर को लेकर कई घोषणाएं की गई है। इस बजट से जमशेदपुर की शिक्षा व्यवस्था को उस स्तर पर ले जाने की तैयारी है जहां पर दिल्ली-मुंबई की शिक्षा व्यवस्था को टक्कर मिले।

# सूबे में 26 हजार शिक्षकों की जल्द होगी नियुक्ति

## विधान सभा में शिक्षा मंत्री ने की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने विधानसभा में कहा कि जेएसएससी से अनुशंसा मिलते ही होगी 26,001 सहायक आचार्य की नियुक्ति होगी। राज्य में 103 विद्यालय ऐसे हैं, जहां एक भी बच्चा नामांकित नहीं है। दूसरी तरफ ऐसे विद्यालयों में 17 शिक्षक कार्यरत भी हैं।

धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा के एक सवाल के जवाब में उन्होंने यूडायस के आंकड़ों के आधार पर इसे स्वीकार किया।

बच्चे नहीं होने के बाद भी शिक्षकों के पदस्थापन के सवाल में उन्होंने कहा कि स्कूल से बाहर रह रहे बच्चों को वापस लाने के लिए स्कूल चले-चलाएं अभियान संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें शिक्षक विद्यालय पोषक क्षेत्र में भ्रमण कर अभिभावकों को बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित करते हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या घट रही है। ऐसे विद्यालयों से शिक्षकों को हटा देंगे तो वहां बच्चों की संख्या और घट जाएगी।

विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के सवाल पर उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में 26,001 सहायक आचार्य की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है। आयोग से अनुशंसा मिलने के तुरंत बाद इन पदों पर नियुक्ति कर दी जाएगी।

उन्होंने उच्च विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में जानकारी दी कि सोनी कुमारी मामले में न्यायालय के आदेश के बाद 17,836 पदों के विरुद्ध 13,923 शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कोई न कोई अड़चन लगाकर राज्य सरकार की नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगाने की साजिश की जाती है।

स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति के मामले में कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने शेष लगभग दो हजार याचिकाकताओं की नियुक्ति की मांग उठाई।

मंत्री ने इसपर विचार किए जाने की बात कही। वहीं, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल बेहतर करने के लिए बीईईओ को जिम्मेदारी देने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि बीईईओ जितना मिड डे मील पर जोर देते हैं, उतना ही जोर शैक्षणिक माहौल बेहतर करने पर भी दें तो बेहतर रहेगा।

# बजट से बढ़ी युवाओं में रोजगार की उम्मीदें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बजट में उद्योग विभाग की योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 450 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव किया गया है। इस राशि से राज्य में खुले उद्योगों को अनुदान और सब्सिडी दिया जाएगा। इसके साथ ही जानकारी दी गई है कि अगले वित्तीय वर्ष में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश लाया जाएगा और इसके माध्यम से लगभग 15 हजार लोगों को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उद्योग विभाग में सिंगल विंडो सिस्टम के लिए भी बजट का प्रविधान किया गया है। इसके साथ ही जियाडा के अंतर्गत बोकारो, गिरिडीह, कांड्रा, सिंदरी, आदित्यपुर, जसीडीह और देवीपुर औद्योगिक इकाइयों में आधारभूत संरचनाओं से संबंधित योजनाओं को पूर्ण किया जाएगा।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य में एमएसएमई निदेशालय या एमएसएमई सेल के गठन का प्रस्ताव है और इसके संचालन को लेकर एमएसएमई प्रोत्साहन नीति को अधिसूचित किया गया है। रेशम उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर रहे झारखंड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1500 मीट्रिक टन तसर उत्पादन का लक्ष्य लगभग प्राप्त कर लिया है। अगले वित्तीय वर्ष में यह लक्ष्य बढ़ाकर 1800 मीट्रिक टन किया गया है। गांवों में अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने की कोशिश, रोजगार को प्रमुखता नए वित्तीय वर्ष में गांवों में अर्थव्यवस्था को और मजबूत करने की कोशिश होगी। इसके तहत रोजगार देनेवाली योजनाओं पर राशि व्यय करने का प्रविधान बजट में किया गया है।

रोजगार सृजन के उद्देश्य से मनरेगा के तहत 12 करोड़ मानवदिवस रोजगार सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा अबुआ आवास योजना भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक के लिए 6,01,135 आवासों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

## पंचायत में शिक्षकों के पदस्थापन की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाटन (पलामू )।** प्रखंड अंतर्गत लोईंगा पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार यादव उर्फ गुड्डु यादव ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरिप्रसाद को पत्र देकर लोईंगा पंचायत में शिक्षकों के पदस्थापना की मांग की है।

पत्र के जिक्र किया गया है कि पंचायत के तीन शिक्षकों ने अपने निजी स्वार्थ में अपना प्रतिनियुक्ति दूसरे स्कूलों में करा लिया है।

इससे पंचायत के सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन प्रभावित हुआ है। जिससे नौनिहालों का भविष्य खतरे में है। उन्होंने तीनों शिक्षकों के प्रतिनियुक्ति को रद्द कर मूल विद्यालय में पदस्थापना की मांग की है।

# राज्य के आठ पर्यटन स्थलों को वर्ल्ड क्लास बनाने की तैयारी में जुटी सरकार

## धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर ग्लास ब्रिज जैसे अत्याधुनिक संरचना के विकास, रोपवे आदि के माध्यम से देसी एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की सोच दिखाई है। इसी उद्देश्य से राज्य बजट में पर्यटन के विकास पर अधिक जोर दिया गया है।

झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता का लाभ उठाकर राज्य के राजस्व में वृद्धि की जाए, इस उद्देश्य से राज्य के विभिन्न जलप्रपातों के सौंदर्यीकरण का भी प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में किया गया है। 336.64 करोड़ रुपये राज्य में पर्यटन के विकास पर खर्च होंगे।

राज्य सरकार ने अपने बजट में पर्यटन के विकास के लिए दशम, हुंडरू, नेतरहाट तथा पतरातू में बिहार के राजगीर की तर्ज पर ग्लास ब्रिज का निर्माण करने का प्रस्ताव किया है। साथ ही जोन्हा, हुंडरू, कौलेश्वरी एवं त्रिकूट में नए रोपवे का निर्माण होगा।

बजट में खूंटी के पेरवाघाघ जलप्रपात तथा पांडुपुडिंग पर्यटन स्थल को इको टूरिज्म सर्किट के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी अपने बजट में किया है।

तिलैया, चांडिल, मंडल, तेनुघाट डैम के पर्यटकीय विकास का भी प्रस्ताव है। साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में सिदो कान्हू मुर्मू जन्मस्थली का उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण होगा।

गोड्डा के सुंदर डैम तथा गुमला जिला के नागफेनी-अंबाघाट के पर्यटकीय विकास का भी प्रस्ताव बजट में है। नेतरहाट, गिरिडीह के उसरी जलप्रपात, लातेहार के बूढ़ाघाघ तथा हुंडरू जलप्रपात का भी विकास होगा।

राज्य सरकार ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं बजट में ली हैं। इसके तहत रांची के तपोवन मंदिर का विकास किया जाएगा। वहीं, रजरप्पा मंदिर कांप्लेक्स का पर्यटकीय विकास का भी प्रस्ताव बजट में है। 16वीं शताब्दी में निर्मित पलामू किला का संरक्षण करते हुए विभिन्न सुविधाओं का



विकास कर पलामू की गौरवशाली अतीत को नई पीढ़ियों के समक्ष लाने की भी घोषणा बजट में की है।

झारखंड संगीत कला अकादमी, झारखंड ललित कला अकादमी, क्षेत्रीय भाषाओं के लिए साहित्य कला अकादमी की स्थापना होगी। बजट में इसका प्रविधान किया गया है।

झारखंड में परिणामी बजट का एक विस्तृत स्वरूप सोमवार को देखने को मिला। बजट के दौरान पिछले वर्ष की घोषणाओं से संबंधित

## कई महत्वपूर्ण स्थलों पर होगा रोपवे का निर्माण

पूरा ब्यौरा सदन में पेश किया गया जिसमें पूर्व में हुई घोषणाओं में से राज्य सरकार ने 21 को पूरा किया तो 46 प्रक्रियाधीन रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार तीन घोषणाएं स्थगित भी रही है। शिक्षा विभाग से संबंधित घोषणाएं मुख्य तौर पर पूर्ण की गई हैं। राज्य सरकार के 22 विभागों की रिपोर्ट में इससे संबंधित पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराया गया है।

श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के साथ-साथ पर्यटन, कला संस्कृति और खेलकूद एवं युवा मामले विभाग ने घोषणाओं को पूर्ण करने में सफलता पाई है।

कृषि, पशुपालन विभाग की सात घोषणाओं में से दो पूर्ण हुई हैं। इसके अलावा खाद्य आपूर्ति विभाग की पांच में से दो घोषणाएं पूर्ण हुई हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा की पांच घोषणाओं में से तीन पूर्ण हुईं तो उद्योग विभाग के चार में दो पूर्ण हुईं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की पांच में से तीन घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं।

# अब सभी जेलों में लगेगा हाईटेक जैमर

## अभी जेलों में लगे हैं टू जी जैमर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** जेल समेत झारखंड के जेलों में बंद अपराधी अब कारोबारियों से रंगदारी की मांग नहीं कर पाएंगे। सभी जेल में हाईटेक जैमर लगेगा। इस बार के बजट में जैमर लगाने के लिए पैसा देने की अनुमति मिली है। जेल में बद अपराधी अपने गैंग के भी सदस्यों से संपर्क नहीं कर पाएंगे।

रिटायर्ड डीएसपी अरविंद कुमार सिन्हा का कहना है कि यह सरकार की अच्छी पहल है। इसे पहले ही लागू कर देना चाहिए था। हाईटेक जैमर लगाने से अपराधियों पर पूरी तरह से नकेल लग जाएगी।

जेल में बंद अपराधी मोबाइल के अलावा और भी इलेक्ट्रोनिक सामान का इस्तेमाल करते है। अब सभी इलेक्ट्रोनिक उपकरण कोई काम नहीं करेगा।

पुलिस के लिए जेल में बंद अपराधी सिरदर्द बने हुए थे। इस वजह से उन्हें एक जेल से दूसरे जेल में बार बार शिफ्ट करना पड़ता था। अब पुलिस को ऐसा नहीं करना होगा। अभी जेल में टू जी जैमर लगा हुआ है।

अपराधी फोर जी, फाइव जी मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे थे। इस वजह से जैमर होने के बाद भी वह किसी काम का नहीं था। जेल में बंद अपराधी आसानी से कारोबारियों से रंगदारी की मांग करते थे।

रंगदारी नहीं देने पर उनपर हमला भी करा देते थे। इससे कारोबारियों में दहशत का माहौल बना रहता था। पुलिस अपराधियों को रोक नहीं पाती थी।

अब कारोबारियों को डरने की जरुरत नहीं है। अपराधी हाइटेक उपकरण से पुलिस पर भारी पड़ रहे थे। लेकिन अब पुलिस अपराधियों पर भारी पड़ेगी।

रांची के लालपुर थाना में बिना मोरहाबादी मैदान में फिल्म फेस्टिवल कराने के मामले में जिफा के संस्थापक अध्यक्ष ऋषि प्रकाश मिश्रा के खिलाफ केस हुआ है।




केस मजिस्ट्रेट के बयान पर हुआ है।

लालपुर थाना की पुलिस का कहना है बिना आदेश मिले कार्यकम का आयोजन हो रहा था। रविवार को कई बड़े एक्टर रांची पहुंचे थे। उन्हें कार्यक्रम में शामिल होना था।

कार्यक्रम नहीं होने की वजह से सभी एक्टर वापस लौट गए थे। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी हो जाने के बाद दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

वहीं ऋषि प्रकाश ने रविवार को कहा था कि दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन मोराबादी मैदान से जिला प्रशासन द्वारा जबरन कार्यक्रम बंद करा दिया गया।

10 मार्च तक झारक्राफ्ट को मैदान आवंटित किया गया था जिनके संयुक्त तत्वाधान में जिफा का आयोजन किया गया था ।

कार्यक्रम में भारत रत्न लत मंगेशकर की बहन प्रसिद्ध गायिका उषा मंगेशकर, गदर के निर्देशक अनिल शर्मा और प्रसिद्ध निर्देशक राकेश रोशन तक को शामिल होना था ।

प्रशासन का कहना है कि कोई भी हो बिना आदेश के मोरहाबादी में कार्यक्रम नहीं करा सकता है। ऐसा जो भी करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मनरेगा और अबुआ आवास में 30 करोड़ होंगे खर्च

**रांची।** मनरेगा और अबुआ आवास योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करनेवाली योजनाएं हैं। रोजगार के दृष्टिकोण से सखी मंडलों की ओर से तैयार उत्पाद भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक मजबूत आधार है।

इसके तहत सखी मंडलों के उत्पादों को उचित मूल्य और आर्थिक सहायता मुहैया कराने के लिए पलाश ब्रांड का इस्तेमाल किया जा रहा है। बजट में पलाश ब्रांड के तहत पलाश मार्ट पर 30 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में दो हजार सखी मंडलों को चक्रीय निधि की राशि एवं 35 हजार स्वयं सहायता समूहों को कैश क्रेडिट के लिए बैंक लिंकेज की सुविधा प्रदान की जाएगी। इतना ही नहीं लगभग दो लाख महिला किसानों को आजीविका संबंधी गतिविधियों से जोड़ने की योजना है। बजट में राज्य सरकार ने 9841.41 करोड़ रुपये का प्रबंध ग्रामीण विकास विभाग के लिए किया है।

## विराट कोहली को लेकर फैंस में दिखी दीवानगी
### सेमीफाइनल मैच को लेकर रांची के खिलाड़ियों में उत्साह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पिछले मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराकर भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। 16 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टक्कर होने जा रही है, जिससे पूरे देश की निगाहें इस मुकाबले पर टिकी हैं। झारखंड की राजधानी रांची में भी क्रिकेट प्रेमियों में जोश देखा जा रहा है।

क्रिकेट कोच माणिक दा का कहना है कि दोनों टीमें मजबूत हैं, लेकिन भारतीय खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम को ₹बदला लेने में माहिर₹ माना जाता है और इस बार भी खिलाड़ी पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेंगे।

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को लेकर रांची के युवा खिलाड़ियों में जबरदस्त दीवानगी देखी जा रही है। विराट के फैन राजवीर का कहना है कि आज फिर से उनके बल्ले से रन बरसेंगे और भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# हिंसा मामले में पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन

## गिरफ्तारी के भय से भागे फिर रहे उपद्रवी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** इचाक के डुमरौन में महाशिवरात्रि पर हुए लाउडस्पीकर बांधने को लेकर हुए विवाद और फिर पथराव और आगजनी में इचाक थाना में दोनों पक्षों के 45 नामजद सहित 200 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

प्राथमिकी पुलिस गश्ती दल के दारोगा मंगल उरांव के फर्द बयान पर की गई है। प्राथमिकी में हरवे हथियार से लैस होकर षडयंत्र के तहत पुलिस बल के कार्य में बाधा पहुंचाने, धार्मिक उन्माद फैलाने, संपत्ति को जलाने एवं क्षति पहुंचाने तथा विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न कराने आदि का आरोप लगाया गया है।

प्राथमिकी में 24 हिंदू और 21 मुस्लिम को आरोपित बनाया गया है। पुलिस ने इस दौरान विशेष अभियान चलाकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 25 वर्षीय



शिवकुमार उर्फ बुला पिता स्व. बंगाली महतो , 23 वर्षीय बुला उर्फ अजीत पिता बद्री महतो तथा अशरफ मियां पिता स्वर्गीय इब्राहिम मियां है।

घटना के बाद पुलिस ने अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और अफवाह फैलाने वालों की सूचना देने की बात कहीं है। बताया कि पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुई है। एएसपी अमित कुमार के साथ एसडीओ सदर ने लोगों से शांति की अपील की है। जानकारी दी कि इंटरनेट मीडिया पर नजर रखी जा रही है। वहीं वाट्स एप ग्रुप पर भी पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है।

## होली पर्व को लेकर ट्रेनें हुई फुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** जनवरी-फरवरी में महाकुंभ के बाद अब मार्च के पहले पखवाड़े में होली तो दूसरे पखवाड़े में चैत्र नवरात्र के कारण ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल हो गया है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्र की शुरूआत हो रही है। इस वजह से 27-28 मार्च में से ही वैष्णोदेवी, विंध्याचल और मैहर जाने वाली ट्रेनें फुल हैं।

अप्रैल के पहले सप्ताह में रामनवमी को लेकर अयोध्या जाने वाली ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग लिस्ट है। जम्मूतवी एक्सप्रेस और हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस के स्लीपर श्रेणी में अलग-अलग दिनों में नो रूम की भी स्थिति है।

दीक्षाभूमि को मैहर व पुरुषोत्तम को धनबाद से कोल्हापुर जाने वाली दीक्षाभूमि एक्सप्रेस को मैहर तथा पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को विंध्याचल में अतिरिक्त ठहराव मिलने की उम्मीद है। प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र के दौरान इन ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव दिया जाता है। कुछ अन्य ट्रेनों के भी विंध्याचल में अस्थायी ठहराव मिलने की संभावना है।

# विपक्ष ने मंइयां सम्मान योजना पर उठाये सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बजट पेश होने से पहले भाजपा विधायक सीपी सिंह ने मैया सम्मान योजना को लेकर सवाल उठाए। इस पर उनके और मंत्री चमरा लिंडा के बीच बहस हुई। भाजपा विधायक ने कहा कि मैया सम्मान योजना के तहत धनराशि देने में देरी हो रही है। क्या लाभार्थियों को ईद तक भुगतान किया जाएगा? इस पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि योजना के लाभार्थियों को दो महीने जनवरी और फरवरी की धनराशि होली से पहले 15 मार्च तक दे दी जाएगी।

इसके बाद भाजपा विधायक ने सवाल उठाया कि क्या राज्य की विधवा और दिव्यांग महिलाओं को भी मैया सम्मान योजना का लाभ दिया जाएगा? राज्य में 18 और 50 साल की महिलाओं को मैया सम्मान योजना का लाभ मिलता है। लेकिन विधवाओं और शारीरिक रूप से अक्षम महिलाओं को एक हजार रुपये मिलते हैं। मैं सरकार से असमानता के बारे में जानना चाहूंगा।

इस पर मंत्री लिंडा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार विधवाओं के लिए एक बड़ी योजना-विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना (विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना) लेकर आई है। इसके तहत सरकार दो लाख रुपये का एकमुश्त प्रोत्साहन देती है। अगर केंद्र विधवाओं और दिव्यांगों के लिए पेंशन योजना के तहत राशि बढ़ाती है, तो राज्य सरकार भी राशि बढ़ाने पर विचार करेगी।

झारखंड विधानसभा में 20 दिवसीय बजट सत्र के दौरान बृहस्पतिवार को 5508 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया गया। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। इस दौरान मैया सम्मान योजना को लेकर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल उठाए। इस पर मंत्री चमरा लिंडा ने जवाब दिए।

अनुपूरक बजट में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ऊर्जा विभाग के लिए 971.80 करोड़, ग्रामीण कार्य विभाग को 873.29 करोड़ रुपये और गृह, जेल, आपदा प्रबंधन विभाग को 502.61 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा पेंशन विभाग को 500 करोड़ और स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग को 393.93 करोड़ रुपये का बजट देने का प्रस्ताव रखा गया है।

झारखंड सरकार मैया सम्मान योजना के तहत 56 लाख से अधिक महिला लाभार्थियों को प्रति माह 2,500 रुपये प्रदान करती है। लाभार्थियों को अभी तक दो महीने जनवरी और फरवरी का लाभ नहीं मिला है।

## सरकारी योजना के नाम पर लोग हो रहे साइबर ठगी के शिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** साइबर ठगों से पूरा देश परेशान है, सरकार भी इनसे बचने के लिए लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। बावजूद इसके भोले -भाले लोगों के साथ साइबर ठगी हो जा रही है।

हाल के दिनों में साइबर ठगों का नया ट्रेंड चला, वह सरकारी योजना के नाम पर लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं।

धनबाद जिले में मंईयां सम्मान योजना, मुद्रा लोन, आवास योजना जैसे सरकारी सुविधाओं के नाम पर लोगों के साथ ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है।

साइबर ठग लिंक भेजकर भी आराम से आपके खाते से पैसे उड़ा रहे है। इन दिनों ऐसा मामला भी साइबर थाना में बहुत ज्यादा देखने को मिल रहा है। इसमें अपराधी को न ओटीपी की जरूरत पड़ती है और न ही कोई डिटेल की।

साइबर पुलिस की माने तो पिछले वर्ष सिर्फ लिंक छुकर ठगी का शिकार होने वाले की संख्या 80 से 85 थी। इनसे 15 लाख से अधिक की ठगी हुई थी।

इन दिनों परिचित का नाम बता कर भी साइबर ठगी की जा रही है, ऐसा ही एक मामला देखने को मिला है। कोयलानगर में रहने वाले विकास कुमार के साथ साइबर अपराधियों ने नए इस तरह से ठगी की है। उन्होंने बताया कि वह शेयर मार्केट में पैसा इंवेस्ट करते है और दूसरों को भी कराते है।

इसी दौरान दो फरवरी को उन्हें एक फोन आया, फोन करने वाले ने उनके एक परिचित अविनाश कुमार का नाम व पता बताया, कहा कि उनसे ही आपका नंबर मिला है और वह शेयर मार्केट में पैसा लगाना चाहते है। काफी देर बात करने के बाद साइबर अपराधी ने उन्हें विश्वास में ले लिया और कहा कि वह आनलाइन पैसा भेजें रहे हैं।

थोड़ी देर के बाद बताया कि उनके नंबर पर पैसा नहीं जा रहा है, इसलिए वह एक रुपए भेजे, विकास ने सामने वाले के नंबर पर एक रुपए भेजा जिसके बाद उनके खाते में रखे लगभग 32 हजार रुपए साइबर अपराधी ने गायब कर दिया।

## बाबर आजम को एक महीने में ट्रेविस हेड बना दूंगा, योगराज सिंह ने किया है ऐसा दावा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाबर आजम को एक महीने में ट्रेविस हेड बना दूंगा. ये बयान युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह का बताया जा रहा है, जो कि अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. अब अगर ऐसा है तो ये एक बड़ा दावा है. मगर योगराज सिंह के इस दावे की फिलहाल पुष्टि नहीं करता. सोशल मीडिया पर चल रहा योगराज सिंह का बयान हैंडल से पोस्ट किया गया है, जिसके मुताबिक वो बाबर आजम को एक महीने में ट्रेविस हेड बना देंगे.

योगराज सिंह ने कहा है कि बाबर आजम को सिर्फ एक महीने के लिए मेरे साथ छोड़ दो और फिर मैं उसे ट्रेविस हेड बना दूंगा. हालांकि, ये बयान कितना पुख्ता है, इस बारे में कुछ भी साफ नहीं है. हमने जब इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश की तो हमें फिलहाल कहीं और कुछ भी नहीं मिला.

चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के फीके प्रदर्शन के बाद योगराज सिंह ने स्पोर्ट्स नेक्स्ट को दिए इंटरव्यू में ये जरूर कहा था कि अगर वो पाकिस्तान के कोच बनते हैं तो उस टीम की दशा और दिशा दोनों बदल देंगे. योगराज ने कहा था कि कभी-कभी उन्हें लगता है कि पाकिस्तान की टीम को फोन करके कहें कि अगर उनके पास कोच नहीं है तो ये टीम एक साल के लिए उन्हें दे दें फिर वो उन्हें बब्बर शेर बना देंगे. योगराज सिंह ने माना था कि पाकिस्तान की टीम में वो सबकुछ है, जो एक बेहतर टीम बनने के लिए चाहिए. उनके पास बड़े स्टार्स है तो तेज रफ्तार वाले गेंदबाज भी हैं. अगर कुछ नहीं है तो वो है अच्छी व्यवस्था.

## जॉर्ज लिंडे दक्षिण अफ्रीका की टीम में रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शामिल हुए



**लाहौर, एजेंसी।** बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर दक्षिण अफ्रीकी टीम में शामिल किया गया है। वह दाएं हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे एडेन मार्करम की जगह लेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ फील्डिंग करते समय मार्करम को चोट लगी थी और उन्हें मैच के बाकी समय मैदान से बाहर बैठना पड़ा। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के लिए उनकी उपलब्धता मंगलवार शाम के प्रशिक्षण सत्र के दौरान फिटनेस टेस्ट के बाद तय की जाएगी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, लिंडे का शामिल होना दक्षिण अफ्रीका की आकस्मिक योजना का हिस्सा है, खासकर अगर वे दुबई में होने वाले फाइनल में पहुंचते हैं, जहां शुष्क परिस्थितियों के कारण अतिरिक्त स्पिनर की जरूरत पड़ सकती है।

लिंडे दक्षिण अफ्रीका के 2014 के सफल अभियान के बाद टीम में शामिल हुए हैं, जहां उन्होंने एमआई केपटाउन की पहली खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। 11 मैचों में उन्होंने 153.33 की स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए और 6.29 की शानदार इकॉनमी से 11 विकेट लिए। हाल ही में, उन्होंने वनडे चैलेंज डिवीजन वन में वेस्टर्न प्रोविंस के लिए खेला, जिसमें उन्होंने पांच मैचों में 106 रन बनाए और चार विकेट लिए।

# रिजवान का पत्ता साफ, पाकिस्तान टीम को मिला नया कप्तान

### 31 साल के सलमान आगा के हाथों में कमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के समापन के ठीक बाद पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज खेलनी है. पाक टीम का एलान करके सलमान आगा को नया टी20 कप्तान नियुक्त कर दिया है. न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 टीम से मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम की छुट्टी हो गई है, हालांकि चयनकर्ताओं ने दोनों फॉर्मेट में अब भी शाहीन शाह अफरीदी पर भरोसा दिखाया है.

अभी पाकिस्तान टीम के अंतरिम हेड कोच आकिब जावेद ने लाहौर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सलमान आगा को कप्तान बनाने की जानकारी दी. सबसे चौंकाने वाला फैसला यह है कि टी20 टीम से बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को बाहर कर दिया गया है. आकिब जावेद ने बताया कि टीम मैनेजमेंट युवाओं को मौका देना चाहता है. बताते चलें कि टी20 स्क्वाड से नसीम शाह और मोहम्मद हसनैन को भी ड्रॉप कर दिया गया है.

**कब खेली जाएगी पाकिस्तान-न्यूजीलैंड टी20 सीरीज**

अभी न्यूजीलैंड टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेल रही है, जहां 5 मार्च को उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल मैच खेलना है. पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टी20 सीरीज 16 मार्च से शुरू होगी और 26 मार्च तक दोनों टीमों के बीच पांच टी20 मैच खेले जाएंगे. बताते चलें कि टी20 सीरीज के बाद दोनों देशों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज भी खेली जाएगी. पाकिस्तान, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान होते हुए भी एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाया था और ग्रुप स्टेज में ही बाहर हो गया था.

**पाकिस्तान का टी20 स्क्वाड:**

सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, हसन नवाज, जहांदाद खान, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद अली, मोहम्मद हारिस, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मुकीम, उस्मान खान.

# शमा मोहम्मद ने विराट कोहली को भी बताया था विदेशी, शादी को लेकर भी उठाया था सवाल





**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के वजन पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा का वजन जरूरत से ज्यादा है और प्रभावी कप्तान नहीं है। इस बयान के बाद काफी हंगामा मचा था। शमा ने पहली बार किसी क्रिकेटर पर बयान नहीं दिया है। वह इससे पहले विराट कोहली को लेकर भी विवादित बयान दे चुकी हैं।

शमा मोहम्मद ने कोहली को लेकर दिया था बयान

सोशल मीडिया पर शमा मोहम्मद का सात साल पुराना ट्वीट वायरल हुआ है। इस पोस्ट में वह विराट कोहली पर निशाना साध रही थीं। विराट कोहली ने उस समय एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया को पसंद करने वालों को वहीं चले जान चाहिए। शमा ने इसी इंटरव्यू को लेकर कोहली पर निशाना साधा था और वह उसकी शादी तक को बीच में ले आई थीं।

### कोहली को किया था ट्रोल

उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, 'विराट कोहली ब्रिट्रिश द्वारा बनाया गया गेम खेलते हैं, वह विदेशी ब्रांड्स को एंडोर्स करके करोड़ों रुपए कमाते हैं, उन्होंने इटली में शादी की। हर्षल गिब्स को अपना पसंदीदा क्रिकेटर और एंजलीक कर्बर को पसंदीदा टेनिस खिलाड़ी मानते हैं और विदेशी बल्लेबाजों को पसंद करने वालों को भारत छोड़ने को कहते हैं।'

### रोहित शर्मा को लेकर दिया था विवादित बयान

शमा ने रोहित शर्मा को लेकर पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने कहा, 'शर्मा एक खिलाड़ी होने के लिहाज से मोटे हैं। उन्हें वजन कम करने की जरूरत है! और निश्चित रूप से वह भारत के अब तक का सबसे अप्रभावी कप्तान हैं।''कांग्रेस ने स्वीकार किया कि उन्होंने मर्यादा का उल्लंघन किया है और पार्टी ने उनसे पोस्ट डिलीट करने के लिये भी कहा।



### एशियाई चैंपियंस लीग

## रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में अल-नासेर ने एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला

**तेहरान, एजेंसी।** दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। 40 साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गये मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गए। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे लेकिन एस्तेघलल के गोलकीपर सईद होसैन होसैनी ने शानदार खेल से उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच 11 मार्च को रियाद में होगा, जिसे जीतने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। एक अन्य मैच में संयुक्त अरब अमीरात के अल वस्ल को कतर के अल-साद ने गोलरहित बराबरी पर रोका।

## सुशील कुमार को 19 महीने बाद मिली बेल, सागर धनकड़ मर्डर केस में हैं आरोपी



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेसलर और दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट सुशील कुमार को 19 महीने बाद जमानत मिली है। यह दूसरा मौका है जब सुशील को जूनियर रेसलर सागर धनकड़ के मर्डर केस में 2021 हिरासत में लिया था। वहीं, उन्हें इससे पहले जुलाई 2023 में घुटने की सर्जरी के लिए 7 दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी। सुशील पर दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम के ही जूनियर ग्रीको रोमन रेसलर सागर धनकड़ की हत्या का आरोप लगा था। उनपर पार्किंग में पहलवान सागर धनखड़ और उनके दो दोस्तों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा। सागर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद सुशील कुछ समय तक इधर-उधर भागते रहे लेकिन आखिरकार उन्हें अरेस्ट कर दिया गया था.

## गुजरात ने यूपी वॉरियर्ज को 90 रन से हराया-बेथ मूनी शतक से चूकीं, हरलीन ने 45 रन बनाए; काशवी-तनुजा को 3-3 विकेट



**लखनऊ, एजेंसी।** विमेंस प्रीमियर लीग सीजन-3 के 15वें मैच में गुजरात जायंट्स ने यूपी वॉरियर्ज को 81 रन से हरा दिया। यह सीजन में टीम की तीसरी ही जीत है। गुजरात से बेथ मूनी ने 96 और हरलीन देओल ने 45 रन बनाए। काशवी गौतम और तनुजा कंवर को 3-3 विकेट मिले। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में सोमवार को यूपी ने बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 5 विकेट खोकर 186 रन बनाए। जवाब में यूपी की टीम 105 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। शिनेले हेनरी ने 28 रन बनाए।

मूनी-हरलीन ने सेंचुरी पार्टनरशिप की टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने पहले ओवर में दयालन हेमलता का विकेट गंवा दिया। हेमलता 2 ही रन बना सकीं। बेथ मूनी ने फिर फिफ्टी लगाई और हरलीन देओल के साथ 101 रन की पार्टनरशिप कर ली। हरलीन 45 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान एश्ले गार्डनर 11 ही रन बना सकीं। डिएंड्रा डॉटिन 17, फीब लीचफिल्ड 8 और भारती फूलमाली 2 ही रन बना पाईं। मूनी एक एंड पर टिकी रहीं, उन्होंने 96 रन बनाए और टीम को 186 तक पहुंचा दिया। यूपी से सोफी एक्लेस्टन ने 2 विकेट लिए। शिनेले हेनरी और दीप्ति शर्मा को 1-1 विकेट मिला।

बेथ मूनी और हरलीन देओल ने 101 रन की पार्टनरशिप की। यूपी की बेहद खराब शुरुआत 187 रन के बड़े टारगेट का पीछा करने उतरी यूपी वॉरियर्ज की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में 2 विकेट गंवा दिए। किरण नवगिरे और जॉर्जिया वॉल खाता भी नहीं खोल सकीं। वृंदा दिनेश 1, कप्तान दीप्ति शर्मा 6 और श्वेता सहरावत 5 रन बनाकर आउट हुईं। टीम ने 36 रन पर 5 विकेट गंवा दिए।

ओपनर ग्रेस हैरिस 25, विकेटकीपर उमा छेत्री 17 और शिनेले हेनरी 28 रन बनाकर आउट हुईं। सोफी एक्लेस्टन ने एक एंड संभाला, लेकिन उन्हें दूसरे एंड पर साथ नहीं मिला। गौहर सुल्ताना खाता भी नहीं खोल सकीं। एक्लेस्टन 14 रन बनाकर आउट हुईं और टीम 17.1 ओवर में 105 रन बनाकर सिमट गई।

काशवी ने 3 विकेट लिए गुजरात के लिए तेज गेंदबाज काशवी गौतम और तनुजा कंवर ने 3-3 विकेट लिए। डिएंड्रा डॉटिन को 2 विकेट मिले। मेघना सिंह और कप्तान एश्ले गार्डनर ने 1-1 विकेट लिया।

# योगासन चैंपियनशिप: भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा।

भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है। एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा, हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इस आयोजन के माध्यम से योगासन की उपयोगिता खेल के संदर्भ में समझ सकेंगे। योगासन में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जीवन को बदलने की शक्ति भी है।

एशियाई योगासन के अध्यक्ष संजय मालपानी ने चैंपियनशिप के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा, योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है। हम इसमें आधुनिक एथलेटिक उत्कृष्टता के साथ परंपरा के मिश्रण को देख रहे हैं।

विश्व योगासन के महासचिव जयदीप आर्य ने कहा, इस चैंपियनशिप में पूरे एशिया के असाधारण खिलाड़ी एक मंच पर आयेंगे, जो इस प्राचीन अभ्यास की ताकत, लचीलापन और अनुशासन का प्रदर्शन करेंगे। योगासन भारत के अध्यक्ष उदित शेठ ने कहा कि भारत इस प्राचीन खेल के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त समाचार



### दिल्ली में चौंकाने वाली घटना, आनंद पर्वत इलाके में पानी की टंकी फटने से मां-बेटा घायल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक चौंका देने वाली घटना सामने आई है। एक घर के छत रखी हुई पानी की टंकी फटने से एक महिला और उसका बेटा घायल हो गए। सूचना मिलने पर डीडीए की एक तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। एक अधिकारी ने बताया कि मध्य दिल्ली के आनंद पर्वत कैंप क्षेत्र में एक अस्थायी इमारत की छत पर सोमवार सुबह पानी की टंकी फटने से एक महिला और उसके बेटे के सिर में चोटें आईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना सोमवार सुबह 5~22 बजे मिली, जब टिन शेड के ऊपर रखी पानी की टंकी फट जाने से दो लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दमकल की दो गाड़ियां को घटनास्थल पर भेजा गया।

पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की पहचान जाहिदा बेगम (55) और निजामल शेख (32) के रूप में हुई है। दोनों घटना के समय घर पर थे। मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) एम हर्षवर्धन ने कहा कि इस घटना में दो लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अधिकारी ने बताया कि 5000 लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी 30 फुट की ऊंचाई पर रखी गई थी। इसे स्टील की शीट से बनाया गया था।

डीसीपी ने बताया कि ट्रांजिट कैंप में दैनिक उपयोग के लिए पानी की आपूर्ति करने के लिए इस टंकी का इस्तेमाल किया जाता है। सोमवार की सुबह अचानक पानी के दबाव के कारण टंकी अंदर से फट गई थी। उन्होंने बताया कि डीडीए की एक तकनीकी टीम भी मौके पर है तथा विस्तृत निरीक्षण कर रही है।

कैंप की निवासी पूजा ने बताया कि मां-बेटा अपने घर में फंस गए थे और अधिकारियों को बार-बार फोन करने के बावजूद कोई भी उन्हें बचाने नहीं आया। उन्होंने कहा, ''हम माचिस की डिब्बी के आकार के घरों में रहते हैं, जहां ऐसी स्थिति में भागने के लिए भी जगह नहीं होती। वे अपने घरों में फंस गए थे और भाग नहीं सके।''

### पीसीएस अफसर निहारिका सिंह को बड़ी राहत, हाई कोर्ट ने खत्म किया गाजियाबाद शमशान हादसे का मुकदमा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद में हुए शमशान घाट हादसे में अभियुक्त बनाई गई पीसीएस अधिकारी व मुरादनगर नगर पालिका की तत्कालीन अधिशासी अधिकारी निहारिका सिंह चौहान को बड़ी राहत मिली है। लखनऊ हाई कोर्ट ने निहारिका सिंह के विरुद्ध चल रहे आपराधिक मुकदमे को समाप्त कर दिया है। न्यायालय ने उनके विरुद्ध एसआईटी द्वारा दाखिल आरोप पत्र और इस पर निचली अदालत द्वारा पारित संज्ञान आदेश को खारिज कर दिया है। 3 जनवरी 2021 को हुए इस हादसे में शमशान घाट के एक नवनिर्मित निर्माण की छत गिरने से 24 लोगों की मृत्यु हुई थी जबकि 20 लोग घायल भी हुए थे। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने निहारिका सिंह चौहान की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से दलील दी गई कि वह मात्र अधिशासी अधिकारी थी लिहाजा उसकी प्रशासकीय व वित्तीय जिम्मेदारी थी, वह किसी तकनीकी पद पर तैनात नहीं थी। कहा गया कि इस मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर एक्सईएन पीडब्ल्यूडी मनीष वर्मा, सहायक अभियंता वाईएस चौधरी व कनिष्ठ अभियंता डीके तवर की एक कमेटी बनाई गई थी, तकनीकी जानकारों की उक्त कमेटी ने ही नवनिर्मित निर्माण को संतोषजनक बताया था।

# पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर फिर मंडराने लगे संकट के बादल

## एक और कैग रिपोर्ट की पीएसी करेगी जांच




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा सत्र के चौथे दिन स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी अनियमितताओं पर पेश की गई कैग रिपोर्ट पर चर्चा संपन्न हुई। सीएजी की यह रिपोर्ट जांच के लिए विधानसभा की लोक लेखा समिति (पीएसी) को भी भेजी गई थी। इससे पहले आबकारी नीति और उसकी आपूर्ति के संबंध में प्रस्तुत कैग रिपोर्ट भी पीएसी को भेजी जा चुकी है।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। स्वास्थ्य से संबंधित कैग रिपोर्ट पर चर्चा के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज सिंह और मनजिंदर सिंह सिरसा सहित सत्तारूढ़ दल के प्रमुख सदस्यों की ओर से बोलने के बाद विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इसे जांच के लिए पीएसी को भेज दिया। उन्होंने तीन महीने के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि इसकी जांच इसलिए भी जरूरी है ताकि कोरोना महामारी के समय से लेकर अन्य गंभीर मामलों पर कार्रवाई हो सके और जिम्मेदार लोगों को सजा मिल सके। इससे पहले इस रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायकों ने कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन आदि की कमी से लोगों की मौत के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिम्मेदार ठहराया और उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की।

सीएजी रिपोर्ट को लेकर सत्तारूढ़ दल के रुख से स्पष्ट है कि वे किसी निष्कर्ष पर पहुंचना चाहते हैं। चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के सदस्यों को भी रिपोर्ट पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिला। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पिछली सरकार ने दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद कर दिया। कोरोना महामारी के दौरान जब लोग ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब केजरीवाल अपने लिए शीश महल बनवाने में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा दी गई धनराशि में से 787 करोड़ रुपये का उपयोग नहीं किया गया।

### सफाई, दवा और इलाज के नाम पर घोटाला किया गया: मुख्यमंत्री

चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कोरोना काल में दिल्ली की जनता को हुई परेशानियों के लिए आप सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि केजरीवाल सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार करने वाली है। मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर फर्जी मरीज बनाकर फर्जी जांच की गई और फर्जी दवाइयां दी गईं। सफाई, दवा और इलाज के नाम पर सिर्फ घोटाला किया गया है। करोड़ों रुपए का भुगतान किया गया, दस रुपए का एन95 मास्क 150 रुपए में खरीदा गया। मशीनों की खरीद में नियमों का पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इन घोटालों का असली सरगना केजरीवाल है। केजरीवाल ने ट्रीटमेंट, ठेकों और यमुना प्रदूषण रोकने में हर जगह चोरी की है। अब पिछली सरकार ने दिल्ली सरकार का इंटरनेट मीडिया अकाउंट भी चुरा लिया है।

### आतिशी, केजरीवाल का इतना पक्ष मत लो, मैं चिंतित हूं: रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आतिशी को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि वह मेरी बहन जैसी हैं, इसलिए मैं उन्हें केजरीवाल का इतना पक्ष न लेने की सलाह दे रही हूं, वह इसलिए चिंतित हैं क्योंकि जिस तरह से केजरीवाल ने एक महिला सांसद के साथ बदसलूकी की, वह महिलाओं के प्रति उनकी गलत मानसिकता को दर्शाता है।

### आप ने कैग रिपोर्ट पर अपनी बात रखकर भाजपा को घेरा

पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने सोमवार को कैग रिपोर्ट पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सत्तारूढ़ भाजपा को घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि कम से कम आपके बहाने से भाजपा को कैग रिपोर्ट पर भरोसा तो हुआ। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि पिछले चार दिनों में सदन के अंदर दो कैग रिपोर्ट पेश की गईं। पिछले चार दिनों में सत्तारूढ़ पार्टी के 55 लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले कह रहे हैं कि आम आदमी पार्टी के लोग चोर हैं, गुंडे हैं, लुटेरे हैं, पापी हैं, निकम्मे हैं, हत्यारे हैं, अहंकारी हैं, कायर हैं, हत्यारे हैं। कहा कि महरौली के विधायक ने मुझे शूर्पणखा कहा है। हम भाजपा की हर बात मान रहे हैं, लेकिन दिल्ली की जनता ने भाजपा को गाली देने के लिए नहीं, बल्कि काम करने के लिए चुना है। आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने आप विधायकों को असंवैधानिक तरीके से विधानसभा परिसर से बाहर रखा।

### दिल्ली पुलिस के एसएचओ पर ही एफआईआर, बिना इजाजत रानी बाग थाने के पेड़ कटवाना पड़ गया महंगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट को वन एवं वन्यजीव विभाग की तरफ से सोमवार को एक महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वन विभाग ने हाईकोर्ट को बताया कि पिछले दिनों दिल्ली के एक थाना परिसर से बगैर अनुमति लिए पेड़ों को काटा गया था। इस बाबत विभाग ने कार्रवाई करते हुए संबंधित थानाध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है।

जस्टिस धर्मेश शर्मा की बेंच के समक्ष उत्तरी वन विभाग की उप वन संरक्षक ने जानकारी देते हुए कहा कि रानी बाग थाना परिसर से चार पेड़ों को काटा गया था। इसके लिए पूर्व में अनुमति नहीं ली गई। उन्हें इस बाबत एक गैर सरकारी संगठन जन सेवा वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से शिकायत मिली थी। विभाग ने जांच के बाद संबंधित थानाध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। वहीं, इस मामले में बेंच ने जन सेवा वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अजय अग्रवाल की याचिका पर बाहरी दिल्ली पुलिस उपायुक्त, रानी बाग थाने के थानाध्यक्ष व उत्तरी वन विभाग को नोटिस जारी किया है।बेंच ने तीनों प्रतिवादियों को 28 मार्च तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। इसी तारीख पर इस मामले में अगली सुनवाई होगी। दायर की अवमानना याचिका इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व के आदेशों का हवाला देते हुए गैर सरकारी संगठन जन सेवा वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से वकील बांके बिहारी, आर्यन सिंह एवं सागर ने बेंच के समक्ष अवमानना याचिका दायर कर पेड़ों की कटाई के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

**सीसीटीवी फुटेज के संरक्षण की मांग:** याचिकाकर्ता ने इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ साक्ष्य एकत्रित करने के लिहाज से हाईकोर्ट से आग्रह किया कि 26 दिसंबर 2024 के रानीबाग थाने के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को संरक्षित करने के आदेश दिए जाएं। जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। जन सेवा वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से वन विभाग व दिल्ली पुलिस से आरटीआई के तहत जवाब मांगा गया था। पुलिस की तरफ से आरटीआई का जवाब देते हुए कहा गया कि थाने में खड़े पेड़ों की छंटाई की गई थी।

## अयोध्या के राम मंदिर पर हमले का मंसूबा और नाम धर लिया था शंकर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात और हरियाणा एटीएस ने फरीदाबाद के पाली गांव से एक संदिग्ध आतंकवादी अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से दो हैंड ग्रेनेड भी बरामद किए गए हैं। अयोध्या के राम मंदिर पर हमले का मंसूबा पाल रहा 19 साल का अब्दुल रहमान ने अपना नाम शंकर धर लिया था। फरीदाबाद में वह इसी पहचान के साथ रह रहा था।

अब्दुल रहमान मूल रूप से अयोध्या का ही रहने वाला है। अयोध्या के बाद वह दिल्ली समेत कई राज्यों में घूम चुका था। हाईस्कूल तक पढ़ाई के बाद वह जमात के संपर्क में आया। दिल्ली के निजामुद्दीन मरकज में रह चुका है। एक मार्च को दोस्त से मिलने के लिए दिल्ली जाने की बात कहकर वह अयोध्या निकला था और उसको मंगलवार को वापस घर जाना था। इससे पहले ही उसे दबोच लिया गया। अयोध्या के इनायतनगर थाने के मजनाई बाजार निवासी 19 वर्षीय युवक अब्दुल रहमान की हरियाणा में गिरफ्तारी की खबर के बाद अयोध्या में सुरक्षा व खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। एजेंसियां उसका इतिहास और वर्तमान खंगालने में जुटी है।

गुजरात एटीएस और फरीदाबाद एसटीएफ की ओर से पाली गांव से पकड़े गए अब्दुल रहमान के पिता अबू बकर अपने घर पर ही बेटे के नाम से चिकन की दुकान चलाते हैं और परिवार में मां के अलावा तीन छोटी बहनें हैं। क्षेत्र के ही मनीराम इंटर कालेज से हाईस्कूल की परीक्षा पास करने के बाद वह काम-धंधे में लग गया था और ई रिक्शा खरीद उसको कीन्हुपुर और गांव के बीच चलाता था। क्षेत्रीय लोगों और परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक इसी दौरान वह जमात के संपर्क में आया और मौलाना हजरत उस्मान ने उसको दिल्ली के निजामुद्दीन मरकज तक पहुचाया। लगभग छह महीने पहले अब्दुल जमात में शामिल होने दिल्ली गया और वहां लगभग चार महीने रहा।

## संसद की सुरक्षा में चूक मामला: आरोपी नीलम आजाद की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने संसद सुरक्षा चूक की आरोपी नीलम आजाद की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है. जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को करने का आदेश दिया. आरोपी नीलम आजाद ने ट्रायल कोर्ट की ओर से जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती दी है.

दरअसल, पटियाला हाउस कोर्ट ने 13 सितंबर, 2024 को नीलम आजाद की जमानत याचिका खारिज कर दी थी. वहीं 24 दिसंबर, 2024 पटियाला हाउस कोर्ट ने इस मामले के एक और आरोपी मनोरंजन डी की जमानत याचिका खारिज कर की थी. इसके अलावा 22 नवंबर, 2024 को सह-आरोपी महेश कुमावत की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी.

### यह था मामला

बता दें कि 13 दिसंबर, 2023 को संसद की विजिटर गैलरी से दो आरोपी चैंबर में कूदे थे. कुछ ही देर में एक आरोपी ने डेस्क के ऊपर चलते हुए अपने जूतों से कुछ निकाला और अचानक पीले रंग का धुआं निकलने लगा. घटना के बाद सदन में अफरातफरी मच गई थी. हंगामे और धुएं के बीच कुछ सांसदों ने इन युवकों को पकड़ लिया और इनकी पिटाई भी की थी. कुछ देर के बाद संसद के सुरक्षाकर्मियों ने दोनों युवकों को कब्जे में ले लिया था. संसद के बाहर भी दो लोग पकड़े गए थे जो नारेबाजी कर रहे थे और पीले रंग का धुआं छोड़ रहे थे.

## 58 घंटे से ज्यादा देर तक किस, गिनीज बुक में नाम; अब ये कपल उठाने वाला है हैरान करने वाला कदम

**वाशिंगटन , एजेंसी।** दुनिया में सबसे लंबे चुंबन का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाले कपल ने एक नई घोषणा की है, जिसके बाद लोग काफी ज्यादा हैरान हो गए हैं। थाई कपल एक्काचाई और लक्साना तिरानारत ने ब्रेक अप करने का फैसला किया है।

### 58 घंटे से ज्यादा देर तक किया था चुंबन

2013 में इस कपल ने 58 घंटे, 35 मिनट और 58 सेकेंड तक चुंबन करके दुनिया को हैरान कर दिया था। इसके साथ ही ये वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बन गया था। हालांकि, अब दोनों अलग होने वाले हैं, लेकिन एक्काचाई ने अपनी साझा उपलब्धि पर गर्व जाहिर किया है। उन्होंने इसे जीवन में एक बार होने वाले अनुभव के रूप में याद किया है। इस थाई कपल ने 2011 में 46 घंटे 24 मिनट तक चुंबन करने का रिकॉर्ड बनाया था। फिर अपने ही रिकॉर्ड को कपल ने 2013 में तोड़ कर नया रिकॉर्ड बना दिया था। इस कपल का रिकॉर्ड अभी तक अजेय बना हुआ है। दरअसल, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने सुरक्षा चिंताओं के कारण सबसे लंबे चुंबन की श्रेणी को खत्म कर दिया है। जब इस कपल ने रिकॉर्ड बनाया था तो उस वक्त कई कपल्स ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। लेकिन अंत में एक्काचाई और लक्साना ने जीत हासिल की थी।

### क्यों हुए आलग?

इस कपल ने एक संदेश में साझा किया कि वो एक साथ अपनी यात्रा को संजोते रहे हैं, लेकिन समय के साथ वो धीरे-धीरे अलग हो गए। इस कपल ने कहा है कि उनका अलग होना अच्छा है और दोनों की सहमति से ये फैसला लिया गया है। वो लोग अपने बच्चों का सह पालन करना जारी रखेंगे।

## जापान के जंगलों में लगी भीषण आग ने मचाई तबाही, 1 की मौत व सैकड़ों लोग हुए बेघर



**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के जंगलों में लगी भीषण आग ने पूर्वोत्तर के एक तटीय शहर में दर्जनों मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है और सैकड़ों लोगों को अपने घर छोड़कर जाने पर मजबूर कर दिया है। अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, ओफुनाटो में पिछले बुधवार को लगी आग से अब तक लगभग 2,100 हेक्टेयर (5,190 एकड़) जंगल जल चुका है और एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है।

एजेंसी ने बताया कि कम से कम 84 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 1,200 से ज़्यादा लोगों को निकाला गया है। कुछ इलाकों में आग की स्थिति कम हुई है। इससे निपटने के लिए देश भर से 2,000 से ज़्यादा सैनिक और दमकलकर्मी तैनात किए गए हैं।

## नहीं रहे गोल्डन आर्म जेम्स हैरिसन, 1,173 बार रक्तदान कर बचा गए 24 लाख नवजातों की जान

**लास एंजिलिस, एजेंसी।** इंसान की एक बांह से लाखों बच्चों की जिंदगी बचाई जा सकती है! यही काम जेम्स हैरिसन ने किया था, जिनके रक्त में मौजूद दुर्लभ एंटीबॉडी ने लाखों नवजातों की जान बचाई। हैरिसन का हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने छह दशकों तक रक्तदान किया और 1,173 बार रक्तदान करके 24 लाख से अधिक नवजातों की जान बचाई। उनके खून में एंटी-डी नामक दुर्लभ एंटीबॉडी होती थी, जो नवजातों को ÷हैमोलेटिक डिजीज ऑफ द फेटस एंड न्यूबॉर्न÷ (एचडीएफएन) से बचाती थी।

### कैसे हुई थी शुरुआत

जेम्स हैरिसन की रक्तदान की यात्रा 14 साल की उम्र में एक सर्जरी के दौरान शुरू हुई थी, जब उन्हें रक्त चढ़ाया गया था। इसके बाद 18 साल की उम्र में उन्होंने पहली बार रक्तदान किया और इसके बाद 81 साल की उम्र तक हर दो हफ्ते में रक्तदान करते रहे। उनका यह योगदान न सिर्फ अद्वितीय था, बल्कि उनके रक्त में मौजूद एंटी-डी एंटीबॉडी ने



लाखों नवजातों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। 1960 के दशक से पहले एंटी-डी उपचार नहीं था, तो एचडीएफएन से ग्रस्त अधिकतर नवजात नहीं बच पाते थे। लेकिन अब वैज्ञानिक जेम्स हैरिसन के रक्त से लैब में एंटी-डी एंटीबॉडी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह है कि एंटी-डी एंटीबॉडी का इस्तेमाल करके पूरी दुनिया की गर्भवती महिलाओं के लिए स्थायी और सुलभ इलाज तैयार किया जा सके। हेमोलाइटिक डिजीज ऑफ द फेटस एंड न्यूबॉर्न (एचडीएफएन) एक ऐसी स्थिति होती है, जब गर्भावस्था के दौरान मां की लाल रक्त कोशिकाएं शिशु की रक्त कोशिकाओं से मेल नहीं खातीं। इस स्थिति में मां की रोग प्रतिरोधक प्रणाली शिशु की रक्त कोशिकाओं को खतरे के रूप में पहचानकर उनके खिलाफ एंटीबॉडी बनाना शुरू कर देती है। इससे नवजात को गंभीर एनीमिया, हृदय विफलता या मौत का खतरा हो सकता है। एंटी-डी इंजेक्शन गर्भवती महिलाओं को यह जानलेवा रक्त विकार होने से बचाता है और शिशु को सुरक्षित रखता है।

## साल 2025 को लेकर टाइम ट्रैवलर की बड़ी भविष्यवाणी, आएंगी भयंकर आपदाएं; दुनिया में मची सनसनी

**लंदन , एजेंसी।** दुनिया में कई तरह की भविष्यवाणियां की गई हैं और काफी सालों से ये सिलसिला चलता आ रहा है। बाबा वेंगा और नास्त्रेदमस जैसे कुछ मशहूर भविष्यवाणी करने वाली हस्तियों के बाद अब एक टाइम ट्रैवलर ने साल 2025 को लेकर एक बड़ा दावा किया है, जिसके बाद सनसनी फैल गई है। टाइम ट्रैवलर ने कहा कि आने वाला समय काफी ज्यादा चुनौतिपूर्ण है और दुनिया इसके लिए तैयार नहीं है। उसने कहा है कि वो आगे का समय देखकर आया है और 2025 में कुछ आपदाएं आने वाली है। हालांकि, उसकी इस भविष्यवाणी पर लोगों की मिक्स प्रतिक्रिया सामने आ रही है। खुद को टाइम ट्रैवलर बताने वाले शख्स के दावे के बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोग हैरान हैं, तो वहीं कुछ लोग इसका जमकर मजाक भी बना रहे हैं।






**क्या है इसकी भविष्यवाणी?:** इस कथित टाइम ट्रैवलर ने कहा है कि 2025 में दुनिया में भारी उथल-पुथल होने वाली है। हालांकि, उसने ये स्पष्ट नहीं किया है कि आखिर क्या होने वाला है और क्या-क्या बदलाव हो सकते हैं। लेकिन उसका इशारा प्राकृतिक आपदाओं, तकनीकी परिवर्तनों और सामाजिक अस्थिरता की ओर था।

# गैस यूटिलिटी विभाग में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस-2025 का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के गैस यूटिलिटी विभाग में 04 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यस्थल सुरक्षा और दुर्घटना निवारण पर विशेष जोर देते हुए सुरक्षा मार्च का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व महाप्रबंधक (गैस यूटिलिटी) विनीत कुमार शर्मा ने किया. इस वर्ष की राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम 'सुरक्षा और कल्याण: विकसित भारत के लिए अनिवार्य' के अनुरूप, इस आयोजन का उद्देश्य सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना, दुर्घटनाओं की रोकथाम को प्रोत्साहित करना और उच्च जोखिम वाले परिचालन क्षेत्रों में समग्र कल्याण को सुदृढ़ करना था. सुरक्षा मार्च के दौरान कर्मियों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सुरक्षा जागरूकता संबंधी संदेश प्रसारित किए। कर्मचारियों ने सुरक्षा नारों के माध्यम से कार्यस्थल पर संभावित खतरों, आपातकालीन प्रतिक्रिया उपायों और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाई. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक (गैस यूटिलिटी) विनीत कुमार शर्मा ने औद्योगिक संचालन में सक्रिय सुरक्षा उपायों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रेरित किया। सहायक महाप्रबंधक (ऑपरेशन्स, जीयू) कृष्ण चंद्र पात्र ने विभाग में सुरक्षा प्रोटोकॉल के निरंतर उन्नयन और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने पर बल दिया। सहायक प्रबंधक (सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग) विराट चौधरी ने कार्यस्थल पर जोखिम की पहचान और न्यूनीकरण के महत्व को रेखांकित किया. इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक (जीयू) एस. डब्ल्यू. किस्पोट्टा, प्रबंधक (जीयू) अमन कुमार मिश्रा, सहायक प्रबंधक (जीयू) मनीष स्नेही सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सुरक्षा प्रतिज्ञा के साथ किया गया.











**मानव संसाधन के ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ के द्वारा सीओ एंड सीसी विभाग में ईएसआईसी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन**

बीएसएल के मानव संसाधन विभाग, ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ द्वारा सीओ एंड सीसी विभाग में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 74वें स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष सेवा पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर श्री अनिल कुमार, शाखा प्रबंधक ईएसआईसी बोकारो, डॉ. रणधीर कुमार, बीमा चिकित्सा अधिकारी, ईएसआईसी और श्री देव कुमार शर्मा उपस्थित थे, जिन्होंने ईएसआईसी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और ईएसआईसी से संबंधित समस्या के समाधान के लिए ठेका श्रमिकों के साथ विस्तृत संवाद किया. कार्यक्रम में सीओ एंड सीसी, सिंटर प्लांट, आरएमएचपी और आरएमपी विभाग के लगभग 75 ठेका श्रमिकों ने भाग लिया. कार्यक्रम में संबंधित विभागों के विभागीय सुरक्षा अधिकारी और मानव संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे. कार्यक्रम को मुख्य महाप्रबंधक (आरएमएचपी) धनन्जय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एस पी) पीताम्बर चौधरी, महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष (सीओ एवं सीसी) श्री पी एस कुमार तथा महाप्रबंधक (आरएमपी) मुकेश कुमार सिंह के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया. ठेका प्रकोष्ठ की महाप्रबंधक श्रीमती प्रांजलि के मार्गदर्शन में सुश्री प्रिया टोप्पो, उप प्रबंधक (सीएलसी) और श्री राजेश पूर्ति, कनीय प्रबंधक (सीएलसी) ने कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई.

**मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में हाइड्रॉलिक ट्रेनिंग किट की कमीशनिंग एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**

मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में हाइड्रॉलिक ट्रेनिंग किट की कमीशनिंग एवं पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया. कार्यक्रम में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों के 16 अधिशासी प्रशिक्षणार्थी के रूप में सम्मिलित हो रहे हैं. हाइड्रॉलिक ट्रैनिंग किट की कमीशनिंग एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम मेसर्स रेक्सरॉथ के विशेषज्ञ और अनुभवी फैकल्टी श्री अनुभव जैन तथा सुश्री पूर्वी के सहयोग से किया जा रहा है. कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स एवं अतिरिक्त प्रभार अनुरक्षण) श्री जे वी शेखर तथा महा प्रबन्धक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्रीमती डी आर टोप्पो उपस्थित थे. सर्वप्रथम जय नारायण यादव, प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी. मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स एवं अतिरिक्त प्रभार अनुरक्षण) श्री जे वी शेखर ने सभी प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन जय नारायण यादव प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने किया. कार्यक्रम के आयोजन मे ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरीय ओपरेटिव श्री नवनीत कुमार सिंह तथा ओ सी टी टी श्री भीम प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा.

**बसंत मेला 2025 में बीएसएल कर्मी एवं उनके आश्रितों को भी अपनी कला प्रदर्शित करने का मौका**

सेल-बीएसएल के संपर्क एवं प्रशासन विभाग द्वारा बीएसएल कर्मचारियों व उनके आश्रितों (कर्मचारी के माता-पिता, पति अथवा पत्नी एवं बच्चे) को उनकी कला प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया जा रहा है, वैसे बीएसएल कर्मी एवं उनके आश्रित जो पेंटिंग, क्राफ्ट, बोनसाई या किसी अन्य कला में निपुण हैं, वो बसंत मेला में अपनी रचनाओं को प्रदर्शित कर सकते हैं, बशर्ते यह स्वयं उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियां हों (बाजार से खरीदी नहीं). ऐसे केवल 20 कृतियों के लिए मेला में मंच प्रदान की जाएगी जो पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा. इच्छुक बीएसएल कर्मी या उनके आश्रित रजिस्ट्रेशन हेतु अपनी कृति की तस्वीर, उसका विवरण और अपना अपनी व्यक्तिगत जानकारी 6 मार्च तक crksudhanshu@sail.in ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं. अगर प्रविष्टियां 20 से अधिक होती हैं, तो संपर्क एवं प्रशासन विभाग अंतिम चयन करेगा. अधिक जानकारी के लिए मोबाइल संख्या 8986875357 पर संपर्क करें.

# सेल कर्मियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें प्रबंधन : बीएकेएस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने अधिशासी निदेशक एचआर को पत्र लिखकर बोकारो इस्पात के गैर कार्यपालक कर्मियों को मोबाईल, सीम, वाई फाई सुविधा तथा इंटरनेट पैक उपलब्ध कराने की मांग की है।

एक तरफ भारत सरकार सेल /बीएसएल को महारत्न कंपनी की उपाधि से विभूषित करती है तो दूसरी तरफ पिछले कुछ वर्षो से एक निजी संस्था द्वारा ग्रेट प्लेस टू वर्क की उपाधि से भी विभूषित किया जा रहा है । फिर भी संयंत्र प्रबंधन द्वारा, बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत गैर कार्यपालक कर्मचारियों के प्रति भेदभाव भरे रवैये के कारण, बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत गैर कार्यपालक कर्मचारियों के दिल में न तो महारत्न कंपनी तथा न ही ग्रेट प्लेस टू वर्क कंपनी में कार्य करने का गर्व महसूस हो रहा है । जिसको मोबाइल सेट, मोबाइल सीम तथा मोबाइल कॉलिंग /इंटरनेट पैक के सुविधा से जाना जा सकता है। एक तरफ बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत अधिकारी वर्गो को बगैर जरुरत जाने ही, सभी को उनके ग्रेड तथा पदानुसार मोबाईल सेट, मोबाइल सीम तथा कोलिंग पैक/इंटरनेट पैक, घर में फ्री वाई फाई आदि की सुविधा दी जा रही है तो दूसरी तरफ संयंत्र के रिकॉर्ड उत्पादन तथा मुनाफे में लगे सभी अनधिशासी कर्मचारियों (एस 1 से एस 11 ग्रेड ) से उनके निजी मोबाईल का उपयोग कंपनी के उत्पादन, सर्विस सुविधा देने तथा लेने में किया जा रहा है । वही दूसरी तरफ बोकारो इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा दैनिक उपस्थिति, छुट्टी नकदीकरण, छुट्टी अप्लाई, चिकित्सिय परामर्श, नगर सेवा से जुड़े शिकायत, सुझाव आदि सुविधाओं को भी डिजिटलाईज्ड /ऑनलाइन किया जाना स्वागत योग्य प्रयास है,इसलिए सभी कर्मियों यह सुविधा दी जाए ताकि ऑनलाइन सेवाओं का लाभ कर्मचारी उठा सके। उपरोक्त सभी सुविधाओं के लिए स्मार्ट मोबाइल, मोबाइल सीम तथा कॉलिंग/इंटरनेट पैक की जरुरत सभी कार्मिकों के लिए जरुरी है। उपरोक्त सभी सुविधाओं को लागु करने में बोकारो इस्पात प्रबंधन द्वारा अधिकारी तथा अनधिशासी कर्मचारी वर्ग में भारी भेदभाव किया जा रहा है । बीएकेएस के अध्यक्ष हरिओम ने आरोप लगाया है कि सेल एक ऐसी कंपनी है जहाँ अधिकारी और कर्मचारी वर्ग के बीच भारी भेदभाव किया जाता है।

## 6 वर्षीय नन्ही बच्ची ने रोजा रखा, मांगी दुआएं

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजान शुरू हो चुका है। इस तपती गर्मी के बावजूद बड़ों के साथ साथ मासूम बच्चे भी रोजा रख कर भूख और प्यास को मात दे रहें हैं और अल्लाह को राजी करने की कोशिश कर रहें हैं। इस दौरान वासेपुर स्थित मदीना नगर के रहने वाले नौशाद अंसारी एवं शाहिना परवीन की 6 वर्षीय बेटी हाजरा परवीन ने रमजान का रोजा रखा, नमाज पढ़ी और सारा दिन पवित्र कुरान की तिलावत और इबादत में गुजारी। नन्ही रोजेदार हाजरा ने बताया कि अल्लाह की रजा के लिए उसने रोजा रखा और सभी की बेहतरी, सलामती और भलाई के लिए दुआएं भी मांगी। उसने बताया की अपने घर के बड़ों को रोजा रखता देख उसके अंदर भी रोजा रखने का जज्बा पैदा हुआ।



# गर्मी के मौसम में पेयजल संकट न हो : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष से उपायुक्त विजया जाधव ने वीडियो संवाद के माध्यम से गर्मी के मौसम में आमजनों को पेयजल संकट नहीं हो। इसके लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अपर नगर आयुक्त चास, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि के साथ बैठक किया। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चास/तेनुघाट के कार्यपालक अभियंता श्री राम प्रवेश राम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी श्री अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने सभी बीडीओ को स्थानीय स्तर पर सभी जल सहियाओं के साथ बैठक कर के क्षेत्र अंतर्गत खराब पड़े चापाकलों/सोलर जल मिनार/लघु जल मिनार आदि की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने 03 दिनों के अंदर इस सूची को तैयार करने को कहा। साथ ही, पेयजल विभाग से लगाएं गए चापाकलों, जल जीवन मिशन के माध्यम से अधिष्ठापित जल मीनार, सिंगल विलेज जलापूर्ति योजना की मरम्मत कार्य को पेयजल विभाग द्वारा कराएं। उन्होंने विभाग के कनीय अभियंता के साथ नियमित बैठक करने को कहा। वहीं, शेष योजनाओं द्वारा अधिष्ठापित चापाकल/जलापूर्ति योजना की मरम्मती पंचायती राज विभाग द्वारा 15 वें. वित्त आयोग के द्वारा आवंटित राशि के 30 फीसदी पानी मद से खर्च कर सुनिश्चित करने को कहा।



उपायुक्त ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम को विभिन्न पंचायतों के मुखिया से इस दिशा में अविलंब कार्य शुरू करने को समन्वय करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को भी अपने स्तर से सभी मुखियाओं के साथ बैठक कर कार्ययोजना की रूप रेखा तैयार कर जल्दी मरम्मत कार्य को शुरू करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड अंतर्गत संचालित विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बस स्टैंड के शौचालय, विभिन्न हाट-बजार के शौचालय आदि की मरम्मती भी जिला पंचायती राज विभाग मुखिया के माध्यम से 15 वें. वित्त आयोग के 30 फीसदी स्वच्छता मद से मरम्मती कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि आमजनों/स्कूली बच्चों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। इस दौरान अबुआ आवास योजना के तहत भवन निर्माण के साथ ही शौचालय निर्माण कराने के कार्य को भी गति देने का उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया। कहा कि लाभुक को प्रेरित करें कि वह घर बनाने के साथ ही शौचालय का निर्माण कार्य पूरा करें। शौचालय निर्माण होने के बाद उन्हें शौचालय का 12 हजार रूपए उपलब्ध कराया जाएगा। वीडियो संवाद में उपायुक्त ने आगामी 08,09 मार्च को सभी प्रखंडों में हेमोग्लोबीन जांच शिविर, विशेष राजस्व शिविर, रिक्त पड़ें आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका-सहायिका चयन को लेकर ग्राम सभा आयोजित करने, विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने, एमडीएम की जांच करने आदि का दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने होली पर्व को देखते हुए सभी बीडीओ को अपने क्षेत्र में अलर्ट रहने, संबंधित थाना प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को, प्रचार रथ रवाना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो अनिल कुमार मिश्रा के दिशा निर्देश पर आज न्याय सदन, बोकारो में आगामी 08 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं बीमा कंपनियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत के परिप्रेक्ष्य में अब तक की तैयारी की समीक्षा की गई एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक-से-अधिक वादों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया। साथ ही आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा दो वाहनों को बोकारो एवं तेनुघाट के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त जानकारी सचिव जिला विधिक प्राधिकार, बोकारो अनुज कुमार के द्वारा प्रदान की गई।



### करणी सेना का स्थापना दिवस मनाया

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** करणी सेना का स्थापना दिवस दूंदीबाग स्थित कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जनसेवा एवं राष्ट्र सेवा मुख्य उद्देश्य है तथा अपने महान सनातन धर्म एवं संस्कृति के लिए एवं भारत राष्ट्र के मान सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा हेतु करणी सेना अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने का जज्बा रखती है। करणी सेना और करणी सैनिक अपने स्वाभिमान से कभी भी समझौता नहीं करते हैं और सर्वसमाज का सम्मान करते हैं। करणी सेना के जबरदस्त आंदोलन एवं उनके लड़ाकू जुझारू स्वरूप के कारण गरीब सवर्णों को सरकार ने 10% आरक्षण दिया।सबका सम्मान एवं सबका विकास हो यही करणी सेना का ध्येय है। हमारे महान सनातन धर्म एवं संस्कृति तथा राष्ट्र के विरुद्ध बोलने वाले लोगों को करणी सेना करारा जबाब दिया करेगी।आज स्थापना दिवस पर देश सेवा का संकल्प सभी लोगों ने लिया। कार्य क्रम का संचालन युवा प्रदेश अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन महासचिव गोपाल सिंह ने किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव गोपाल सिंह, अखिलेश सिंह, संतोष राज सिंह, मधुकर सिंह, संतोष सिंह,देव सिंह, शम्भू सिंह, अरविंद सिंह, मनीष सिंह, रमेश सिंह सहित दर्जनों उपस्थित थे।



### हिंदी साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट का 7 मार्च को रंग बरसे

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को हिंदी साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित किया गया जिसमें ट्रस्ट के सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि हिंदी साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट आगामी 7 मार्च को शहर के इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स संगठन जोड़ा फाटक रोड में रंग बरसे 2025 होली के रंग हास्य कवियों के संग मनाने जा रही है।जिसमें देश के दो नामचीन हास्य कवि क्रमशः शंभू शिखर व चेतन चर्चित अपने हास्य रंग की कविताओं से शहर वासियों को सराबोर करेंगे।कार्यक्रम शाम 7:00 बजे से शुरू होकर रात्रि 9:00 बजे तक चलेगा।इस कार्यक्रम में साहित्य विकास परिषद के सभी सदस्य सादर आमंत्रित है। संस्था के अध्यक्ष संजय आनंद ने बताया कि विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी सशक्तिकरण का सम्मान करते हुए शहर की कुछ प्रमुख महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में परिषद के सदस्य व शहर के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। साथ ही राकेश शर्मा ने बताया कि आगामी 5 अप्रैल से साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट झारखंड के इतिहास में पहली बार साहित्य चौपाल का शुभारंभ करने जा रही है। प्रेस वार्ता में संस्था के अध्यक्ष संजय आनंद, सचिव राकेश शर्मा, परिषद के सीताराम सिंह, संजय तिवारी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।




# जनता दरबार में बिल्डर की शिकायत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी। इसमें धैया के एक मल्टीस्टोरी अपार्टमेंट के फ्लैट ओनर्स ने बिल्डर की शिकायत करते हुए एडीएम को बताया कि आज सुबह बिल्डिंग के बेसमेंट में बिजली मीटर क्षेत्र में आग लग गई थी। इस कारण वहां के 20 फ्लैट में रहने वाले लगभग 70 लोग आग और धुआं में फंस गए। इसके कारण एक महिला बेहोश हो गई। एक व्यक्ति चोटिल भी हुआ। फ्लैट ओनर्स ने बताया कि बिल्डिंग में फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं है। आसपास के लोगों ने रेत फेंक कर आग पर काबू पाया। मीटर क्षेत्र में आग लगने के कारण बिजली कट गई है। बिल्डिंग के निवासी बिना बिजली और पानी के रह रहे हैं। जबकि कोमन एरिया का बिजली कनेक्शन बिल्डर के नाम पर है। जब बिल्डर को घटना की जानकारी देकर बिजली कनेक्शन रिस्टोर करने का अनुरोध किया तो उसने हाथ खड़े कर दिए और फोन भी रिसीव करना बंद कर दिया। मामले पर संज्ञान लेकर एडीएम ने नगर निगम को इसकी जांच करने का निर्देश दिया। निरसा की एक महिला ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु दस वर्ष पहले हो गई है। तब से उनके चाचा परिवार को प्रताड़ित करते आ रहे हैं। उनके घर की तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाकर निजता का हनन कर रहे हैं। उनकी जमीन पर एक मोबाइल टावर भी है। जिसका एग्रीमेंट 30 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। महिला ने सीसीटीवी कैमरा एवं मोबाइल टावर हटवाने की गुहार लगाई। वहीं बाघमारा से आए व्यक्ति ने बताया कि उनकी खतियानी जमीन पर कोयला माफिया द्वारा कोयला का अवैध खनन किया जा रहा है। एक महिला ने बताया कि भेलाटांड़ बरवाअड्डा में जमीन दलाल ने उसके पिता से डेढ़ लाख रुपया लेकर सीएनटी की जमीन दिल दी। इसके अलावा जनता दरबार में अबुआ आवास, ऑनलाइन रसीद नहीं काटने, मानसिक रूप से विक्षिप्त पति को रांची भेज कर इलाज कराने, कृषि भूमि पर कॉल डिपो खोलकर जबरन बाउंड्री वॉल बनाने, ऑनलाइन पंजी 2 में अंचल कार्यालय द्वारा गलत एंट्री कर देने, 11 फीट चौड़ी आम सड़क पर दिवाल बनाकर पीडीएस दुकान का मार्ग अवरूद्ध कर देने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।



## डीवीसी चंद्रपुरा में 54 वां राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**चंद्रपुरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा आज 54 वाँ राष्ट्रीय संरक्षा दिवस/ सप्ताह का शुभ आरंभ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान श्री विजया नन्द शर्मा और वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष ने डीवीसी के अधिकारियों कर्मचारियों को शपथ दिलाया। 4 मार्च से 11 मार्च तक चलने वाले 54 वॉ राष्ट्रीय संरक्षा दिवस के अवसर पर यहां के तेजस भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में काफी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ लिया । इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान का संदेश का भी वितरण किया गया । परियोजना प्रधान के संदेश में कहा गया है कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संरक्षण निहित है एवं वास्तव में यह सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है । दामोदर घाटी निगम अपने कर्मचारियों , ग्राहकों एवं भारत के लोगों की संरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि रखने की बुनियादी मूल्य के साथ सतत गतिमान है । विश्वास है कि आप सभी प्रत्येक दिन अपने काम को शुरू करने से पहले संरक्षा को सर्वोपरि प्राथमिकता देंगे तथा एक संरक्षित और दुर्घटना मुक्त वातावरण सुनिश्चित करेंगे ।



## कथावाचक राजन जी महाराज के कार्यक्रम को लेकर आयोजकों को प्रशासन ने दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने आगामी 27 मार्च से सेक्टर 04 स्थित मजदूर मैदान में प्रस्तावित राजन जी महाराज द्वारा रामकथा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संबंधित आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, मुख्यालय डीएसपी अनिमेश गुप्ता, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। अपर समाहर्ता ने आयोजित समिति को बड़े आयोजन - भीड़ नियंत्रण को लेकर नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट आथोरिटी (एनडीएमए) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दिशा में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जारी दिशा-निर्देश के क्रम में जो चेकलिस्ट दिया गया है उसे चेक करते हुए अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। बैठक के क्रम में आयोजन समिति सदस्यों से तैयारियों, श्रद्धालुओं की भीड़, जर्मन हैंगर, प्रवेश निकासी, वोलेंटियर की संख्या, मेडिकल टीम, एबुलेंस आदि के संबंध में जानकारी ली। इस क्रम में पदाधिकारियों द्वारा जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया। आयोजन समिति को मोबाइल टायलेट यूनिट, ईमरजेंसी आफरेशन सेंटर, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी, वोलेंटियर ड्रेस कोर्ड आदि के संबंध में जरूरी निर्देश दिया। पदाधिकारियों ने तैयारी शुरू होने टीम द्वारा स्थल निरीक्षण करने की बात कहीं गई।




# वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की कृतिका राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए चयनित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की प्रतिभाशाली युवा तीरंदाज कृतिका कुमारी ने 14वीं एनटीपीसी चेरुकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल मिनी अंडर-15 राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम में स्थान प्राप्त करके एक बार फिर अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 23 से 29 मार्च, 2025 तक आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित किया जाएगा। सियालजोरी गांव की 14 वर्षीय कक्षा 9 की छात्रा कृतिका ने 23 फरवरी, 2025 को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से झारखंड टीम में अपना स्थान प्राप्त किया। ट्रायल के दौरान उनकी सटीकता, निरंतरता और अटूट फोकस ने उन्हें दूसरों से अलग कर दिया, जो उनके उभरते करियर में एक और मील का पत्थर साबित हुआ।

**कृतिका की राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां**

कृतिका ने पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। नवंबर 2024 में, उन्होंने 68वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स तीरंदाजी चैंपियनशिप में अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जहाँ उन्होंने रजत पदक जीता। उनकी उपलब्धियों की बढ़ती सूची उनके समर्पण और वेदांत ईएसएल तीरंदाजी अकादमी द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग का प्रमाण है। कृतिका मिनी अंडर-15 राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं, वह अपनी अकादमी, अपने गाँव और राज्य की उम्मीदों को लेकर चल रही हैं। उनकी यात्रा महत्वाकांक्षी युवा एथलीटों के लिए प्रेरणा का काम करती है, जो साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और समर्पण के साथ सपने हकीकत में बदल सकते हैं।



**वेदांता ईएसएल की तीरंदाजी अकादमी के प्रति प्रतिबद्धता**

इस अवसर पर बोलते हुए वेदांत ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा, हमें कृतिका की उपलब्धियों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है, और वह हमारी वेदांत ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की एक बेहतरीन तीरंदाज हैं। वेदांता ईएसएल में, हम युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चमकने के लिए सर्वोत्तम संसाधन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम कृतिका को चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं देते हैं और उनकी निरंतर सफलता की आशा करते हैं।

**वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के बारे में**

सियालजोरी ईएसएल स्टील लिमिटेड प्लांट परिसर के अंदर स्थित, अकादमी को झारखंड में तीरंदाजी की अंतर्निहित समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए ईएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर पहल के माध्यम से 2020 में लॉन्च किया गया था। यह परियोजना अब एक प्रमुख संस्थान मानी जाती है और ग्रामीण क्षेत्रों से 21 वर्ष की आयु तक के सभी आयु समूहों के 50 तीरंदाजों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, पोषण, संसाधन और प्रेरणा प्रदान करती है। अकादमी प्रसिद्ध पेशेवरों द्वारा संचालित की जाती है जो अंडर 9, अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 21 श्रेणियों में तीन साल तक प्रशिक्षण दिया जाता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com